ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 29 मई 2024
वर्ष 5, अंक 192, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

पृथ्वी से चार गुना विशाल है यह रहस्यमयी ग्रह 14

अमेजन पर आएगी अनन्या की वेब सीरीज कॉल मी बे 13

केजरीवाल की जमानत पर तत्काल सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया। दिल्ली सीएम ने मेडिकल ग्राउंड पर एक जून तक मिली अंतरिम जमानत को 7 दिन बढ़ाने की मांग की थी। जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस केवी विश्वनाथन की वेकेशन बेंच ने कहा कि अंतरिम जमानत बढ़ाने का फैसला सीजेआई करेंगे, क्योंकि मुख्य मामले में केजरीवाल के खिलाफ फैसला सुरक्षित है। केजरीवाल की तरफ से वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने दलीलें रखीं। केजरीवाल को ईडी ने शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। 50 दिन जेल में रहने के बाद उन्हें 10 मई को जमानत मिली थी। उनकी 21 दिन की जमानत 2 जून को खत्म हो रही है।

अदालत ने बिभव कुमार को तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट करने के आरोपी बिभव कुमार को 31 मई तक के लिए दिल्ली पुलिस की हिरासत में भेज दिया है। बिभव मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी हैं। अदालत के विस्तृत आदेश की प्रतीक्षा है। कुमार के वकील ने हिरासत में लेकर उनके मुवक्किल से पूछताछ करने की दिल्ली पुलिस की याचिका का विरोध करते हुए दावा किया कि उसके पास कोई सबूत नहीं है। सोमवार को, कुमार की जमानत याचिका एक सत्र अदालत ने यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि प्रतीत होता है कि प्राथमिकी दर्ज कराने का मालीवाल का कोई पूर्व-नियोजित इरादा नहीं था और उनके द्वारा लगाए गए आरोपों को खारिज नहीं किया जा सकता।

मिजोरम पर रेमल का कहर, बारिश व भूस्खलन से 25 की मौत

- आईजोल में खदान धंसने से 14 तो अन्य घटनाओं में 11 की मौत, कई लापता

आइजोल, एजेंसी

मिजोरम में चक्रवाती तूफान रेमल के प्रभाव के चलते मूसलाधार बारिश और भूस्खलन की घटनाओं में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई, जिनमें से 14 की मृत्यु पत्थर की खदान धंसने से हुई है।

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि भूस्खलन के बाद से कई अन्य लोग लापता हैं। राज्य की राजधानी का अधिकतर हिस्सा कई घंटों तक देश के बाकी हिस्सों से कटा रहा और शहर को प्राकृतिक आपदा का खामियाजा भुगतना पड़ा। मिजोरम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि आइजोल जिले में पत्थर की खदान धंसने से कई लोगों की मौत हो गई और आठ लापता हो गए। असम में मंगलवार को चक्रवात के बाद तेज हवा के साथ भारी बारिश हुई और इनसे जुड़ी अलग-अलग घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। नगालैंड में, चार लोगों की मौत हो गई और 40 से अधिक घरों को नुकसान पहुंचा, जबकि मेघालय में भारी बारिश के कारण दो लोगों की मौत हो गई और 500 से अधिक अन्य घायल हो गए।

आइजोल में राहत कार्य में जुटे बचावकर्मी। ● एजेंसी

मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने बुलाई आपात बैठक

मुख्यमंत्री लालदुहोमा ने स्थिति का जायजा लेने के लिए गृह मंत्री के सपडांगा, मुख्य सचिव रेनू शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक आपात बैठक बुलाई। मुख्यमंत्री ने खदान धंसने और बारिश के कारण हुई आपदाओं में मारे गए लोगों के परिवारों को 4-4 लाख अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। खदान धंसने से मारे गए 8 मिजो लोगों के परिवारों को दो-दो लाख रुपये के चेक सौंपे और कहा कि शेष राशि उन्हें जल्द ही दी जाएगी।

जब तक मलबा साफ नहीं होगा तलाश जारी रहेगी

आइजोल के उपायुक्त नाजुक कुमार ने बताया कि जब तक मलबा साफ नहीं हो जाता, तब तक तलाश अभियान जारी रहेगा। मिजोरम के पुलिस महानिदेशक अनिल शुक्ला ने बताया पत्थर की खदान पिछले तीन दशक से बंद थी और खदान के पास बने घर ढह गए। उन्होंने कहा कि बारिश की वजह से बचाव कार्य में बाधा आ रही है। शुक्ला ने कहा कि मिजोरम में विभिन्न स्थानों पर बारिश के कारण भूस्खलन की सूचना मिली है और कई अन्य लोग बह गए हैं।

ज्येष्ठ का सितम, पांच की मौत

कई शहरों में पारा पहुंचा 45 डिग्री के पार, दो दिन तपिश से राहत मिलने के आसार नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : ज्येष्ठ माह शुरू होते ही गर्मी ने प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया है। मंगलवार को प्रदेश के कई जिलों में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। अलग-अलग जिलों से मरने वालों की पांच घटनाएं सामने आयीं हैं। इनमें इटावा में दो और हमीरपुर, महोबा एवं जालौन में एक-एक की मौत हुई है।

हालांकि स्थानीय राहत आयुक्त कार्यालय ने इसकी पुष्टि नहीं की। भीषण गर्मी और लू के बीच झांसी में पारा 49 डिग्री को छू गया है, जो पिछले 32 साल में सबसे ज्यादा है। आगरा में पारा 47 साल के रिकार्ड को तोड़ते हुए 48.6 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा। संगम नगरी प्रयागराज पारा 48.4 डिग्री को छू गया है। वाराणसी में दिन का तापमान 47.6 डिग्री रिकार्ड किया गया है जिसने पिछले 58 साल के रिकार्ड को तोड़ दिया है। भीषण गर्मी और लू के चलते उत्तर प्रदेश में रेड अलर्ट घोषित किया गया है। मौसम आंचलिक केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक दानिश ने बताया कि तापमान में अचानक आयी तेजी की वजह पश्चिमी हवाओं का चलना है। यह हालात अभी कम से कम दो दिन और रहने की संभावना है। इसके बाद गर्मी से मामूली राहत मिलने का अनुमान है।

बिजली की मांग पहुंची 29,261 मेगावाट पर

प्रदेश में बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है। मंगलवार को अधिकतम मांग 29,261 मेगावाट पर पहुंच गई। बंद चल रही इकाइयों के बीच उप्र. पावर कारपोरेशन ने एनर्जी एक्सचेंज से बिजली आयात कर स्थिति काबू में की। इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने कहा कि पावर कॉरपोरेशन सिर्फ कागजों में कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। स्थानीय खराबी के कारण पूरे प्रदेश में बिजली संकट से लोग बेहाल हैं।

बिजली उपलब्ध होने के बाद भी लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति नहीं हो पा रही है। पावर कारपोरेशन के सूत्रों के अनुसार बारा व जवाहरपुर परियोजनाओं की 660-660 मेगावाट की एक-एक इकाई व ओबरा की 200 मेगावाट की एक इकाई बंद चल रही हैं। इससे प्रदेश में बिजली का उत्पादन घट गया है। वैकल्पिक व्यवस्था के तहत एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात की जा रही है।

मंगलवार का तापमान

झांसी	49.0	महोबा	46.5
आगरा	48.6	कानपुर	45.2
प्रयागराज	48.4	मेरठ	44.4
वाराणसी	47.6	लखनऊ	43.7
हमीरपुर	47.0	मुरादाबाद	43.5
इटावा	46.0	बरेली	42.8

देश में चुरु सबसे गर्म, 50° पहुंचा दिल्ली का पारा

नई दिल्ली। राजस्थान में चुरु देश का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 50 .5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हरियाणा में सिरसा-एडब्ल्यूएस में 50 .3 डिग्री तापमान दर्ज किया गया। राजधानी दिल्ली के कई इलाकों में तापमान 50 डिग्री के पास जा पहुंचा। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार कम से कम अगले दो दिनों तक भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विज्ञानियों ने कहा कि बृहस्पतिवार को भारत के उत्तर-पश्चिम हिस्सों में एक नये पश्चिमी विक्षोभ की संभावना है, जिससे सप्ताहांत में क्षेत्र में छिटपुट बारिश हो सकती है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार कि भारत के 150 प्रमुख जलाशयों में पानी का भंडारण पिछले सप्ताह उनके कुल भंडारण का केवल 24 प्रतिशत रह गया, जिससे कई राज्यों में पानी की कमी बढ़ गई और जलविद्युत उत्पादन पर असर हुआ है।

प. बंगाल में रैली में ममता बनर्जी पर बरसे प्रधानमंत्री

वोट जिहाद के लिए छीना ओबीसी का हक : मोदी

बारासात (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तुष्टीकरण की राजनीति करने और वोट जिहाद को बढ़ावा देने के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के युवाओं के अधिकार छीनने का आरोप लगाया।

बारासात में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का नाम लिए बिना कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों पर सवाल उठाने के लिए उनकी आलोचना की और आश्चर्य जताते हुए कहा कि क्या तृणमूल कांग्रेस प्रतिकूल फैसलों के बाद अब न्यायधीशों के पीछे भी अपने गुंडे छोड़ देगी? उन्होंने कहा बंगाल में तृणमूल ने ओबीसी को जो धोखा दिया, उसकी पोल अदालत ने खोल दी है। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने कहा है कि 77 मुसलमान जातियों को ओबीसी घोषित करना असंवैधानिक है। यानी तृणमूल ने लाखों ओबीसी नौजवानों का हक वोट जिहाद वालों की मदद के लिए लूट लिया।

झारखंड में घुसपैठ सबसे बड़ा संकट

दुमका (झारखंड)। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा घुसपैठ के कारण संथाल परगना में आदिवासियों की आबादी कम हो रही है। उन्होंने झामुमो के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। दुमका में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने सुना है कि लव जिहाद शब्द का ईजाद झारखंड के लोगों ने किया है। उन्होंने कहा कि राज्य के एक जिले में ईसाई समुदाय से जुड़े साप्ताहिक अवकाश का दिन रविवार से बदलकर शुक्रवार करने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा अब झारखंड में एक बड़ा संकट घुसपैठियों का हो गया है।

रणजीत मर्डर केस में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम बरी

- हाईकोर्ट ने दी बड़ी राहत सीबीआई कोर्ट ने सुनाई थी उम्रकैद की सजा

सिरसा। हरियाणा में सिरसा स्थित डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह को मंगलवार को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी। डेरे के पूर्व मैनेजर रणजीत हत्याकांड मामले में डेरा प्रमुख सहित पांच अन्य आरोपियों को सीबीआई कोर्ट के फैसले को रद करते हुए बरी कर दिया है। यह मामला 22 साल पुराना है। मामले में 19 साल बाद सीबीआई कोर्ट ने डेरा प्रमुख राम रहीम को दोषी करार दिया था।

राम रहीम फिलहाल, पत्रकार रामचंद्र छत्रपति, साध्वी यौन शोषण मामले में रोहतक की सुनारिया जेल में बंद है और उस मामले में सजा बरकरार रहेगी। कुरुक्षेत्र के कोलिया गांव निवासी डेरा साधु रणजीत सिंह की 10 जुलाई 2002 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। डेरा प्रबंधन को शक था कि जो गुमनाम चिठी डेरा प्रमुख के खिलाफ जारी हुई वह रणजीत सिंह ने अपनी बहन से लिखवाई थी।

महिला इंस्पेक्टर 50 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

संवाददाता, इस्लामनगर (बदायूं)

- रंगदारी धमकाने और आइटी एक्ट की आरोपी से मांगे थे दो लाख

अमृत विचारः एंटी करप्शन टीम ने थाने में 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते इंस्पेक्टर क्राइम को गिरफ्तार किया। उन्होंने रंगदारी, धमकाने और आइटी एक्ट की आरोपी और दुष्कर्म पीड़िता से मुकदमे में एफआर लगाने के बदले दो लाख रुपये की मांग की थी। पीड़िता ने एक लाख रुपये दे दिए थे लेकिन इंस्पेक्टर और एक लाख रुपये देने का दबाव बना रही थी।

थाना उघैती क्षेत्र के एक गांव की महिला ने 10 अप्रैल 2024 को थाना इस्लामनगर क्षेत्र निवासी रवेंद्र शर्मा पर दुष्कर्म और 40 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगा रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद रवेंद्र शर्मा की पत्नी ने रिपोर्ट दर्ज कराने वाली महिला पर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने और आइटी एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसकी विवेचना थाना इस्लामनगर की इंस्पेक्टर क्राइम सिमरजीत कौर कर रही थीं। विवेचना के दौरान महिला के खिलाफ कोई साक्ष्य नहीं मिला जिसके चलते एफआर लगाने की तैयारी थी।

महिला सिपाही ने एसओ की आंखों में मिर्च झोंकी, थाने में डंडे से पीटा

संवाददाता, बिलासपुर(रामपुर)

- स्कूटी साथी कांस्टेबल ले गई और दुर्घटना में क्षतिग्रस्त कर लाई
- थानाध्यक्ष ने शिकायत करने पर कार्रवाई नहीं की तो दिखाया गुस्सा

अमृत विचार : खजुरिया थाने में तैनात महिला सिपाही की शिकायत पर कार्रवाई न करना थाना प्रभारी को भारी पड़ गया। गुस्साई महिला सिपाही ने थाना प्रभारी की आंखों में लाल मिर्च पाउडर झोंककर डंडे से पीटा। एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि आरोपी महिला सिपाही को निलंबित कर दिया गया है।

खजुरिया थाने में महिला सिपाही आरजू काफी समय तैनात है। सोमवार की शाम साथी सिपाही अमृता भूषण उसकी स्कूटी मांगकर ले गई थी। इस दौरान किसी वाहन की टक्कर से आरजू की स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई। इसे लेकर दोनों महिला सिपाहियों में विवाद हो गया। पुलिसकर्मियों ने बताया कि स्कूटी लेकर गई अमृता ने कहा कि वह एजेंसी पर स्कूटी ठीक करा देगी, मगर आरजू नहीं मानी। इस पर खजुरिया थानाध्यक्ष राजीव कुमार को दखल देना पड़ा। मंगलवार को गुस्साई महिला सिपाही आरजू ने थाने में आकर पहले थाना प्रभारी राजीव कुमार की आंखों में मिर्च पाउडर झोंक दिया और फिर डंडे के ताबड़तोड़ वार करके उन्हें घायल कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी रवि खोखर मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी की और इससे उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। घटना के बाद सीओ इस बारे में कुछ भी बताने से कतराते रहे। उधर घटना में घायल थाना प्रभारी राजीव कुमार दोपहर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अपना मेडिकल कराने पहुंचे। आरोपी महिला सिपाही को थाने में रखा गया है। उससे किसी को मिलने नहीं दिया जा रहा है।

सीएल गुप्ता ग्रुप के संस्थानों पर आयकर विभाग की रेड

- मुरादाबाद में ग्रुप के स्कूल, हॉस्पिटल और अमरोहा में पीतल फैक्ट्री समेत कई संस्थानों में छानबीन

मुरादाबाद/ अमरोहा। देश के बड़े निर्यातक सीएल गुप्ता ग्रुप के मुरादाबाद और अमरोहा की फर्म, हास्पिटल, स्कूल पर मंगलवार की सुबह छह बजे दिल्ली से आई आयकर की टीम ने ताबड़तोड़ छापेमारी की। इससे महानगर के अन्य निर्यातकों में भी खलबली मच गई। चुनाव ड्यूटी लिखी गाड़ियों से आयकर की कई टीमों की एक साथ छापेमारी से सीएल गुप्ता ग्रुप से जुड़े लोग सकते में आ गए।

महानगर में सीएल गुप्ता के कटघर स्थित आवास, रामगंगा विहार स्थित फार्म हाउस और सीएल गुप्ता नेत्र संस्थान, सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल पर कई टीमें अचानक पहुंचीं। प्रतिष्ठानों पर आयकर विभाग की कार्रवाई को देखते हुए केंद्रीय पुलिस बल तैनात रहा। आयकर विभाग के सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार फर्म पर बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी को लेकर कार्रवाई की गई है।

प्रेमिका से मिलने घर पहुंचे युवक की पीटकर हत्या

संवाददाता, बेहजम (लखीमपुर खीरी)

- मृतक के पिता बोले, सरकारी नल पर पानी पीने गया था नागेश

अमृत विचारः प्रेमिका से मिलने मंगलवार की तड़के उसके घर पहुंचे एक युवक को प्रेमिका के घर वालों ने पकड़ लिया। इसके बाद लाठियों से पीटकर-पीटकर उसकी हत्या कर दी। प्रेमिका के घर वाले फरार हैं।

थाना नीमगांव के गांव मिर्जापुर निवासी नागेश (22) का एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों आपस में रिश्तेदार थे। मंगलवार की तड़के करीब 4:30 बजे नागेश अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर गया था। बताते हैं कि घर वालों ने दोनों को पकड़ लिया और घर के अंदर खींच ले गए और उसे पीटकर अधमरा कर दिया। धारदार हथियारों से भी कई प्रहार किए। प्रेमी युगल के शोर मचाने पर युवक के परिवार व आसपास के लोग वहां पहुंचे। परिवार वालों ने घटना की सूचना यूपी 112 पुलिस को दी। पुलिस ने घर का दरवाजा खुलवाया और मरणासन्न हालत में पड़े नागेश को घर से निकालकर सीएचसी बेहजम भेजा जहां से जिला अस्पताल रेफर किया, रास्ते में उसने दम तोड़ दिया।

रिटेल डायरेक्ट एप से खरीद सकेंगे सरकारी प्रतिभूतियां

मुंबई, एजेंसी

- आरबीआई ने शुरू किया मोबाइल एप, सरल तरीके से ऑनलाइन आवेदन के लिए प्रवाह पोर्टल भी लांच

रिजर्व बैंक ने सरकारी प्रतिभूति बाजार में खुदरा निवेशकों की भागीदारी के लिए मंगलवार को रिटेल डायरेक्ट मोबाइल ऐप और सरल तरीके से ऑनलाइन आवेदन को लेकर प्रवाह पोर्टल शुरू किया गया।

खुदरा निवेशक अब अपने स्मार्टफोन पर मोबाइल एप का उपयोग करके सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद-बिक्री कर सकते हैं। प्रवाह पोर्टल से विभिन्न नियामकीय मंजूरियों के लिए सरल तरीके से ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा कि यह पोर्टल रिजर्व बैंक की तरफ से नियामकीय मंजूरी देने से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं को सुगम बनाएगा।

गवर्नर शक्तिकांत दास द्वारा शुरू की गई इस तीसरी पहल का मकसद नियामकीय दृष्टिकोण से क्षेत्र की बेहतर समझ के लिए भारतीय वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों के आंकड़ों का भंडारण करना और उचित नीति दृष्टिकोण तैयार करने में सुविधा प्रदान करना है। आरबीआई ने बयान में पोर्टल की विशेषताओं को साझा करते हुए कहा कि विभिन्न नियामक और निगरानी विभागों से जुड़े 60 आवेदन पत्र ऑनलाइन जमा किये जा सकते हैं। संबंधित इकाई पोर्टल पर आवेदन की स्थिति को देख सकती है। साथ ही आरबीआई किसी आवेदन से संबंधित निर्णय समयबद्ध तरीके से भेज सकता है। इसमें कहा गया है कि जरूरत पड़ने पर और आवेदन पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद-बिक्री से जुड़े रिटेल डायरेक्ट मोबाइल एप के संबंध में बयान में कहा गया है कि इसके जरिये खुदरा निवेशक अब अपने स्मार्टफोन पर मोबाइल एप का उपयोग करके सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद-बिक्री कर सकते हैं।

यूजर एप को कर सकते हैं डाउनलोड

मोबाइल ऐप को एंड्रॉयड यूजर प्ले स्टोर और आईओएस यूजर एप स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। वर्तमान में, रिटेल डायरेक्ट पोर्टल खुदरा निवेशकों को आरबीआई के साथ खुदरा प्रत्यक्ष सरकारी प्रतिभूति खाते खोलने की सुविधा प्रदान करता है। पोर्टल नवंबर, 2021 में शुरू किया गया था। यह खुदरा निवेशकों को प्राथमिक नीलामी में सरकारी प्रतिभूतियां खरीदने के साथ-साथ द्वितीयक बाजार में उसे खरीदने और बेचने की सुविधा देता है।

कार के अंदर दम घुटने से दो बच्चों की मौत

परशदेपुर, रायबरेली

कौनेन

अब्दुल्ला

- खेलते-खेलते कार में गए और कार हो गई लॉक

अमृत विचार : घर के पीछे खड़ी सफारी कार के अंदर बंद हो जाने से दो बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। अमेठी जिले के जायस कोतवाली निवासी चांद की पत्नी चांदनी अपने चार वर्षीय पुत्र अब्दुल्ला को लेकर परशदेपुर कस्बे के कजियाना मोहल्ला निवासी मो. राशिद के घर अपने मायके आई थी।

राशिद का छह वर्षीय पुत्र कौनेन व चांदनी का चार वर्षीय पुत्र अब्दुल्ला दोनों साथ में खेल रहे थे। खेलते हुए दोनों बच्चे घर के पीछे खड़ी सफारी कार में जाकर बैठ गए। कार अचानक लॉक होने से दोनों बच्चे उसके अंदर ही फंस गए। बच्चों को ढूंढते हुए घर के पीछे गए तो कार के अंदर बच्चे होने का पता चला। तब तक अब्दुल्ला की सांसे थम गई थीं। कौनेन की सांसें चल रही थी अस्पताल ले जाते समय उसने भी दम तोड़ दिया।

एक नजर

आंगनबाड़ी केंद्रों में 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश

बरेली, अमृत विचार : आंगनबाड़ी केंद्रों में जिलाधिकारी ने 15 जून तक ग्रीष्म कालीन अवकाश घोषित किया है। इस दौरान केंद्रों पर बच्चों की हाजिरी नहीं होगी। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकत्री, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका केंद्रों पर उपस्थित रहेंगी और पोषण ट्रेकर एप पर नियमित रूप से कार्य करेंगी।

सेटेलाइट बस अड्डे पर फिर से शुरू हो गई डग्गामारी

बरेली, अमृत विचार : सेटेलाइट बस अड्डे के पास डग्गामार वाहनों में फिर से सवारियां भरना शुरू हो गया है। मंगलवार को सड़क पर ही खड़े होकर निजी बसों ने सवारियां भरीं।

दलालों ने जिले में कितनी सुहागिनों को बनाया विधवा... जांच शुरू

विधवा पेंशन की तीन सौ से ज्यादा संदिग्ध लाभार्थियों की सूची का जिले के सभी बीडीओ कराएंगे सत्यापन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : जिले में सिस्टम के दलालों ने सरकारी पैसे के बंदरबांट के लिए कितनी सुहागिन महिलाओं को कागजों में विधवा बनाया, इसकी जांच शुरू हो गई है। कुछ समय पहले अमृत विचार ने बड़े पैमाने पर हुए इस घोटाले का खुलासा किया था।

अब जिला प्रशासन की ओर से जिले के सभी बीडीओ को विधवा पेंशन की लाभार्थियों का सत्यापन कर रिपोर्ट देने को कहा गया है। रामनगर ब्लॉक के गांव गोठा

विधवा पेंशन... तो डीपीओ कार्यालय में ही दबी पड़ी है तीन सौ से ज्यादा संदिग्ध लाभार्थियों की लिस्ट

खंडुआ में पिछले साल अमृत विचार के ही खुलासे के बाद 46 सुहागिन महिलाओं को विधवा पेंशन देने का मामला पकड़ा गया था। इस फर्जीवाड़े का साफ इशारा था कि जिले के दूसरे ब्लॉकों में भी इस तरह के और मामले हो सकते हैं लेकिन इसके बावजूद महिला कल्याण विभाग के अधिकारियों ने इसकी छानबीन के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। जिला प्रशासन ने सत्यापन का आदेश दिया लेकिन उस पर भी खानापूरी कर दी। पिछले महीने डीपीओ दफ्तर में ही मौजूद एक और लिस्ट अमृत विचार के हाथ लगी जिसमें विधवा पेंशन की तीन सौ से ज्यादा संदिग्ध लाभार्थियों के नाम थे। इस लिस्ट की छानबीन करने पर पता चला कि तमाम लाभार्थियों के पति जीवित हैं और इसके बाद भी उन्हें विधवा पेंशन दी जा रही है।

कई लाभार्थियों के पते गलत निकले तो कई का ऐसा पता दिखाया गया था जो पूरे जिले में है ही नहीं। इसके अलावा कुछ केस ऐसे भी निकले जिनमें लाभार्थियों को किसी और ब्लॉक का रहने वाला दिखाया गया था और पेंशन किसी और ब्लॉक के बैंक खाते में भेजी जा रही थी। छानबीन में यह भी पता चला कि यह लिस्ट विभागीय अधिकारियों की भी जानकारी में थी लेकिन वे उस पर जांच कराने के बजाय गोपनीय बनाए हुए थे। कई बार इस लिस्ट में शामिल नामों का फर्जी सत्यापन भी कराया जा चुका था। लोकसभा चुनाव में जिला प्रशासन के अधिकारियों के व्यस्त रहने की वजह से अब तक इस खुलासे पर कोई निर्णय नहीं लिया जा सका था लेकिन अब जांच का आदेश दिया गया है। इसमें लाभार्थियों का ग्राम पंचायत सचिवों से सत्यापन कराने को कहा गया है।

जांच शुरू होने से कई अधिकारियों में बेचैनी

जिला प्रशासन के निर्देश पर डीपीओ कार्यालय के जरिए जांच का आदेश सभी बीडीओ के पास पहुंच गया है। विधवा पेंशन की पात्रता सुनिश्चित करने के लिए जवाबदेह अधिकारियों में इससे बेचैनी का माहौल है। जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा से इस बारे में बात की गई तो उन्होंने यह कहकर बात करने से इन्कार कर दिया कि वह कोई जानकारी देने के लिए बाध्य नहीं हैं। हालांकि क्यारा के बीडीओ ओमप्रकाश ने बताया कि उनके पास आदेश आ गया है। इसमें अमृत विचार की खबर के आधार पर कुछ खास नामों की जांच के साथ दूसरी लाभार्थियों का सत्यापन कराने को भी कहा गया है। दूसरे ब्लॉकों के बीडीओ ने भी आदेश आने की बात कही है।

परिवहन आयुक्त सख्त हुए तो राजस्व वसूली बढ़ाने में जुटे अफसर

बरेली, अमृत विचार : परिवहन आयुक्त की सख्ती के बाद परिवहन विभाग के अधिकारी राजस्व वसूली बढ़ाने में जुट गए हैं।

परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने सोमवार को प्रदेश के अधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग कर समीक्षा बैठक की थी। जिसमें कई जिलों में कम राजस्व वसूली होने पर विशेष प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करके सुधार करने को कहा था। आरटीओ दिनेश कुमार सिंह और कमल प्रसाद गुप्ता ने मंडल के चारों जिलों के एआरटीओ को राजस्व वसूली के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई करने को कहा है।

अटल सेतु को चौपुला पुल से जोड़ने का काम तेज, जून में रखा जाएगा गर्डर

सोनीपत से गर्डर 2 जून को आएगा, सितंबर में आवागमन के लिए खोला जाएगा पुल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : चौपुला पुल को अटल सेतु से जोड़ने के लिए 42 मीटर लंबा स्टील का गर्डर सोनीपत में बन कर तैयार हो चुका है। गार्डर छह टुकड़ों में 2 जून को बरेली पहुंच जाएगा। इसके बाद गर्डर से दोनों पुलों को जोड़ दिया जाएगा। इसके बाद सड़क और रेलिंग बनाई जाएगी। सेतु निगम ने पुल पर सितंबर में वाहनों के आवागमन की योजना तैयार की है। दोनों पुलों के जुड़ जाने से चौपुला पर जाम की समस्या से निजात मिल जाएगी।

अटल सेतु का निर्माण वर्ष 2018 में शुरू हुआ था। इस प्रोजेक्ट में पुल को पुराने चौपुला पुल से जोड़ने का काम शामिल था लेकिन दोनों पुलों के बीच एक निजी भवन के मालिक की आपत्ति की वजह से 2021 में यह काम अटक गया था। इसके बाद

अटल सेतु को चौपला पुल से जोड़ने के लिए की जा रही है तैयारी।

> अटल सेतु को जोड़ने के लिए गार्डर तैयार हो गया है। जून के पहले सप्ताह में बरेली गार्डर आ जाएगा। इसके बाद काम शुरू कर दिया जाएगा। प्रयास है कि सितंबर तक काम पूरा हो जाएगा। –**सुनील गोस्वामी**, सहायक अभियंता, सेतु निगम

सेतु निगम ने डिजाइन में बदलाव कर दोनों पुलों को लोहे के गार्डर से जोड़ने की योजना बनाई। इसके लिए दिल्ली की एक कंपनी ने 42 मीटर लंबे स्टील के स्ट्रक्चर को सोनीपत के खरौदा की एक कंपनी को गर्डर तैयार करने के लिए आर्डर दिया था। सेतु निगम से मिली जानकारी के अनुसार गर्डर बनकर तैयार हो गया है और छह टुकड़ों में 2 जून को बरेली पहुंच जाएगा। इसके बाद गर्डर को आपस में जोड़कर क्रेन के जरिए पिलर पर रखा जाएगा। इसमें करीब 20 जून तक का समय लगेगा। गर्डर रखने के बाद सड़क और रेलिंग का निर्माण किया जाएगा। अब कार्य समाप्त होने की अवधि जुलाई की जगह सितंबर महीने की तय की गई है। करीब चार महीने बाद पुल लोगों के आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा।

जाम से मिलेगी निजात

चौपुला पुल के अटल सेतु से जुड़ने से बदायूं रोड पर जाने वालों को सबसे अधिक फायदा मिलेगा। अभी बदायूं रोड पर जाने के लिए लोगों को अटल सेतु से नीचे उतरकर पुराने चौपुला पुल से होकर जाना पड़ता है। इसके कारण आए दिन पुल के नीचे जाम लग जाता है। यहां तक कई बार बदायूं रोड पुल के मोड़ पर जाम की समस्या से लोगों को जूझना पड़ता है और चौपुला पुल पर भी जाम लगता है।

पॉवर कॉरपोरेशन में भर्ती कराने के बहाने ठगी

बरेली, अमृत विचार : पॉवर कॉरपोरेशन में भर्ती कराने के बहाने कई लोगों से ठगी की गई। ठगों ने 40 लोगों की भर्ती की फर्जी सूची और ज्वाइनिंग लेटर दे दिया। जब लोग ट्रांसमिशन सब स्टेशन पर पहुंचे तो उन्हें ठगी का पता चला।

पीलीभीत निवासी कमलेश कुमारी के मुताबिक उन्होंने फेसबुक पर जॉब नाम के पेज पर एक पोस्ट देखी थी, जिसमें पॉवर कॉरपोरेशन में नौकरी निकलने का जिक्र था। उन्होंने पोस्ट में दिए नंबर पर फोन किया तो उनसे 500 रुपये मांगे गए। इसके बाद उन्हें सीबीगंज स्थित ट्रांसमिशन उपकेंद्र पर इंटरव्यू देने जाने को कहा। उन्हें 40 अभ्यर्थियों की भर्ती की फर्जी सूची भी दी गई। युवती के मुताबिक कई और लोगों से भी ठगी की गई है। सीबीगंज स्थित ट्रांसमिशन के अवर अभियंता सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि एक युवती आई थी। उसने बताया कि किसी ने उसे बिजली विभाग में नौकरी के इंटरव्यू के लिए भेजा है। जेई ने लोगों से अपील की है कि किसी भी तरह की कोई नौकरी नहीं निकली है। ठगों से सावधान रहें।

अतिक्रमण हटाओ अभियान थमा तो फिर फुटपाथ पर सज गईं दुकानें

अतिक्रमण हटाओ अभियान रुकते ही अस्पताल रोड किनारे फुटपाथ पर सज गईं दुकानें। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : अतिक्रमण हटाओ अभियान थमते ही शहर में फुटपाथ पर फिर से दुकानें सज गईं। अतिक्रमण कारियों ने कई स्थानों पर कब्जा कर लिया। इस कारण लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ा।

पिछले पांच दिन से नगर निगम की ओर से शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा था। मंगलवार को कर्मचारियों की ड्यूटी मतगणना प्रशिक्षण में लगने के कारण अभियान नहीं चला। सुबह दुकानदारों ने फुटपाथ दुकानें लगा लीं। सुबह से शाम तक कुतुबखान पुल के नीचे, नावेल्टी चौक, घंटाघर, इंदिरा मार्केट, कोहाड़ापीर, शहामतगंज बाजार, सेटेलाइट, डेलापीर आदि स्थानों पर अतिक्रमणकारियों का कब्जा दिखा। इस दौरान इन स्थानों पर जाम के हालात बने रहे। इससे लोगों को परेशानी हुई।

सेटेलाइट पर सड़क किनारे लगे ठेले।

इंद्रा मार्केट में फुटपाथ पर लगी दुकानें।

> प्रवर्तन दल को शहर के प्रमुख मार्गों को जिम्मेदारी दी गई है कि कोई अतिक्रमण न हो। जिन जगहों पर अतिक्रमण है, वहां फिर से अभियान चलाया जाएगा। –**सुनील कुमार यादव,** अपर नगर आयुक्त

इज्जतनगर दोहना रेल लाइन पर आज से मेगा ब्लॉक, चार ट्रेनें निरस्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 5 जून तक रेल प्रशासन ने अलग-अलग समय लिया ब्लॉक
- यांत्रिक कारखाना पर अंडरपास का हो रहा निर्माण

अमृत विचार : इज्जतनगर दोहना रेलवे लाइन पर यांत्रिक कारखाना के फाटक संख्या 240 पर अंडरपास निर्माण की वजह से मुख्य लाइन पर बुधवार रात से मेगा ब्लॉक लिया जाएगा। ब्लॉक 5 जून तक अलग-अलग समय में चार से छह घंटे तक लिया जाएगा। इस दौरान चार ट्रेनें निरस्त रहेंगी। इसकी वजह से यात्रियों को परेशानी होगी।

इज्जतनगर रेल मंडल के जनसंपर्क अधिकारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि बुधवार और गुरुवार को देर रात 21:45 बजे से तड़के 3:45 बजे से छह घंटे और 4 और 5 जून को 21:45 बजे से 1:45 बजे तक ट्रेनों का चार घंटे के लिए ब्लॉक रहेगा। मेन लाइन को काटकर उसके नीचे सेगमेंट बॉक्स रखे जाएंगे।

जिसकी वजह से टनकपुर से 29 मई और 4 जून को चलने वाली 05307 टनकपुर-बरेली जंक्शन स्पेशल ट्रेन, बरेली जंक्शन से 30 मई और 5 जून को चलने वाली 05308 बरेली जंक्शन-टनकपुर स्पेशल ट्रेन, पीलीभीत और टनकपुर से 29 मई और 4 जून को चलने वाली 05311/05312 पीलीभीत-टनकपुर-पीलीभीत स्पेशल ट्रेन निरस्त रहेगी।

इज्जतनगर–दोहना रेल लाइन पर क्रेन से काम करती रेलवे की टीम ● अमृत विचार

शंटिंग लाइनों पर भी काम प्रभावित

रेल प्रशासन की तरफ से शंटिंग लाइनों को काटकर उनके नीचे गर्डर रखने का काम मंगलवार को किया गया। रेल अधिकारियों के मुताबिक अधिकतर कार्य पूरा कर लिया गया है। वहीं शंटिंग लाइनों पर कार्य की वजह से शंटिंग कार्य प्रभावित है, जबकि 5 जून के बाद हाईवे के नीचे सेगमेंट बॉक्स रखने का काम किया जाएगा। पुशिंग तकनीक से सेगमेंट बॉक्स रेलवे लाइनों के नीचे रखे जा रहे हैं।

अब तीन दिन नहीं, 1 जून से पूरे सप्ताह होंगी अल्ट्रासाउंड जांचें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जिला महिला अस्पताल में डॉ. सीपी सिंह को किया तैनात
- गर्भवतियों को जांच के लिए नहीं जाना पड़ेगा निजी सेंटर

अमृत विचार : जिला महिला अस्पताल में गर्भवतियों को अल्ट्रासाउंड जांच के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। उन्हें एक जून से पूरे सप्ताह अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा मिलेगी। अभी तक सप्ताह में सिर्फ तीन दिन ही जांच होती थी।

यहां स्थाई रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती न होने के कारण मीरगंज सीएचसी के डॉक्टर को सप्ताह में तीन दिन सेवाएं देने के लिए संबद्ध किया गया था, लेकिन जानकारी के अभाव अन्य दिनों में मरीज यहां आकर परेशान होते थे। उन्हें निजी सेंटर पर अल्ट्रासाउंड जांच के लिए जाना पड़ता था, लेकिन अब पूरे सप्ताह मरीजों को जांच की सुविधा मिलेगी।

दरअसल, शासन की ओर से डिप्टी सीएमओ डॉ. सीपी सिंह को छह माह पूर्व लखनऊ में अल्ट्रासाउंड जांच संबंधी प्रशिक्षण के लिए भेजा गया था। उनका प्रशिक्षण पूर्ण हो चुका है। एक जून से डा. सीपी सिंह जिला महिला अस्पताल के अल्ट्रसाउंड कक्ष में मरीजों की जांच करेंगे। इससे महिला मरीजों को राहत मिलेगी।

महिला अस्पताल में अल्ट्रासाउंड जांच केंद्र।

घट गया था जांचों का 50 फीसदी ग्राफ

जिला महिला अस्पताल में मरीजों को सप्ताह में तीन दिन यानी मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को ही अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा मिल रही थी। इस वजह से छह माह में अल्ट्रासाउंड जांचों का ग्राफ 50 तक घट गया। सीएमएस डॉ. त्रिभुवन प्रसाद ने बताया कि डा. सीपी सिंह ने लखनऊ से आकर कार्यभार ग्रहण कर लिया है। एक जून से वह अस्पताल में अपनी सेवाएं देंगे।

चार अवैध कॉलोनियों पर चला बीडीए का बुलडोजर

बरेली, अमृत विचार : बीडीए ने मंगलवार को शाहजहांपुर रोड पर सैदपुर खजुरिया में 32 बीघा में बन रहीं चार अवैध कॉलोनियों को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया।

सैदपुर खजुरिया में करीब 10 बीघा में मिर्जा अली बिना मानचित्र स्वीकृति के अवैध कॉलोनी विकसित कर रहे थे। यहीं पर आठ बीघा में इस्लाम खां, सात बीघा में कलीम खां, फरियाद और मुस्लिम खां और सात बीघा में अमजद खां, बाबू वसीम खां और सात बीघा में सचिन निर्माण कराकर अवैध कॉलोनी विकसित कर रहे थे। बीडीए की प्रवर्तन टीम ने मंगलवार को सभी पर बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया। बीडीए के अधिकारियों का कहना है कि किसी प्लाट में भूखंड लेने से पहले सुनिश्चित कर लें कि उस जगह का मानचित्र स्वीकृत कराया गया है या नहीं।

तिलियापुर गांव में 12 घरों में पकड़ी बिजली चोरी

बरेली, अमृत विचार : सबसे अधिक लाइन लॉस वाले नदौसी उपकेंद्र के तिलियापुर गांव में बार-बार फाल्ट की वजह जानने के लिए जेई मंगलवार को गांव पहुंचे तो उन्हें कई घरों में बिजली चोरी होते हुए मिली। इसके बाद चेकिंग अभियान चलाकर 12 जगह बिजली चोरी पकड़ी। बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ एंटी थेफ्ट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। तिलियापुर गांव में लगातार फाल्ट होने पर जेई संत कुमार सोमवार की सुबह तड़के गांव में चेकिंग करने के लिए पहुंचे तो उन्हें 12 घरों में बिजली चोरी होते हुए मिली। इसके बाद उन्होंने टीम के साथ अभियान चलाया तो लोगों ने नोकझोंक की। टीम ने सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं का दावा | पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख स्टेशनों में होती है इज्जतनगर की गिनती

इज्जतनगर स्टेशन से एक भी ट्रेन नहीं होती है ओरिजनेट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल इज्जतनगर स्टेशन को एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित करने का दावा किया जा रहा है। करोड़ों रुपये स्टेशन पर खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी यहां से एक भी ट्रेन ओरिजनेट नहीं होती है। इस स्टेशन से नियमित ट्रेनों की संख्या भी कम है। इसके पीछे स्टेशन पर लाइनों की संख्या कम होना माना जाता है।

पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख स्टेशन इज्जतनगर से 17 जोड़ी नियमित ट्रेनें गुजरती हैं। जबकि इन दिनों 19 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनें भी यहां से होकर गुजर रही हैं। वर्ष 2016 में कासगंज-लालकुआं रेलखंड के बीच अमान परिवर्तन पूरा होने के बाद स्टेशन को विकसित किया गया। स्टेशन मीटर गेज से बदलकर ब्रॉडगेज में तब्दील हो गया।

2018 तक स्टेशन पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए, मगर नतीजा ढाक के तीन पात ही निकला। यहां चार प्लेटफार्म हैं और इतनी ही लाइनें हैं। जबकि यहां कम से कम सात लाइन की जरूरत है, ताकि अधिक संख्या में रेक प्लेस की जा सकें।

लाइनों की संख्या कम होने के कारण लंबी दूरी की ट्रेनों को यहां से ओरिजनेट करने में समस्या होती है। हालांकि, मीटर गेज के जमाने में यहां कई ट्रेनें ओरिजनेट होती थीं, लेकिन ढांचे में बदलाव के बाद यह मुमकिन नहीं पा रहा है।

सिटी स्टेशन की ट्रेनों का मेंटिनेंस कासगंज में

बरेली सिटी स्टेशन की हालत इज्जतनगर स्टेशन से कुछ बेहतर है। यहां से कुल छह ट्रेनें ओरिजनेट होती हैं, एक-एक डेमू पीलीभीत और टनकपुर के लिए ओरिजनेट होती है। जबकि एक मेमू ट्रेन लालकुआं के लिए ओरिजनेट होती है। इन मेमू और डेमू ट्रेनों का मेंटिनेंस ट्रेन सेट डिपो सीबीगंज में किया जाता है, लेकिन यहां से ओरिजनेट होने वाली आईसीएफ कोच वाली ट्रेनों का मेंटिनेंस कासगंज में किया जाता है।

सिटी और इज्जतनगर स्टेशन पर नहीं सिकलाइन

इज्जतनगर और सिटी स्टेशन पर ट्रेनों के मेंटिनेंस के लिए सिकलाइन और वाशिंग लाइन जैसी सुविधा नहीं है। इस वजह से भी इज्जतनगर स्टेशन से किसी ट्रेन को ओरिजनेट नहीं किया जाता। वहीं, रेलवे के अधिकारी भी मानते हैं कि वाशिंग लाइन, सिकलाइन आदि बनाने के लिए बड़ा यार्ड होना चाहिए। इसके लिए दोनों ही स्टेशनों पर जगह नहीं बची।

> इज्जतनगर स्टेशन से फिलहाल कोई ट्रेन ओरिजनेट नहीं होती है। बरेली सिटी स्टेशन से छह ट्रेनें ओरिजनेट होती हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत तमाम विकास कार्य इन दोनों स्टेशनों पर किए गए हैं।
> – **राजेंद्र सिंह**, जनसंपर्क अधिकारी, इज्जतनगर रेल मंडल



बिजली संकट पर फूटा लोगों का गुस्सा, बदायूं रोड पर लगाया जाम, पुलिस ने लाठियां फटकार कर खदेड़ा

सुभाषनगर में 24 घंटे बाद बिजली आने के बाद फिर गुल होने से परेशान हो गए लोग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : सुभाषनगर इलाके में बिजली संकट से नाराज लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने मंगलवार रात बदायूं रोड पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। लोग बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग कर रहे थे। पुलिस ने लोगों को समझाने की कोशिश की लेकिन लोग धक्का-मुक्की करने लगे। बेकाबू होती भीड़ को देखते हुए पुलिस लाठियां फटकारकर लोगों को हटाकर ट्रैफिक चालू कराया।

बीडीए टू कॉलोनी में सोमवार देर रात भूमिगत केबल में फाल्ट आने से 24 घंटे से अधिक देर तक सुभाषनगर समेत कई कॉलोनियों में बिजली गुल रही। नई केबल डालने के बाद मंगलवार देर रात 10 बजे आपूर्ति बहाल हुई लेकिन कुछ ही देर बाद फिर चली गई। इससे गुस्साए लोगों ने बदायूं रोड पर जाम लगा दिया और बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

- बीडीए टू कॉलोनी में भूमिगत केबल में सोमवार रात फाल्ट होने के बाद से गुल हुई थी बिजली

सुभाष नगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई और लोगों को समझाने की कोशिश की लेकिन लोग बिजली आपूर्ति बहाल कराने की जिद पर अड़े रहे। एसडीओ अभिषेक कपासिया ने बताया कि भूमिगत केबल में फाल्ट होने के बाद नई केबल डलवाने में समय लग गया, जिससे बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। अब नई केबल डाल दी गई है जिससे लोगों को बिजली कटौती का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए कर्मचारी जुटे हुए है।

बिजली कटौती से नाराज लोगों ने सीढ़ी लगाकर बदायूं रोड पर लगाया जाम। ● अमृत विचार

भूमिगत केबल को ठीक करते बिजली कर्मचारी। ● अमृत विचार

बीडीए टू कॉलोनी में फाल्ट होने पर डाली नई केबल

बीडीए टू कॉलोनी में 11 केवी की भूमिगत केबल में फाल्ट को फाल्ट लोकेटर मशीन से रात में नहीं देखा जा सका। उसके बाद मंगलवार सुबह को मशीन से फाल्ट देखने का काम शुरू किया गया, लेकिन फाल्ट बीच सड़क पर दिखा रहा था। जिसके बाद नई भूमिगत केबिल डालने का फैसला लिया गया। इसकी वजह से पूरे दिन बिजली गुल रही। मंगलवार रात 10 बजे के बाद तक करगैना चौकी, जागृति नगर, मारुति विहार, इफको कॉलोनी, विश्वनाथपुरम, रामचंद्र पुरम आदि जगह पर बिजली संकट रहा। कुछ दिनों पहले इसी जगह फाल्ट आने से कई घंटे बिजली न आने से नाराज लोगों ने उपकेंद्र का घेराव कर बदायूं रोड पर जाम लगाया था।

फाल्ट से इन इलाकों में भी रहा बिजली संकट

सिविल लाइंस सब स्टेशन से जुड़े सर्किट हाउस चौराहा, जजेज कॉलोनी, स्टेशन रोड, स्टेट बैंक कॉलोनी, मुख्य अभियंता आवास और कार्यालय परिसर समेत अन्य जगह पर मंगलवार की दोपहर 12 से लेकर 3 बजे तक बिजली गुल रही। वहीं सर्किट हाउस स्थित मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता, एसडीओ और जेई के कार्यालय में भी बिजली गुल होने से काम प्रभावित रहा। इसके अलावा सिंधु नगर में ट्रांसफार्मर की केबल बदलने के कारण दो घंटे बिजली गुल रही। प्रेम नगर धर्मकांटा के पास सोमवार रात बंच केबल जलने से बिजली पूरी रात गुल रही। यहां मंगलवार सुबह शटडाउन लेकर बंच केबल बदली गई। वहीं हरुनगला में बालीपुर से आने वाली केबल में फाल्ट होने से हरुनगला क्षेत्र में भी दो से तीन घंटे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। सोमवार की रात, कंघी टोला में वोल्टेज हाई होने से उपकरण फुंक गए। कटघर क्षेत्र में सोमवार की रात फाल्ट होने से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। शहर के जगतपुर और महानगर क्षेत्र में ट्रिपिंग से परेशानी हुई।

सड़क पर जाम लगाने वालों को पकड़कर ले जाती पुलिस। ● अमृत विचार

बिजली उपकेंद्र पर हंगामा करते लोग। ● अमृत विचार

हीट स्ट्रोक से ओपीडी में बेहोश हुए तीन मरीज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : भीषण गर्मी का असर दिखने लगा है। हीट स्ट्रोक के मरीज सामने आ रहे हैं। मंगलवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में लाइन में लगे तीन मरीज बेहोश होकर गिर पड़े। जांच तीनों में हीट स्ट्रोक के लक्षण मिले। इन मरीजों को इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया।

अस्पताल परिसर में बड़ी संख्या में मरीज डॉक्टरों के कक्ष के बाहर लाइन में लगे थे। इसी बीच शहर निवासी रंजना फिजिशियन के कक्ष के आगे बेहोश होकर गिर पड़ीं। स्टाफ उन्हें स्ट्रेचर से इमरजेंसी वार्ड में ले गया।इतने में लाइन में लगे दो युवक भी गश खाकर गिर पड़े। उन्हें भी इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया।इमरजेंसी मेडिकल ऑफिसर के मुताबिक तीनों को ओपीडी से रेफर किया गया था। जांच में मरीजों में हीट स्ट्रोक के लक्षण मिले हैं। ये मरीज सिर में दर्द, उल्टी दस्त के साथ बुखार होने पर ओपीडी में इलाज के लिए आए थे। तीनों की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं, अस्पताल परिसर में गर्मी से बचाव के इंतजाम नाकाफी हैं। इस वजह से भी मरीजों को दिक्कत हो रही है।

ओपीडी में बेहोश हुई महिला।

- जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाइन में लगे थे मरीज
- स्टाफ ने तीनों को इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया, हालत गंभीर

पैथोलॉजी लैब में भी गर्मी से मरीज बेहाल

ओपीडी के साथ पैथोलॉजी लैब में भी बड़ी संख्या में मरीज जांच कराने के लिए रोजाना आ रहे हैं, लेकिन यहां सिर्फ एक कूलर और दो पंखे हैं। गर्मी से मरीजों को राहत नहीं मिल रही है। सबसे ज्यादा दिक्कत बुजुर्गों हो रही है।

जिला अस्पताल की ओपीडी में उमड़ी मरीजों की भीड़। ● अमृत विचार

नगर स्वास्थ्य अधिकारी नहीं वापस कर रहे सरकारी एसी

बरेली, अमृत विचार : तीन सौ बेड अस्पताल के पूर्व सीएमएस एवं नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. भानु प्रकाश के सरकारी आवास में तीन एसी लगी हैं। जबकि अस्पताल में बने कोल्ड रूम वार्ड के लिए एसी की जरूरत है। सीएमएस डॉ. सतीश चंद्रा के मुताबिक पूर्व सीएमएस के पास नगर स्वास्थ्य अधिकारी का भी चार्ज है। वह नगर निगम में सेवाएं दे रहे हैं। नगर आयुक्त को पत्र भेजकर नगर स्वास्थ्य अधिकारी के आवास में लगे एसी वापस कराने की मांग की जाएगी। हालांकि, वह इस संबंध में सीएमओ को भी पत्र लिख चुके हैं।

एक नजर

मुख्य अभियंता ने किला सब स्टेशन का किया निरीक्षण

बरेली, अमृत विचार : पावर कारपोरेशन के मुख्य अभियंता रणविजय सिंह ने मंगलवार रात किला सब स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने लोड चेक करके बिजली आपूर्ति के बारे में जानकारी ली। मुख्य अभियंता ने एसडीओ किला भगवान दास को निर्देश दिए कि फाल्ट होने पर तत्काल कर्मचारी को मौके पर भेजकर बिजली आपूर्ति को बहाल कराया जाए।

खराब हैंडपंपों की हेल्पलाइन नंबरों पर दें सूचना

बरेली, अमृत विचार : जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने भीषण गर्मी में किसी को पीने के पानी की असुविधा न हो, इसके लिए पांच हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। डीएम ने कहा कि कोई भी शहरी या ग्रामीण व्यक्ति हेल्पलाइन नंबरों पर खराब हैंडपंप की सूचना दे सकते हैं। सूचना पर हैंडपंप को जल्द से जल्द ठीक कराया जाएगा। लोग हेल्पलाइन नंबर पर 0581-2422031, 0581-2422032, 0581-2422033, 0581-2422034, 0581-2990481 पर सूचना दे सकते हैं।

भीषण गर्मी से बचाव के लिए दुपट्टे का सहारा लेतीं युवतियां। ● अमृत विचार

अभी तीन दिन और सताएगी गर्मी 1 जून को बूंदाबांदी का पूर्वानुमान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मंगलवार को अधिकतम तापमान 42.7 और न्यूनतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस हुआ दर्ज

अमृत विचार : भीषण गर्मी से अभी तीन दिन राहत नहीं मिलेगी। मौसम विभाग ने तीन दिनों तक तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस रहने का पूर्वानुमान जताया है। दो दिन वार्म नाइट का अलर्ट जारी किया है, हालांकि 1 जून को जिले में एक-दो स्थानों पर बूंदाबांदी का पूर्वानुमान है। मंगलवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 3.3 डिग्री अधिक 42.8 और न्यूनतम 3.1 डिग्री अधिक 28.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

सोमवार की अपेक्षा मंगलवार को तापमान में मामूली गिरावट दर्ज लेकिन तेज धूप और गर्मी से लोग बेहाल हो गए। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि 31 मई तक अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी जारी रहेगी। इस दौरान मंगलवार और बुधवार को रात का तापमान तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज रहने का पूर्वानुमान है। इसलिए वार्म नाइट का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, 1 जून को हल्की बारिश से अधिकतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज होने का पूर्वानुमान है।

उधार मांगने पर जरी कारीगर को मारी गोली

बरेली, अमृत विचार: बारादरी थाना क्षेत्र में एक जरी कारीगर और उसके बेटे की गोली मारकर जान लेने की कोशिश की गई। दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कारोबारी ने मकान मालिक पर आरोप लगाया है।

सहसवानी टोला में आबिद के मकान में जरी कारीगर मोहम्मद जहीर लगभग साढ़े तीन साल से किराये पर रहते हैं।

जहीर ने बताया कि लगभग ढाई साल पहले आबिद ने उनसे 15 लाख रुपये उधार लिए थे। उसने इसके बदले आशियाना कॉलोनी स्थित अपने प्लाट में जगह देने की बात कही थी पर कुछ समय आबिद ने प्लाट बेच दिया। अब वह उनसे मकान भी खाली करने को कह रहा था। जहीर ने अपने पैसे मांगे तो उसने चांद, नदीम और खतीब सहित चार अज्ञात लोगों को बुला लिया और उनकेटे तहसीम की पिटाई करने लगे। बीच बचाव में उनपर गोली चला दी जो उनके कंधे पर लगी और चेहरे पर छर्रे भी लगे हैं। पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर पूछताछ की। इंस्पेक्टर अमित पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

तो इस गर्मी में भी बिजली संकट से जूझते रहेंगे सुभाषनगर के लोग

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- स्वीकृति के बाद भी क्षेत्र में सबस्टेशन बनवाने में अफसरों नहीं दिखाई रुचि
- ओवरलोड और फाल्ट बढ़ने पर अब सब स्टेशन के लिए तलाश रहे जमीन

अमृत विचार : दो वर्ष पहले सुभाषनगर इलाके में सब स्टेशन बनाने के लिए पावर कारपोरेशन ने मंजूरी दी थी, लेकिन अफसरों ने सब स्टेशन के निर्माण को गंभीरता से नहीं लिया। जबकि कई वर्षों से ओवरलोडिंग की समस्या है। अब गर्मी में ओवरलोड और फाल्ट बढ़े और पब्लिक का गुस्सा फूटा तो अफसरों ने अब सब स्टेशन के लिए जमीन की तलाश शुरू कर दी है। यानी इस गर्मी तो इस इलाके के लोगों को बिजली संकट से जूझना पड़ेगा।

सुभाषनगर उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में ओवरलोडिंग होने से इस बार गर्मी में बिजली का संकट बढ़ गया है। केबल में फाल्ट और ट्रांसफार्मर फुंकने के मामले लगातार सामने आ रहे है। दो वर्ष पहले ओवरलोडिंग दूर करने के लिए नया सब स्टेशन बनाने के लिए प्रस्ताव पावर कारपोरेशन के मुख्यालय भेजा गया था। जिसे मुख्यालय ने अनुमति दे दी थी, लेकिन अफसरों ने सब स्टेशन निर्माण के लिए जमीन की तलाश नहीं की। अब समस्या गंभीर होने पर अफसरों को सब स्टेशन की याद आई है। अधीक्षण अभियंता अंबा प्रसाद वशिष्ठ ने बताया कि सबस्टेशन बनाने के लिए भूमि की तलाश की जा रही है।

अस्पताल में ठीक किए पंखे
जिला महिला अस्पताल के वार्ड में पंखे ठीक करता कर्मचारी।

जिला महिला अस्पताल के एसएनसीयू में एक घंटे में दो बच्चियों की हुई मौत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : जिला महिला अस्पताल की नवजात शिशु देखभाल इकाई (एसएनसीयू) में भर्ती दो बच्चियों की मंगलवार को एक घंटे में मौत हो गई। चिकित्सकों के मुताबिक एक गंभीर सांस रोग से ग्रसित थी, जबकि दूसरी बच्ची का वजन काफी कम था। दोनों को गंभीर हालत में भर्ती कराया गया था। एक ही दिन में दो बच्चियों की मौत से स्टाफ में खलबली मच गई।

फरीदपुर के गांव बकैनिया निवासी सचिन ने प्रसव पीड़ा होने पर पत्नी सोनम को सोमवार दोपहर जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया। रात में ही सामान्य प्रसव से जुड़वा बच्चे हुए। इनमें बच्ची की हालत गंभीर होने पर उसे एसएनसीयू में शिफ्ट कर दिया गया। मंगलवार सुबह 10 बजे बच्ची ने दम तोड़ दिया। वहीं, बिथरी चैनपुर के गांव पदारथपुर निवासी ताहिर सैफी ने प्रसव पीड़ा होने पर पत्नी निशा को नरियावल स्थित निजी अस्पताल में 12 दिन पहले भर्ती कराया था। यहां बच्ची का जन्म हुआ, लेकिन बाद में बच्ची की हालत बिगड़ी तो परिजनों ने सात दिन पहले उसे जिला महिला अस्पताल के एसएनसीयू में भर्ती कराया। जांच में बच्ची गंभीर सांस रोग से ग्रसित मिली। मंगलवार सुबह 11 बजे बच्ची की सांसें थम गईं।

बच्चे की मौत के बाद बेहोश हुई महिला।

बच्चे को गोद में लेकर बिलखती मां।

एक मां बेहोश हो गई तो दूसरी गोद में बच्ची को लेकर फूट फूटकर रोई

दो बच्चियों के परिजन एसएनसीयू के बाहर थे। बच्चियों की मौत की खबर मिली तो उनके परिजन बिलख पड़े। इस दौरान निशा बेहोश हो गईं। परिजनों ने उन्हें संभाला। जबकि सोनम बच्ची को गोद में लेकर फूट-फूटकर रोती रहीं। यह मंजर देख वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं।

सीएमएस बोले- दोनों बच्चियां की हालत थी गंभीर

सीएमएस डॉ. त्रिभुवन प्रसाद ने बताया कि एक बच्चे का प्रसव निजी अस्पताल में हुआ था। गंभीर हालत में उसे यहां भर्ती कराया गया था। परिजनों को हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी थी, लेकिन रेफर प्रक्रिया से पूर्व ही बच्ची ने दम तोड़ दिया। दूसरे मामले में महिला ने जुड़वा बच्चों को जन्म दिया था। इसमें बच्ची लो बर्थ वेट की थी। उसका वजन काफी कम था। स्टाफ की ओर से तुरंत इलाज शुरू कर दिया गया लेकिन बच्ची की मौत हो गई।

लकड़ी कारोबारी से गेमिंग एप के जरिए 12.14 लाख रुपये की ठगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- च्वाइस सेंटर के मालिक, मर्चेंट नेवी अधिकारी समेत 3 पर रिपोर्ट
- ड्रीम इलेवन का सहयोगी क्रास ओवर एप बताकर कराया निवेश

अमृत विचार : लकड़ी कारोबारी से एप के जरिए 12.14 लाख रुपये की ठगी कर ली गई। ठगों ने ड्रीम इलेवन के बहाने क्रास ओवर एप से आनलाइन सट्टे के कारोबार में कारोबारी से गोल्ड, सिल्वर और प्लेटिनम में निवेश कराने का झांसा दिया। कारोबारी की शिकायत पर आईजी डॉ. राकेश सिंह के आदेश पर बारादरी पुलिस ने पूरनपुर के कारोबारी, मर्चेंट नेवी के अधिकारी समेत तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और सट्टेबाजी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

महानगर कॉलोनी निवासी नितिन ने बताया कि वह बांसमंडी में लकड़ी का कारोबार करते हैं। उनकी बासमंडी में एक दोस्त के जरिए पीलीभीत जिले के पूरनपुर की अशोक कालोनी निवासी रितेश गुप्ता उर्फ पारो से मुलाकात हुई थी। उनका आरोप है कि रितेश का पूरनपुर में च्वाइस सेंटर के नाम से रेडीमेड कपड़ों और ज्वेलरी का व्यापार है। आरोप है कि रितेश ने अपने भाई अभिषेक उर्फ जानू को मर्चेंट नेवी में ऑफिसर बताया था। रितेश ने बताया कि ड्रीम इलेवन की सहयोगी कंपनी क्रास ओवर की फ्रेंचाइजी उनके पास है।

उन्होंने क्रास ओवर एप पर गोल्ड, प्लेटिनम और सिल्वर में इनवेस्ट करने के लिए 4 मार्च को 1.69 लाख रुपये और दो लाख रुपये, 5 मार्च को दो लाख रुपये और 6 मार्च को 6.5 लाख रुपये भेजे। उन्होंने प्रेमनगर में गुलाबनगर निवासी कपिल गुप्ता के माध्यम से रुपये रितेश गुप्ता को दिए। नितिन ने बताया कि रितेश अग्रवाल ने धीरे-धीरे 12.14 लाख रुपये क्रास ओवर कंपनी में लगाए हैं। उन्हें पता लगा कि क्रासओवर एप फर्जी है और सेबी समेत किसी सरकारी संस्था में क्रास ओवर एप रजिस्टर्ड नहीं है। उन्होंने रितेश गुप्ता से रुपये वापस मांगे, जिस पर वह टाल मटोल करने लगा। रितेश ने अपने भाई मर्चेंट नेवी ऑफिसर के साथ मिलकर फर्जी एप तैयार कराई है और कई जिलों में ऑनलाइन सट्टा खिलवा रहा है। अब रितेश ने फोन भी उठाना बंद कर दिया है। उसने 15 मई 24 को जान से मारने की भी धमकी दी। थाना प्रभारी अमित पांडे ने बताया कि आईजी के आदेश पर तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

नौकरी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

बरेली, अमृत विचार : सरकारी नौकरी का झांसा देकर एक युवक ने महिला से दुष्कर्म किया। युवक ने महिला से पांच लाख रुपये के आभूषण हड़प लिए, जब महिला ने पैसे वापस मांगे तो जान से मारने की धमकी दी और समझौते का दवाब बनाने लगा। महिला ने एडीजी ऑफिस में शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

बिशारतगंज थाना क्षेत्र निवासी महिला के मुताबिकि उसकी शादी पांच साल पहले थाना क्षेत्र के ही रहने वाले एक युवक से हुई थी। आरोप है कि उनके घर आने जाने वाले एक युवक ने सरकारी नौकरी की झांसा देकर उससे पांच लाख रुपये के आभूषण ले लिए। इसके बाद बरेली और लखनऊ के होटलों में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। जब उसे ठगी का हुआ तो वह 8 अप्रैल को आरोपी युवक के घर शिकायत करने के लिए पहुंची तो उसके परिजनों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

भीड़ ने ट्रेन से प्रसाद विक्रेता को दिया धक्का

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : ट्रेनों में भीड़ की वजह से यात्रा करना जानलेवा हो रहा है। काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे प्रसाद विक्रेता को भीड़ ने गेट से धक्का दे दिया। घायल प्रसाद विक्रेता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जिला अस्पताल में भर्ती हरदोई के कोतवाली क्षेत्र निवासी राजीव दीक्षित ने बताया कि वह हरिद्वार में प्रसाद बेचने का काम करते हैं। वह काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस से सोमवार देर रात दिल्ली अपने भाई से मिलने जा रहे थे। बरेली जंक्शन से जैसे ही ट्रेन चली तो उन्हें एक युवक ने धक्का दे दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने उन्हें 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उन्होंने बताया कि गनीमत रही कि वह ट्रेन के नीचे नहीं आए। राजीव के हाथ और पूरे शरीर में कई गंभीर चोटें आई हैं। इस मामले में आरपीएफ और जीआरपी ने घटना की जानकारी से इन्कार किया। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि इस संबंध में थाने पर कोई जानकारी नहीं है।

यह ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंचीं जंक्शन : ट्रेनों की देरी से भी यात्री परेशान हो रहे हैं। बरेली जंक्शन पर मंगलवार को 12332 हिमगिरी एक्सप्रेस 13 घंटे 15 मिनट, 13152 सियालदह एक घंटा 42 मिनट, 14618 जनसेवा एक्सप्रेस दो घंटे 40 मिनट की देरी से पहुंची। इसके अलावा कई ट्रेनें देरी से चल रही थीं।

बिना टिकट यात्रियों पर लगाया जुर्माना : ट्रेनों में भीड़ को देखते हुए एसीएम (प्रथम) आशीष गुलाटी के नेतृत्व में मुरादाबाद और बरेली टिकट चेकिंग स्क्वायड ने 13152 सियालदह एक्सप्रेस और 15909 अवध असम एक्सप्रेस में टिकट चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें 89 यात्री बिना टिकट और अनियमित यात्रा करते हुए पाए गए। इन यात्रियों से 38700 किराया और 30100 रुपये जुर्माना वसूला गया।

ट्रेन से धक्का देने से घायल राजीव।

- काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस से दिल्ली जा रहा था प्रसाद विक्रेता
- जिला अस्पताल में भर्ती, ट्रेनों में भीड़ से हो रही दिक्कत

बरेली जंक्शन पर ट्रेन में चढ़ने के लिए यात्रियों को जूझना पड़ रहा है। ● अमृत विचार

कैलाश आई एवं जनरल हास्पिटल
सभी टी.पी.ए. आयुष्मान कार्ड, लाल कार्ड, पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना द्वारा नाखूना, मोतियाबिन्द ऑपरेशन, पित्त की थैली की पथरी, अपैन्डिसाइटिस, हार्निया, हाइड्रोसिल, पेट के समस्त ऑपरेशन की सुविधा
फ्री
भर्ती मरीजों की बायोप्सी एवं खून की जाँचें फ्री की जाती हैं।
ओ.पी.डी. ब्लड प्रेशर, शुगर की जाँच, आँख की धुलाई, कम्प्यूटर द्वारा चश्में की जाँच प्रतिदिन फ्री की जाती है।
नाश्ता, रहना, दवाईयां, चश्मा, लेन्स फ्री
अखबार की कटिंग लाने व ऑपरेशन कराने पर रु. 500/- तक का गिफ्ट
किप्स सुपर मार्केट के सामने, 60 एम. आई.जी. जनकपुरी पार्क के पास, बरेली
सम्पर्क करें : संजीव कुमार पाडेय चेयरमैन
9837892555
9412192305

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा, ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय – प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, पीलिया का इलाज, दिमागी बुखार, मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MINAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व चिकित्सक- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
TIME : 10:00 AM TO 5:00 PM
8077344353
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, रेड टेप शोरूम के बराबर में, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये नि:शुल्क सम्पर्क करें। | आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

THE TOOTH LOUNGE Regd. No. : 21537
A COMPLTE DENTAL CARE SOLUTION
● दाँतों के क्राउन और ब्रिज बनवाना ● दाँतों के रंग की फिलिंग करना ● दाँतों का निकालना ● दाँतों की सफाई एवं पॉलिशिंग ● दाँत एवं बत्तीसी बनवाना ● RCT ● डिजिटल एक्स-रे ● टेढ़े मेढ़े दाँतों में तार लगाना ● डेंटल इम्प्लांट
डॉ. नेहा अग्रवाल
BDS, MIDA (Dental Surgeon)
Mob. : 9870822971
Timing : 11 AM to 3 PM & 5 PM to 8 PM
83, सिविल लाइन्स निकट किप्स हीरो सर्विस सेन्टर, चौपला रोड, बरेली।

खानकाह-ए-नियाजिया पर हसनी मियां का उर्स शुरू

दिन भर खानकाह पर चला जायरीन की हाजिरी का सिलसिला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : हजरत शाह मोहम्मद हसनैन उर्फ हसनी मियां कादरी चिश्ती के उर्स का आगाज मंगलवार को हो गया। पहला दिन बड़ी शान-ओ-शौकत के साथ खानकाह-ए-नियाजिया में मनाया गया। सज्जादानशीन हजरत शाह अलहाज मेहंदी मियां कादरी चिश्ती निजामी की सरपरस्ती में उर्स की सभी रस्में अदा की जा रही हैं।

खानकाह के प्रबंधक शब्बू मियां नियाजी ने बताया कि उर्स के पहले दिन फज्र की नमाज के बाद कुरानख्वानी हुई और मजारों पर हाजिरी दी गई। दिन भर जायरीन का खानकाह-ए-नियाजिया में आने का सिलसिला जारी रहा। उन्होंने बताया कि देश-विदेश के मुरीद यहां आ गए हैं। दोपहर में

उर्स के दौरान मौजूद सज्जादानशीन अलहाज हजरत मेहंदी मियां व अन्य।

● **महफिल-ए-समां में फनकारों ने पेश किए कलाम**

खानकाही लंगरखाने में फातिहा के वक्त मुरीदीनों को तबर्रूक बांटा गया। अस्र की नमाज के बाद महफिल-ए-समां हुई, जिसमें फनकारों ने कलाम पेश किए। जिन्हें सुनकर लोग झूमने को मजबूर हो गए। महफिल-ए-समां के बाद फातिहा करने के साथ मजारों पर गुलपोशी और चादरपोशी की गई। इशा की नमाज के बाद दोबारा महफिल-ए-समां का आगाज हुआ। देर रात को सज्जादानशीन मेहंदी मियां गद्दी पर पहुंचे और 1:30 बजे कुल की रस्म अदा की गई। मौलाना कासिम ने बताया कि बुधवार को अस्र की नमाज के बाद मिलाद का आयोजन होगा। इशा की नमाज के बाद मुख्य कुल की रस्म अदा की जाएगी।

विद्युत मजदूर संघ की बरेली क्षेत्र प्रथम और जिले की कार्यकारिणी गठित

बरेली, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश विद्युत मजदूर संघ की मंगलवार को विद्युत निरीक्षण भवन में बैठक में बरेली क्षेत्र प्रथम और जिले की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। इसमें रविन्द्र कुमार राठौर को क्षेत्रीय अध्यक्ष और मनोज सिंह सोमवंशी को क्षेत्रीय सचिव और वैभव दीप गुप्ता को जिला अध्यक्ष, संजीव मिश्रा को जिला सचिव के रूप में मनोनीत किया गया।

बैठक में संघ के प्रांतीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद घिल्डियाल ने बताया कि कार्यकारिणी ने तय किया है कि इस साल अगस्त में प्रांतीय अधिवेशन कानपुर में होगा। क्षेत्रीय अध्यक्ष मनोज सिंह ने कहा कि विभाग में कई साल से लिपिकीय संवर्ग में प्रोन्नतियां लंबित चल रही हैं जिससे कर्मचारियों में रोष है।

इस मौके पर उप महामंत्री, अतहरउददीन अहमद, आकांक्षा राज सक्सेना, मनोज सिंह, रविन्द्र कुमार, वैभव दीप, जिला मंत्री हरीश कुमार, राम प्रकाश, विवेक कुमार, सौरभ सक्सेना, छाया सक्सेना, अंकिता सक्सेना समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

उत्तर प्रदेश विद्युत मजदूर संघ की जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी।

स्ट्रांग रूम का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

बरेली, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की 4 जून को होने वाली मतगणना की तैयारियां तेज हो गई हैं। डीएम रविंद्र कुमार ने मंगलवार को परसाखेड़ा स्थित वेयर हाउस में स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने मतगणना हाल में बिजली व्यवस्था, पंखे, कूलर समेत अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके अलावा शीतल पेयजल की व्यवस्था के भी निर्देश दिए। एसपी देहात दक्षिणी मानुष पारिक ने भी स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

सपा नेताओं ने स्ट्रांग रूम का जायजा लिया

बरेली, अमृत विचार : जिलाध्यक्ष शिव चरन कश्यप के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के नेताओं ने बरेली एवं आंवला लोकसभा क्षेत्र और पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र की बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र की स्ट्रांग रूम में रखी ईवीएम का निरीक्षण किया। इस दौरान महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, शिव प्रताप यादव, रविंद्र यादव ,असलम खान, मोहसिन खान, संजीव कश्यप मौजूद रहे।

स्कूल के बच्चों ने पिकनिक के दौरान की मस्ती

भोजीपुरा, अमृत विचार : हांडा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने फनसिटी और वाटर पार्क में पिकनिक के दौरान जमकर मस्ती की। पार्क में बच्चों ने विभिन्न खेल गतिविधियों में भाग लिया। प्रधानाचार्य डॉ अंशिका जॉर्ज ने कहा बच्चों को पिकनिक के बारे में बताया। प्रबंधिका प्रवीन हांडा ने बच्चों के विकास के लिए शिक्षा के साथ ही खेलकूद भी जरूरी हैं। उन्होंने बच्चों का उत्साहबर्धन किया।

बहनों को शारीरिक और बौद्धिक प्रशिक्षण दिया

आंवला, अमृत विचार : विश्व हिंदू परिषद के दुर्गा वाहिनी शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में बहनों को सशक्त बनाने के लिए शारीरिक और बौद्धिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कस्बे के सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल में 25 मई से एक जून तक आयोजित होने बाले प्रशिक्षण वर्ग में सात विभाग है। जिसमें प्रतिदिन योग, नियुद्ध, दंड, यस्टी, छुरिका, बाधा आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का उद्देश्य बहनों को शारीरिक तथा मानसिक रूप से मजबूत बनाना है। शिविर में प्रांत संगठन मंत्री राजेश कुमार, राजीव सिंह, शशीबाला, अनुज, मानवेंद्र प्रताप सिंह, दुर्गेश सक्सेना, प्रीति, त्रिभुवन, धर्मेंद्र सिंह, गीता सिंह समेत अन्य शामिल हैं।

आधार बनने में देरी पर लोगों का हंगामा

● **प्रधान डाकघर में पुलिस ने गुस्साए लोगों को समझाकर शांत कराया**

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : प्रधान डाकघर में मंगलवार को आधार संशोधित न होने से परेशान लोगों ने जमकर हंगामा किया। लोगों ने कर्मचारियों पर आरोप लगाया। एक व्यक्ति ने यूपी 112 पर फोन कर पुलिस बुला ली। पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत किया।

डाकघर में बड़ी संख्या में लोग सुबह 10 बजे से आधार कार्ड बनवाने और संशोधन कराने के लिए लाइन में खड़े थे, लेकिन तकनीकी खराबी और स्टाफ की कमी की वजह से काम नहीं हो सके। लोगों के अनुसार उन्हें पता चला कि सिस्टम में खराबी आने से काम ठप हो गया है। कई घंटे इंतजार के बाद भी समाधान नहीं हुआ। इससे नाराज होकर हंगामा किया।

प्रधान डाकघर में लोगों को समझाती पुलिस। ● अमृत विचार

नकटिया निवासी प्रमोद कुमार ने बताया कि वह अपनी पत्नी शांति के आधार कार्ड संशोधन के लिए डाकघर पहुंचे थे। यहां डाककर्मी ने उनसे अभद्रता की तो उन्होंने यूपी 112 पर फोन कर पुलिस को बुलाया। पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत किया। डाक घर के जनसंपर्क अधिकारी एसपी शर्मा ने बताया कि तकनीकी खराबी की वजह से समस्या हुई थी। जिसे ठीक करने का प्रयास किया गया।

फिल्म हम दो हमारे बारह पर रोक की उठाई मांग

बरेली, अमृत विचार: फिल्म हम दो हमारे बारह को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा। अब खानकाह-ए-तहसीनिया से जुड़े इत्तेहाद-ए-अहले सुन्नत मिशन की तरफ से फिल्म पर पाबंदी लगाने की मांग की गई है। इस संबंध में मंगलवार को कलेक्ट्रेट में प्रशासनिक अधिकारी को केंद्रीय गृह मंत्री व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। जिसमें संगठन के अध्यक्ष मौलाना सोहेब रजा ने मांग करते हुए कहा कि यह फिल्म इस्लाम के खिलाफ बनाई गई है। जिसे सात जून को रिलीज किया जाने की सूचना है। फिल्म में कुरान की आयतों और हिजाब समेत महिलाओं का अपमान किया गया है। वहीं, अंजुमन खुद्दाम-ए-रसूल के सचिव शान अहमद रजा ने भी फिल्म को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि फिल्म में इस्लाम को गलत ढंग से परिभाषित किया गया है। लिहाजा, फिल्म बनाने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

पौधे लगाने के साथ संरक्षण भी करें

अखिल भारतीय साहित्य परिषद ब्रज प्रांत की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: अखिल भारतीय साहित्य परिषद ब्रज प्रांत के पदाधिकारियों की बैठक मंगलवार को सिटी कार्यालय पर हुई। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष साहित्य भूषण सुरेश बाबू मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण का बिगड़ता संतुलन गंभीर चिंता का विषय है। इसलिए हम सब मिलकर अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनका संरक्षण करें।

प्रांतीय महामंत्री डॉ. शशि बाला राठी ने कहा कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के कारण पृथ्वी का तापमान लगातार बढ़ रहा, जो गंभीर चिंता का विषय है। जनपदीय मंत्री ब्रजेश कुमार शर्मा ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति में एक वृक्ष को दस पुत्र के समान माना गया है। अध्यक्षता कर रहे डॉ. एसपी मौर्य ने कहा कि साहित्य परिषद की ओर से 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रभात नगर पार्क में पौधारोपण किया जाएगा। वीसी दीक्षित, निरूपमा अग्रवाल, रोहित राकेश, डॉ रवि प्रकाश शर्मा ,सुरेन्द्र बीनू सिन्हा और निर्भय सक्सेना,ब्रजेश कुमार शर्मा ने भी विचार रखे। गीतकार कमल सक्सेना ,मोहन चंद्र पांडेय, रितेश साहनी और विमलेश दीक्षित ने पर्यावरण संरक्षण से संबंधित रचनाएं प्रस्तुत कर सब को भाव विभोर कर दिया। संचालन कवि रोहित राकेश ने किया।

विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर दी जानकारी

मीरगंज, अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर विश्व माहवारी दिवस का आयोजन किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बागीश शर्मा ने विश्व महामारी दिवस के बारे में बताया और कहा माहवारी के समय बच्चों को घबराना नहीं चाहिए। यदि किसी को कोई समस्या होती है तो अपने परिवार से खुलकर बात करना चाहिए और साफ सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। कार्यक्रम सहयोगी इमरान ने बताया कि किशोरियों को अपना विशेष ध्यान रखना चाहिए। डॉक्टर रोहन दिवाकर ने बताया गया कि माहवारी के दौरान किशोरियों में चिड़चिड़ापन आ जाता है ऐसे समय में किशोरियों को बिल्कुल नहीं घबराना चाहिए। अगर कोई समस्या आती है आयरन की गोलियों का सेवन करना चाहिए। नगरिया सादात में विश्व माहवारी दिवस का कार्यक्रम सुषमा गंगवार और कुमारी माधुरी चन्द्रा ने किया। बीपीएम पुनीत सक्सेना और बीसीपीएम प्रेमपाल ने स्वास्थ्य उपकेंद्र धनैटा का निरीक्षण किया गया।

संतोष गंगवार की पत्नी की श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे तमाम नेता

श्रद्धांजलि सभा में मौजूद सांसद संतोष गंगवार, पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार, मेयर डॉ. उमेश गौतम विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ .डीसी वर्मा, डॉ. एमपी आर्या व अन्य। ● अमृत विचार

सांसद संतोष गंगवार को सांत्वना देते बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल।

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● **आवास पर हुआ शुद्धि हवन, लोगों ने दी श्रद्धांजलि**

अमृत विचार : सांसद संतोष गंगवार की पत्नी सौभाग्यवती गंगवार की मृत्यु के बाद मंगलवार को आवास पर शुद्धि हवन और श्रद्धांजलि सभा हुई, जिसमें विभिन्न दलों के नेता शामिल हुए। नेताओं ने सांसद को सांत्वना दी।

मंगलवार सुबह भारत सेवा ट्रस्ट के पीछे सांसद के आवास पर शुद्धि हवन हुआ। श्रद्धांजलि सभा में लोगों ने स्व. सौभाग्यवती गंगवार के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। हॉल में भीड़ बढ़ने लगी तो सांसद संतोष गंगवार बाहर लॉन में बैठ गए। रात तक भारत सेवा ट्रस्ट पर लोगों के आने का सिलसिला चलता रहा। इस दौरान भाजपा, सपा और कांग्रेस के नेता, व्यापारी उद्यमी और तमाम जिलों के प्रतिनिधि श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए।

श्रद्धांजलि देने वालों में बृजप्रांत के क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल, मेयर डॉ. उमेश गौतम, विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ. डीसी वर्मा, डॉ. एमपी आर्या, जयपाल सिंह व्यस्त, महाराज सिंह, डॉ. श्याम बिहारी लाल, डॉ. राघवेन्द्र शर्मा ,अनिल एडवोकेट, सांसद धर्मेन्द्र कश्यप, रश्मि पटेल, उषा गंगवार, रमन दीप, डॉ. प्रमेंद्र महेश्वरी, छत्रपाल गंगवार, रमेश जैन, पुष्पेन्द्र शर्मा, आदेश प्रताप, अधीर सक्सेना, स्वामी प्रवक्तानंद, सर्वराज सिंह, भगवत सरन गंगवार, आरके शर्मा, विजयपाल सिंह, ऐबरन गंगवार, चन्द्र मोहन, राज्य सभा सदस्य कान्ता कर्दम, पुष्पेन्द्र पटेल, शाहजहांपुर की मेयर अर्चना वर्मा, नवीन खंडेलवाल, प्रवीन खंडेलवाल, डॉ. विनोद पागरानी, राजेन्द्र अग्रवाल, दिनेश गोयल, राजेश गुप्ता, विनोद ग्रोवर, अनिल द्विवेदी एडवोकेट, कुलपति प्रो. केपी सिंह, नदीम उल हसन, रविन्द्र सिंह राठौर, अनिल अग्रवाल, कंबर एजाज शानू, सुरेश गंगवार, सत्यपाल गंगवार, सर्वेश रस्तोगी, राजेंद्र गुप्ता, डॉ. केएम अरोरा, केसी गुप्ता सीए, मनीष अग्रवाल, पीके गुप्ता, भाजपा प्रवक्ता चंद्र मोहन, ज्ञानी काले सिंह आदि शामिल हैं।

सार-संक्षेप

समर कैंप में बच्चों से कराईं रोचक गतिविधियां

बरेली, अमृत विचार : केशलता इंटरनेशनल स्कूल में आठ दिवसीय समर कैंप का मंगलवार को समापन हो गया। इस मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर लोगों का मनमोह लिया। कैंप में बच्चों को स्किल डेवलपमेंट, आत्मविश्वास, सामाजिक व नेतृत्व कौशल आदि से संबंधित विभिन्न रोचक गतिविधियां और प्रतियोगिताएं कराई गईं। योगा, जुंबा डांस, स्टोरी टेलिंग, मेंटल मैथ्स, क्लासिकल डांस, साइंस एक्सपेरिमेंट आदि स्कूल के विशेषज्ञ शिक्षकों के मार्गदर्शन में कराए गए। इस दौरान बच्चे उत्साहित दिखे। प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा ने समर कैंप का महत्व बताया। विद्यालय की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. लता अग्रवाल और बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डा. केशव अग्रवाल ने समर कैंप के समापन पर सभी को शुभकामनाएं दीं। शिक्षिका माधवी, तनप्रीत कौर, मुस्कान वर्मा, निहारिका, दीपू, प्रदीप सक्सेना, सुमित शर्मा, कृष्ण मुरारी, नगमा सोहेल, पूनम मौजूद रहीं।

वन स्टॉप सेंटर पर मना मासिक धर्म स्वच्छता दिवस

बरेली, अमृत विचार : वन स्टॉप सेंटर पर मंगलवार को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया गया। इस दौरान साकार संस्था की किशोरियों और सेंटर की कर्मचारियों ने मासिक स्वच्छता विषय पर चर्चा की। केंद्र प्रबंधक चंचल ने किशोरियों को बताया कि मासिक धर्म कोई समस्या नहीं है। इन दिनों गंदा कपड़े का इस्तेमाल करने से संक्रमण फैलता है। इससे बचने के लिए सेनेटरी नैपकिन का इस्तेमाल करें। साफ-सफाई विशेष ध्यान रखें। वन स्टाप चौकी इंचार्ज कमलेश समेत तमाम कर्मी मौजूद रहे।

विवेक त्रिपाठी को मिली पीएचडी उपाधि

बरेली, अमृत विचार : बरेली कॉलेज में असिस्टेंट प्रो. विवेक कुमार त्रिपाठी ने रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने शिक्षा शास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। प्रतापगढ़ के पुरे बोधई साल्हीपुर के रहने वाले विवेक कुमार ने 30 से अधिक राष्ट्रीय और एक अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में भाग लिया और अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने प्रो. सुधीर कुमार वर्मा के निर्देशन में शोध कार्य पूरा किया। विश्वविद्यालय में 27 मई को उनकी पीएचडी की मौखिकी हुई।

पर्यावरण संरक्षण के लिए चित्रकला प्रतियोगिता

बरेली, अमृत विचार : इज्जतनगर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर 5 जून तक विश्व पर्यावरण दिवस पर स्वच्छता जागरूकता अभियान चलेगा। इसी क्रम में मंडल के ईएनएचएम विभाग की तरफ से पर्यावरण संरक्षण के लिए इज्जतनगर मंडल के न्यू मॉडल कालोनी स्थित जूनियर हाई स्कूल में स्वच्छ हवा और पानी के विषय पर निबंध प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें 12 बच्चों ने भाग लिया। वहीं रेलवे के गीतांजलि जूनियर हाई स्कूल में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में 17 बच्चों ने हिस्सा लिया। दोनों स्कूलों के प्रांगण में बच्चों ने पौधारोपण भी किया।

इन्वर्टिस के प्रो. राजीव को मिली पीएचडी की उपाधि

बरेली, अमृत विचार : इन्वर्टिस विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग के सहायक प्रो. राजीव सिंह भंडारी को वित्तीय समावेशन विषय में शोध करने पर मंगलवार को पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया। प्रो. राजीव ने बताया कि एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के व्यवहारिक एवं क्षेत्रीय अर्थशास्त्र विभाग के प्रो. एम इसरार खान के मार्गदर्शन में उन्होंने ग्रामीण परिवारों के आर्थिक कल्याण को प्राप्त करने में वित्तीय समावेशन की भूमिका की जांच के लिए चयनित गांवों का अध्ययन किया। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. उमेश गौतम, कार्यकारी निदेशक पार्थ गौतम, कुलपति प्रो. वाईडीएस आर्या, रजिस्ट्रार संतोष कुमार, प्रो. केके दुबे, प्रो. मनीष गुप्ता, प्रो .आरके शुक्ला, प्रो. एसएस त्रिपाठी, प्रो. पीपी सिंह, प्रो. जेएन श्रीवास्तव, प्रो. पंकज कुमार राय आदि ने उन्हें बधाई दी है।

मैं हूं पैड वुमेन अभियान 1 जून से शुरू होगा

बरेली, अमृत विचार : वर्ल्ड मेंस्ट्रुअल हाइजीन डे के उपलक्ष्य में टमोटिया एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट एक जून से मैं हूं पैड वुमेन अभियान शुरू करेगा। बालिकाओं और महिलाओं को लंबे समय से निशुल्क सेनेटरी पैड बांट रहे डॉ. सौरभ अग्रवाल ने बताया कि यह अभियान 15 जून तक चलेगा। इसमें महिलाओं को सेनेटरी पैड के इस्तेमाल के प्रति जागरूक किया जाएगा। कोई भी महिला अभियान से जुड़ सकती है। बताया कि महिलाओं को प्रेरित करते समय ली गई सेल्फी 15 जून तक भेजी जा सकती है। अधिक से अधिक सेल्फी भेजने वाली महिलाओं को ट्रस्ट की ओर से पैड वूमेन सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

एलएलबी की परीक्षा में तीन छात्र नकल करते पकड़े गए

बरेली कॉलेज में सचल दल ने की कार्रवाई, 43 केंद्रों पर शुरू हुई परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: रुहेलखंड विश्वविद्यालय की एलएलबी, बीएलएलएबी समेत कई पाठ्यक्रमों की परीक्षा मंगलवार से नौ जिलों के 43 केंद्रों पर शुरू हो गई। बरेली कॉलेज में पहले ही दिन एलएलबी की परीक्षा में तीन छात्रों को नकल सामग्री के साथ पकड़ा गया। कॉलेज के सचल दल ने सभी को बुक कर रिपोर्ट विश्वविद्यालय भेज दी है।

बरेली कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि कॉलेज में स्वकेंद्र के अलावा क्लासिक लॉ कॉलेज व अन्य केंद्रों की परीक्षाएं हो रही हैं। पहले दिन सचल दल ने एलएलबी द्वितीय सेमेस्टर के दो और एलएलएबी षष्टम सेमेस्टर के एक छात्र को नकल करते पकड़ा है। सभी के पास से गेस पेपर की पेज मिले हैं। सभी का यूएफएम किया गया है।



बरेली कॉलेज में एलएलबी परीक्षा के दौरान चेकिंग करता सचल दल। ● अमृत विचार

अब दूसरे विभागों में होंगी प्रयोगात्मक परीक्षाएं

बरेली कॉलेज की कार्यवाहक प्रचार पंपा गौतम ने महाविद्यालय में विधि, बीबीए, बीसीए समेत अन्य परीक्षाएं हो रही हैं। इसकी वजह से विज्ञान संकाय को छोड़कर जिन-जिन विभागों की मौखिकी और प्रयोगात्मक परीक्षाएं होनी शेष हैं, उन सभी की परीक्षाएं 29 मई से बीबीए, बीसीए और विधि विभाग में होंगी। मौखिकी और प्रयोगात्मक परीक्षा के दौरान भी कोई छात्र अपने साथ में बैग, मोबाइल आदि न लाए। यदि कोई छात्र सामान लाता है तो साइकिल स्टैंड पर जमा कर टोकन प्राप्त करें।

बाल वैज्ञानिकों को उच्च शिक्षा के लिए मिलेगी 80 हजार की धनराशि

बरेली, अमृत विचार : नए शिक्षण सत्र में इंस्पायर अवार्ड योजना के तहत 1 जुलाई से ऑनलाइन आवेदन होंगे। योजना के तहत कई चरणों में आयोजित प्रतियोगिताओं के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को 80 हजार की धनराशि उच्च शिक्षा के लिए दी जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक देवकी सिंह ने बताया कि योजना के अंतर्गत कक्षा 6 से 12 तक के विज्ञान विषय में रूचि लेने वाले छात्र भाग ले सकते हैं। प्रदेश स्तर से ही छात्रों का चयन किया जाएगा। इसके लिए छात्र आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। बताया कि गणित, भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान, जंतु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, एस्ट्रोनॉमी, इलेक्ट्रॉनिक्स, माइक्रोबॉयलॉजी विषयों की पढ़ाई करने वाले छात्रों को ही यह प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। कक्षा छह से 10 तक के छात्रों को विज्ञान क्षेत्र में मॉडल और उनके प्रदर्शन के लिए 10 हजार रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराई जाती है।

रुविवि के इंजीनियरिंग के 60 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट

कुलपति प्रो. केपी सिंह को प्लेसमेंट पाने वाले छात्रों की सूची देते डॉ. एमएस करुणा।

● स्वर्ण जयंती वर्ष में रुहेलखंड विश्वविद्यालय के छात्रों का बेहतर प्रदर्शन

बरेली, अमृत विचार: रुहेलखंड विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती वर्ष में केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्लेसमेंट सेल ने सत्र 2023-24 में 60 छात्रों का प्लेसमेंट कराया। मार्च से मई महीने में

ठाकुरद्वारा की एक कंपनी में 26 छात्रों का प्लेसमेंट हुआ, जिसमें 10 केमिकल इंजीनियरिंग, छह इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, पांच मेकेनिकल इंजीनियरिंग और पांच इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के हैं। इसके अलावा गुजरात की कंपनी में 10 छात्रों का प्लेसमेंट हुआ, जिसमें पांच मेकेनिकल और पांच इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के हैं। इसके अलावा एक कंपनी में गोरखपुर और लखनऊ में चार इलेक्ट्रानिक्स, एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, तीन फार्मेसी, दो एमबीए और एक बीबीएम छात्र का प्लेसमेंट हुआ। गुड़गांव की कंपनी में केमिकल इंजीनियरिंग के दो छात्रों और रामपुर की कंपनी में केमिकल इंजीनियरिंग के दो छात्रों का प्लेसमेंट हुआ। इसके अलावा गजरौला में स्थित एक इजरायल की एमएनसी में 11 छात्रों का प्लेसमेंट हुआ, जिसमें पांच केमिकल इंजीनियरिंग, दो इलेक्ट्रिकल और चार एमएससी अप्लाइड केमेस्ट्री के हैं। इसके अलावा चार अन्य छात्रों का भी एक बड़ी मोबाइल कंपनी में प्लेसमेंट हुआ है। छात्रों के प्लेसमेंट में इंजीनियरिंग की संकायाध्यक्ष प्रो. शोभना सिंह, केमिकल इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ. एमएस करुणा, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट अधिकारी प्रो. विनय ऋषिवाल, प्रो. यतेंद्र कुमार, शुबी गुप्ता, रॉबिन बालियान आदि का अहम योगदान रहा। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती वर्ष में छात्रों का प्लेसमेंट बेहतर रहा है। उन्होंने कहा कि यह शिक्षकों, कर्मचारियों और विश्वविद्यालय प्रशासन की कड़ी मेहनत का परिणाम है।

15 दिवसीय थिएटर फेस्ट 16 से होगा शुरू

बरेली, अमृत विचार : रंगालय एकेडमी ऑफ आर्ट एंड कल्चर सोसाइटी की ओर से खुशहाली सभागार में द्वितीय 15 दिवसीय थिएटर फेस्ट का आयोजन 16 से 30 जून तक किया जाएगा, जिसमें गुजरात, झारखंड, बिहार, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड समेत तमाम राज्यों के नाट्य दल नाटक का मंचन करेंगे।

मंगलवार को हुई बैठक में कार्यक्रम संयोजक शैलेन्द्र आजाद ने बताया कि थिएटर फेस्ट में प्रतिदिन एक नाटक का मंचन होगा। संरक्षक डॉ. विनोद पागरानी, अनिल अग्रवाल, अमिता अग्रवाल, पार्षद राजेश अग्रवाल, पवन सक्सेना आदि मौजूद रहे।

समर कैंप के विरोध में उतरे शिक्षक संगठन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● शिक्षक नेता बोले-भीषण गर्मी में बच्चों की खराब हो सकती है तबीयत

● संगठनों ने बीएसए को पत्र भेजकर कैंप न कराने की मांग की

अमृत विचार : परिषदीय स्कूलों में 5 से 11 जून तक पर्यावरण संरक्षण विषय के साथ समर कैंप आयोजित करने का आदेश दिया गया है। जबकि स्कूलों में भीषण गर्मी को देखते हुए इस बार 18 मई से गर्मी की छुट्टियां कर दी गई हैं। समर कैंप को लेकर शिक्षक संगठनों ने विरोध शुरू कर दिया है। शिक्षक नेताओं का कहना है कि अगर तेज धूप में बच्चों को स्कूल बुलाया तो उनकी तबीयत खराब हो सकती है। मंगलवार को विभिन्न संगठनों ने बीएसए समेत उच्च अफसरों को पत्र लिखकर समर कैंप न कराने की मांग की है।

शिक्षक नेताओं के मुताबिक समर कैंप को लेकर महानिदेशक स्कूल शिक्षा की ओर आदेश जारी किया गया है, जिसका विरोध किया जा रहा है।

पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार शर्मा का कहना है कि पर्यावरण संरक्षित करने के उद्देश्य से कैंप का आयोजन करने का आदेश दिया गया है। जबकि विभाग को इस दिशा में पहले ही विचार करना था। मौसम विभाग की ओर से 10 जून तक भीषण गर्मी को लेकर लगातार अलर्ट किया जा रहा है। छुट्टी के दिनों में ज्यादातर बच्चे घर से बाहर हैं। ऐसे में बच्चों को बुलाया जाना, घातक हो सकता है। महिला शिक्षक संघ की जिला महामंत्री शिखा अग्रवाल का कहना है कि भीषण गर्मी के कारण लोग घरों से निकलने से बच रहे हैं। ऐसे में स्कूल में कैंप आयोजित करना उचित नहीं है। यूटा के जिलाध्यक्ष भानू प्रताप सिंह का कहना है कि इन दिनों कैंप के लिए मौसम अनुकूल नहीं है। जिले के ज्यादातर स्कूलों में समुचित व्यवस्थाएं भी नहीं हैं।

> समर कैंप को लेकर शासन की ओर से निर्देशित किया गया है। इसमें पर्यावरण संरक्षण विषय पर आधारित कई गतिविधियों को शामिल किया गया है। शिक्षक संगठनों ने कैंप न कराने की मांग की है। इसको लेकर अभी कोई निर्णय नहीं हुआ है, क्योंकि शाम को इनका पत्र मिला है। -संजय सिंह, बीएसए

साहू रामस्वरूप महाविद्यालय में 16 सर्टिफिकेट कोर्स में प्रवेश शुरू

बरेली, अमृत विचार : साहू रामस्वरूप महिला महाविद्यालय में 16 सर्टिफिकेट कोर्सों में प्रवेश शुरू हो गए हैं। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अनुपमा मेहरोत्रा ने बताया सर्टिफिकेट कोर्स में प्रवेश के लिए छात्राओं को कॉलेज में पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण शुल्क सौ रुपये और पाठ्यक्रम शुल्क 600 रुपये प्रति निर्धारित है। कॉलेज में मुख्य रूप से फैशन डिजायनिंग, इंटीरियर डेकोरेशन, डिजायन कमर्शियल, गांधी अध्ययन, बौद्ध अध्ययन, डाइटेटिक्स, कम्प्यूटर आदि हैं।

गुलाबबाड़ी श्मशान स्थल के गेट पर होटल से गंदगी बहाने पर रोष

गुलाबबाड़ी श्मशान भूमि ट्रस्ट कार्यकारिणी की बैठक में मौजूद सदस्य।

बरेली, अमृत विचार : एक होटल गुलाबबाड़ी श्मशान स्थल के गेट पर गंदगी बहा रहा है। मंगलवार को गुलाबबाड़ी श्मशान भूमि ट्रस्ट कार्यकारिणी की बैठक में यह मुद्दा उठाया गया। होटल प्रबंधन के प्रति नाराजगी जताई गई।

समिति के उपाध्यक्ष तोताराम गुप्ता और राज बहादुर सक्सेना ने बताया कि इस संबंध में होटल प्रबंधन से बात की गई है। उपाध्यक्ष दिनेश दद्दा ने बताया के होटल पिछले महीने से लगातार गंदगी और पानी बहा रहा है, जो श्मशान स्थल के गेट तक आ रहा है। फिसलन के कारण लोग गिर सकते हैं। अध्यक्ष छंगामल मौर्य ने कहा कि जल्द इस संबंध में एक शिष्टमंडल अफसरों से मिलेगा। संरक्षक प्रो. आरके वैश्य, चरण दास अदलखा ,पार्षद अजय रत्नाकर, अजय बर्मन, डा. नवल किशोर, राम मूर्ति मौर्य, दयाशंकर वर्मा, प्रदीप सिंह, योगेंद्र सिंह कनौजिया, डॉ एमएल. मौर्य आदि ने भी विचार रखे। संचालन महामंत्री अनिल सक्सेना ने किया।

1.46 लाख यात्रियों का मददगार बना रेलवे

बरेली, अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने रेल मदद ऐप, हेल्प लाइन नंबर-139, एसएमएस एवं वेबसाइट पर आने वाली शिकायतों के शत प्रतिशत निस्तारण का दावा किया है। पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 1.46 लाख यात्रियों ने रेल मदद से सहायता मांगी, इनमें 6,109 मामलों में यात्रियों को ट्रेनों में और 225 मामलों में स्टेशनों पर तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। स्टेशनों पर 352 पानी संबंधित शिकायतों का निस्तारण कर पानी उपलब्ध कराया गया। ट्रेनों के अंदर 242 और स्टेशनों पर 49 मामलों में महिलाओं की विशेष परिस्थितियों में मदद की गई। स्टेशनों पर यात्री सुविधा के तहत 1,625 और लगेज एवं पार्सल के 5,112 मामलों का निस्तारण किया गया।

बड़ा बाग स्थित बाबा रामदास मंदिर में बड़े मंगल पर पूजा करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

बड़े मंगल पर हनुमान मंदिरों में उमड़े भक्त

● मंदिरों में विशेष पूजा, सुंदरकांड का पाठ, भजन और भंडारा हुआ

बरेली, अमृत विचार : ज्येष्ठ माह के बड़े मंगल के उपलक्ष्य में शहर के हनुमान मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। मंगलवार को मंदिरों में बजरंगबली की विशेष पूजा की गई। कई स्थानों पर सुंदरकांड का पाठ, भजन और भंडारा हुआ।

सुबह जंक्शन स्थित संकट मोचन मंदिर, बड़ा बाग बाबा रामदास मंदिर, गार्डेन सिटी स्थित हनुमान मंदिर, होलिका मंदिर, प्रेमनगर चौराहा हनुमान मंदिर, सिविल लाइंस स्थित हनुमान मंदिर, सेटेलाइट स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर आदि मंदिरों में भक्तों ने विशेष पूजा की। महाआरती में भी श्रद्धालुओं बड़ी संख्या में भाग लिया। सेटेलाइट, चौकी चौराहा, पीलीभीत बाईपास, चौपुला समेत कई स्थानों पर शरबत का वितरण किया गया।

अब तक 60 हजार पंजीकरण

बरेली, अमृत विचार : रुहेलखंड विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए अब तक करीब 60 हजार पंजीकरण हो चुके हैं। बरेली कॉलेज में दो हजार पंजीकरण हुए।

हरि मंदिर में संगीतमयी रामकथा 1 जून से

बरेली, अमृत विचार : श्री हरि मंदिर में संगीतमयी श्रीराम कथा का आयोजन एक से नौ जून तक होगा। इस संबंध में मंगलवार को मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष सतीश खट्टर ने बताया कि राम कथा का आयोजन परिसर में ही होगा। पंडित बृजेश पाठक कथा का रसास्वादन कराएंगे। सचिव रवि छाबड़ा ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर में 3 से शाम 6 बजे तक होगी। इस दौरान सुशील कुमार, संजय आनंद, गोविंद तनेजा,अनिल, कुल संजीव राय, जतिन दुआ, विनोद भाटिया , राम स्वरूप खनिजों, गिरीश आनंद आदि रहे।

दावा : कोल्ड चेन की व्यवस्थाएं चाक चौबंद

स्टोर में वैक्सीन चेक करते डॉक्टर।

बरेली, अमृत विचार : जिला वैक्सीन कोल्ड चेन के मामले में प्रदेश में शीर्ष पर है। दरअसल, देहात क्षेत्र में बिजली कटौती से कोल्ड चेन के अव्यवस्थित होने की शिकायतों पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन ने मंगलवार को विभागीय बैठक कर जानकारी दी कि डीप फ्रीजर में रखी वैक्सीन खराब हो सकती है लेकिन यहां वैक्सीन डीप फ्रीजर में नहीं बल्कि आईसलेंड रेफ्रिजिरेटर यानी आईएलआर में रखी जाती है, अगर 48 घंटे बिजली गुल रहती है। इसके बाद भी वैक्सीन को कोई नुकसान नहीं होगा। वहीं एविन एप के माध्यम से शासन स्तर से वैक्सीन के रखरखाव की निगरानी की जा रही है। भीषण गर्मी में शहर और देहात क्षेत्र में 10 घंटे बिजली गुल होने की शिकायतें आ रही हैं।

रोटी बैंक की ओर से शरबत का किया गया वितरण

बरेली, अमृत विचार : बड़े मंगल के उपलक्ष्य में रोटी बैंक ने गंगाचरण अस्पताल पर छबील लगाकर लोगों को शरबत का वितरण किया। इस दौरान रोटी बैंक के संस्थापक डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी ने लोगों से तेज धूप से बचने और बिना जरूरत के घर से नहीं निकलने की अपील की।

सर्राफा बाजार में राहगीरों को बांटा शरबत

बरेली, अमृत विचार : बड़े मंगल पर बरेली महानगर ज्वैलर्स बुलियन एसोसिएशन के सदस्यों ने साहूकारा स्थित सर्राफा बाजार में राहगीरों को शरबत का वितरण किया। संदीप अग्रवाल, अमित अग्रवाल, गणेश राव सावंत, राजकुमार मेहरोत्रा, मुकेश कुमार, रवि कुमार, गोपाल कृष्ण अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, संजीव, नीटू, बबलू पटवा, वासू, मनन, सात्विक व तरुण अग्रवाल मौजूद रहे।

टूटे रिश्तों को जोड़ रहा सखी वन स्टॉप सेंटर

प्रदीप यादव, बरेली

● काउंसलिंग के जरिए पति-पत्नी के बीच के विवादों को सुलझाया

● दावा : आठ साल में 99% मामलों का निस्तारण कर घर टूटने से बचाए

अमृत विचार : जिंदगी भर साथ चलने का वादा करने वाले बीच सफर में ही हमसफर को छोड़ रहे हैं। ऐसे टूटते रिश्तों को बचाने का काम सखी वन स्टॉप सेंटर कर रहा है। आंकड़े भी इसकी गवाही दे रहे हैं। आठ वर्षों में सेंटर ने 99 फीसदी मामलों में पति और पत्नी के बीच सुलह कराकर घर टूटने से बचाए हैं। यहां घरेलू हिंसा और दहेज उत्पीड़न जैसी समस्याओं से जूझ रहीं पीड़िताओं को एक ही छत के नीचे पांच तरह की सुविधाएं दी जा रही हैं। अफसरों के मुताबिक जिन मामलों में सुलह नहीं हो पाती है, उन्हीं प्रकरणों को विधिक कार्रवाई के लिए संबंधित थानों में भेजा जाता है।

सेंटर की प्रबंधक चंचल गंगवार के मुताबिक पहले महिलाएं सेंटर पर आने में झिझकती थीं। अगर आ भी जाती थीं तो शिकायत दर्ज कराना नहीं चाहती थीं। सिर्फ इतना चाहती थीं कि उनके साथ घरेलू हिंसा न हो, विधिक कार्रवाई से भी मना कर देते थीं, लेकिन कुछ वर्षों में बदलाव आया है। अब महिलाएं बेझिझक सेंटर पर आती हैं। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2016-17 में सबसे कम 96 और 2023-24 में सबसे अधिक 748 घरेलू हिंसा के मामले सामने आए थे। इसमें भी सबसे ज्यादा एक-दूसरे पर शक और दहेज उत्पीड़न के मामले थे। पिछले आठ वर्षों में कुल 3044 मामले दर्ज हुए हैं। इनमें 3010 मामलों का निस्तारण कराया जा चुका है। कुछ ही मामले ऐसे हैं, जिन्हें विधिक कार्रवाई के लिए संबंधित थानों में भेजा गया है।

> सेंटर ने आठ साल में तीन हजार से अधिक महिलाओं के दंपती जीवन की डोर मजबूत की है। अल्पावास में पीड़ित महिलाओं को तमाम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। -चंचल गंगवार, प्रबंधक, सखी-वन स्टॉप सेंटर

एक ही छत के नीचे पांच तरह की सुविधाएं

पीड़ित महिलाओं को एक ही छत के नीचे सखी-वन स्टॉप सेंटर में पांच तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराईं जाती हैं, जिसमें पुलिस सहायत, काउंसलिंग, चिकित्सा, विधिक कार्रवाई, अल्पावास और निशुल्क भोजन। यहां पीड़िताओं अल्पवास के रूप में पांच दिन रहने की सुविधा दी गई है। अफसरों के अनुसार प्रतिदिन 45 मिनट मामलों में सुलह के लिए काउंसलिंग होती है।

खातों में 30 जून से पहले पहुंचेगी यूनिफार्म और ड्रेस की रकम

● पोर्टल पर परिषदीय स्कूलों के बच्चों का ब्योरा अपडेट करने की प्रक्रिया तेज

बरेली, अमृत विचार : इस बार 30 जून से पहले परिषदीय स्कूलों के बच्चों के अभिभावकों के खातों में यूनिफार्म और ड्रेस का पैसा पहुंच जाएगा। डीबीटी के तहत धनराशि भेजने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। कक्षा 1 से 8 वीं तक की कक्षाओं में प्रोन्नत हुए बच्चों का ब्योरा तैयार किया जा रहा है।

पिछले शैक्षिक सत्र में करीब 3 हजार से अधिक बच्चे आधार वेरिफिकेशन, खाता सीडेड आदि कमियों के कारण इस योजना से वंचित रह गए थे। इस बार शत प्रतिशत बच्चों को यह लाभ मिल सके, इसलिए पहले से ही सभी जरूरी ब्योरा तैयार कराया जा रहा है। इस योजना के तहत परिषदीय स्कूलों में अभी तक पंजीकृत 3.25 लाख से अधिक बच्चों को यह लाभ मुहैया कराया जाएगा। हालांकि स्कूल खुलने के बाद सितंबर तक बच्चों के दाखिले किए जाएंगे। नए पंजीकृत बच्चों को भी इस सुविधा का लाभ दिया जाएगा। डीबीटी के तहत बच्चों के अभिभावकों के खाते में दो सेट ड्रेस के लिए 600, स्कूली बैग के लिए 175, जूते मोजे के लिए 125, स्वेटर के लिए 200 और स्टेशनरी के लिए 100 रुपये भेजे जाएंगे। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि पिछले बार ज्यादातर बच्चों को आधार कार्ड , जन्म प्रमाण पत्र आदि दस्तावेजों में कमियों के चलते यह लाभ नहीं मिल पाया था। इसके लिए इस बार अभिभावकों को भी जागरूक किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक बच्चों को यह लाभ मिल सके।

एक नजर

छेड़खानी के विरोध पर महिला को पीटा

सीबीगंज, अमृत विचार : घर के दरवाजे पर खड़ी महिला से पड़ोसी युवक ने छेड़खानी की। महिला ने विरोध किया तो युवक ने उसे पीटकर घायल कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र की एक महिला ने बताया कि वह सोमवार शाम घर के दरवाजे पर खड़ी थी। तभी पड़ोस में एक व्यक्ति के मकान में किराए पर रहने वाले राजवीर ने उसके साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट की गई।

किशोरी को ले जाने के आरोप में सात पर रिपोर्ट

सीबीगंज, अमृत विचार : एक किशोरी को बहलाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र की महिला ने पुलिस को बताया कि 22 मई को उसकी नाबालिग बेटी को गांव का बिक्की बहलाकर ले गया। इसमें बिक्की का बिलाल, शमशाद, आसू, मुन्ना, सलमा और अमर ने सहयोग किया।

रंजिशन महिला समेत तीन पर किया हमला

सीबीगंज, अमृत विचार : पुरानी रंजिश में एक महिला और उसके बेटे की जमकर पिटाई की गई। जिससे महिला गंभीर घायल हो गई। बेटे की तहरीर पर पुलिस ने उसके चाचा, ताऊ समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र के गांव बिधौलिया निवासी नाजिस ने बताया कि सोमवार रात उसके चाचा मुख्तियार, ताऊ जमील, निसार, अखलाक घर में घुस आए। आरोप है कि पहले उसका मोबाइल छीना फिर उसे, उसकी मां और भाई की लोहे की रॉड से पीटा। सभी घायल हो गए। महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है।

कच्ची शराब बेचने से मना करने पर पड़ोसी को पीटा

बरेली, अमृत विचार : सुभाषनगर थाना क्षेत्र के करेली में कच्ची शराब बेचने के विरोध पर पड़ोसी ने युवक के साथ मारपीट की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। करेली निवासी दुर्गा प्रसाद का आरोप है कि गांव के ही रहने वाला हरिद्वारी कच्ची शराब बेचता है। इससे गांव का माहौल खराब हो रहा है।

जिन पर जिम्मेदारी, वही उड़ा रहे यातायात नियमों की धज्जियां



बरेली, अमृत विचार : जन सामान्य को कानून का पाठ पढ़ने वाले ही यातायात नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। बिना हेलमेट के बाइकों को दौड़ा रहे हैं। मंगलवार को कुछ स्थानों पर बाइक सवार पुलिस कर्मी बिना हेलमेट के ट्रिपलिंग करते दिखे। पटेल चौक पर बिना हेलमेट के स्कूटी पर दो महिला पुलिसकर्मी नजर आईं। नवल्टी चौराहा, सिविल लाइन हनुमान मंदिर के पास, सेटेलाइट बस अड्डा और पीलीभीत बाईपास पर भी पुलिसकर्मी नियम तोड़ते नजर आए। एसपी ट्रैफिक शिवराज का कहना है कि अगर पुलिस कर्मी यातायात नियमों का पालन नहीं करेंगे तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। इसको लेकर जल्द अभियान चलाया जाएगा।

गैंगस्टर सुरेश प्रधान समेत 27 बदमाशों की संपत्ति होगी जब्त

कटरी तिहरा हत्याकांड: पुलिस ने 27 लोगों के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- फतेहगंज पूर्वी इंस्पेक्टर कर रहे थे दोनों मुकदमे की विवेचना

अमृत विचार : फरीदपुर क्षेत्र के कटरी में जमीन के विवाद में हुए तिहरे हत्याकांड में गैंगस्टर के दोनों मुकदमों में पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दी। चार्जशीट में दोनों पक्षों की तरफ से गैंगस्टर सुरेश प्रधान समेत 27 को आरोपी बनाया गया है। पुलिस सभी आरोपियों की संपत्ति जब्त करेगी।

11 जनवरी 2023 को गोविंदपुर की कटरी में हिस्ट्रीशीटर सुरेश पाल सिंह तोमर और सरदार डॉ. परमवीर सिंह पक्ष के बीच जमीन के विवाद में खूनी संघर्ष हुआ था। खूनी संघर्ष में चंडीगढ़ निवासी सरदार परमवीर सिंह पक्ष के देवेंद्र सिंह, परमेंद्र सिंह की गोली लगने से मौके पर मौत हो गई थी, जबकि सुरेश पक्ष से उनके ड्राइवर गोलू की हत्या की गई थी। मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। जिसमें कुछ आरोपी जेल में हैं तो कुछ जमानत पर बाहर हैं। मामले में फरीदपुर के तत्कालीन थाना प्रभारी दयाशंकर सिंह ने 27 फरवरी 2023 को दोनों पक्षों पर अलग-अलग गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। इन दोनों मुकदमों की जांच फतेहगंज पूर्वी थाना प्रभारी मदन मोहन चतुर्वेदी कर रहे थे। थाना प्रभारी ने दोनों की विवेचना पूरी कर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी है। जिसमें सरदार परमवीर सिंह के पक्ष के छह और सुरेश प्रधान पक्ष के 21 को आरोपी बनाया गया है। हत्याकांड के बाद ही कुछ समय बाद ही आरोपियों को भूमाफिया घोषित कर दिया गया थी। इसके साथ ही गैंगस्टर एक्ट में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। गैंगस्टर एक्ट में पुलिस आरोपियों की छह करोड़ की संपत्ति में सरदार डॉ. परमवीर का फार्म हाउस, फार्म हाउस में बनी कोठी, ट्रैक्टर, अन्य गाड़ियां और हिस्ट्रीशीटर सुरेश पाल सिंह तोमर का घर, मकान व गाड़ियां चिह्नित की थी। पुलिस ने आरोपियों के भूमाफिया गैंग का भी पंजीकरण कराया था।

> फरीदपुर के कटरी के तिहरे हत्याकांड में दोनों पक्षों पर दर्ज किए गए गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। अब दोनों गैंग की संपत्ति को जब्त की जाएगी।
> –**मानुष पारीक**, एसपी देहात दक्षिणी

बचाव में अफसरों के संपर्क में रहे थे सत्ताधारी नेता

सुरेश प्रधान पक्ष के पाठक बंधुओं के बचाव में सत्ताधारी नेता अधिकारियों के संपर्क में रहे थे। पाठक बंधुओं पर पुलिस का शिकंजा कसने के साथ-साथ सत्तापक्ष के कुछ नेता भी सक्रिय हुए थे। अधिकारियों के समक्ष यह लोग पाठक बंधुओं का पक्ष रख उनको पाक-साफ साबित करने की कोशिश में जुटे रहे थे।

इन आरोपियों के खिलाफ दाखिल की गई चार्जशीट

गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में सरदार परमवीर सिंह, खजांचीलाल शर्मा, रविन्द्र यादव, विकल, सुरेन्द्र पाल सिंह और अनमोल रतन को आरोपी बनाया गया है। जबकि, हिस्ट्रीशीटर सुरेश पाल सिंह पक्ष में सुरेश उनके बेटे विकास सिंह, अजय पाल, राहुल सिंह, मुनेन्द्र, कुलदीप सिंह, रामनरेश, प्रतुल तोमर, अजीत सिंह तोमर, अशोक कुमार, सूरजपाल सिंह, सुनील, सुधीर, लुकमान, ऋषिपाल, अभिषेक, रोहित सिंह, मुकेश, रिंकू सिंह, संजय सिंह और विपिन सिंह का नाम शामिल किया गया है।

किशोरी को आत्महत्या के लिए उकसाने के दोषी को 10 वर्ष कैद

विधि संवाददाता, बरेली : किशोरी पर शादी के लिए दबाव बनाकर आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में बारादरी लोधीटोला निवासी आलम को परीक्षण में दोषी पाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय रवि कुमार दिवाकर ने 10 वर्ष सश्रम कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

सरकारी वकील दिगम्बर पटेल और सौरभ तिवारी ने बताया कि पुराना शहर निवासी आसिफ ने थाना बारादरी में तहरीर देकर बताया कि आलम उसकी पुत्री शबनूर पर शादी का दबाव बनाता था। प्रताड़ित करता था। इसकी शिकायत उसने आलम के घर वालों से कर समझाया था कि वह शादी नहीं कर सकता, फिर भी वह बेटी पर लगातार दबाव बनाता रहा, जिससे परेशान होकर उसकी बेटी शबनूर ने 27 सितंबर 2020 को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

जहां महिलाओं का ज्यादा आवागमन, वहां तैनात की जाएं महिला पुलिसकर्मी

अदालत ने महिला अपराध से जुड़े मामले को संजीदगी से लेते हुए निर्णय की कॉपी अपर मुख्य सचिव गृह और एसएसपी को भेजकर निर्देशित किया कि जिले में महिलाओं के आवागमन के ज्यादा वाले स्थानों पर महिला पुलिसकर्मी तैनात की जाएं। स्कूलों के खुलने और बंद होने के समय, पार्क, बाजार आदि स्थानों पर नियमित रूप से पेट्रोलिंग की जाए, ताकि किसी भी छात्रा, महिला के साथ छेड़खानी की घटना न हो। किसी भी छात्रा, महिला को आत्महत्या न करना पड़े।

साले को नंगा कर पीटा, वीडियो भी बनाई

- पुलिस ने दो नामजद समेत आठ पर दर्ज की रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : बारादरी क्षेत्र में एक युवक के घर में घुसकर जीजा ने एक युवती और छह साथियों के साथ मिलकर हमला बोल दिया। युवक का आरोप है कि सभी ने उसके साथ मारपीट की और उसके कपड़े उतरावकर वीडियो बनाई। पुलिस ने दो नामजद समेत छह आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्रीन पार्क निवासी प्रांशु के मुताबिक वह किराए के मकान में रहते हैं। आरोप है कि उनके बदायूं के डोलापुर दातागंज निवासी जीजा हेमपाल उर्फ टिंकू का किसी अन्य महिला के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा है, जिसका वह विरोध करते हैं। इसी रंजिश में हेमपाल 26 मई की रात करीब 12 बजे नेहा और छह अज्ञात लोगों के साथ उनके घर में घुस आया और मारपीट की। आरोप है कि विरोध करने पर सभी ने मिलकर उनकी पिटाई की और कपड़े उतरवाकर वीडियो बनाई।

सार-संक्षेप

लकड़ी बीनने गई महिला से दुष्कर्म की कोशिश

बरेली, अमृत विचार : जंगल में लकड़ी बीनने गई महिला के साथ एक युवक ने दुष्कर्म करने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपी ने महिला के कपड़े फाड़ दिए। एसएसपी के आदेश पर सीबीगंज थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। महिला के मुताबिक वह 21 मई को जंगल में लकड़ी बीनने गई थी। एक युवक ने उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की और विरोध पर कपड़े फाड़ दिए। महिला ने पुलिस से शिकायत की लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। एसएसपी से शिकायत के बाद सीबीगंज थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

तेज रफ्तार कार ने सिपाही को मारी टक्कर

बरेली, अमृत विचार : बारादरी थाना क्षेत्र में पीलीभीत बाईपास पर तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार सिपाही को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल सिपाही को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बारादरी थाना पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सिकलापुर निवासी सिपाही राज बाबू तिवारी रविवार देर रात बारादरी थाना क्षेत्र से ड्यूटी पूरी करने के बाद घर जा रहे थे। पीलीभीत बाईपास पर पहुंचने के बाद तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। राज बाबू की शिकायत पर बारादरी थाना पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ट्रेन खड़ी रही टिसुआ पर, वेबसाइट पर दिखाया बरेली

फरीदपुर, अमृत विचार : रेलवे में सामान्य यात्रियों की समस्या की तरफ किसी जिम्मेदार का ध्यान नहीं जा रहा हैं। पैसेंजर गाड़ी के यात्री रोज ट्रेनों के लेटलतीफी से दो चार हो रहे हैं। रोजा जंक्शन से चलकर बरेली जाने वाली पैसेंजर मंगलवार सुबह टिसुआ स्टेशन पर खड़ी रही, लेकिन वेबसाइट पर उसे बरेली जंक्शन पहुंचना दिखा दिया गया। जिसकी शिकायत समाजसेवी अमित तोमर ने डीआरएम मुरादाबाद से किया। यही नहीं स्थानीय स्टेशन मास्टर से जब इस बारे में यात्रियों ने कहा तो उन्होंने यह कहकर टाल दिया की नेट के चक्कर में मत पड़ो, गाड़ी 15 मिनट बाद आ रही है। इस दौरान लगभग आठ गाड़ियों को क्रॉस कराया गया।

चुनाव ड्यूटी पर महिला पुलिसकर्मी, पिंक बूथों पर सन्नाटा

बरेली, अमृत विचार : महिला पुलिस कर्मियों की ड्यूटी चुनाव में लगी है। इस वजह से पिंक बूथों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। जिले को 19 पिंक बूथ हैं। मंगलवार को किला थाना क्षेत्र के पिंक बूथ में एक भी महिला पुलिसकर्मी नहीं मिली। जबकि वहां चौकी प्रभारी व एक कांस्टेबल बैठे थे। कोतवाली के पास पिंक बूथ पर कई दिनों से ताला लटका है। करगैना में पिंक बूथ में भी महिला पुलिसकर्मी इस समय तैनात नहीं हैं। एसएसपी ऑफिस से मिले आंकड़ों के अनुसार पिंक बूथों में आम दिनों में औसतन तीन से 4 महिलाएं रोज शिकायतें लेकर पहुंचती हैं। तीन माह में कुल 228 शिकायतें इन बूथों पर पहुंची हैं। अफसर शत प्रतिशत शिकायत निस्तारण का दावा कर रहे हैं। चुनावी ड्यूटी की वजह से थानों में फोर्स कम है। अधिकांश महिला कर्मचारी थाने में तैनात हैं। सामान्य तौर पर एक बूथ पर एक हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल होती है।

भट्टा मालिक से रुपये लेकर ठेकेदार गायब

नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक ठेकेदार ने लेबर पहुंचाने के नाम पर कश्मीर के भट्टा स्वामी से एक लाख रुपये पेशगी ली और लेबर लेकर जाते समय रास्ते से ही गायब हो गया। जिसके बाद लेबर भी गायब हो गए। भट्टा स्वामी ने पुलिस से इसकी शिकायत की है। जम्मू कश्मीर के बड़गांव जिले के बड़ीपुरा तहसील के थाना चाडूरा क्षेत्र में हिलाल अहमद का शाहीन 111 नाम से भट्ठा है। नवाबगंज के कुछ लोग लेबर ठेकेदारी का कार्य करते हैं और भट्ठों पर लेबर पहुंचाते हैं। जरेली के एक ठेकेदार ने भट्ठा स्वामी हिलाल से 35 सांचों की लेबर पहुंचाने के लिए पहले 80 हजार रुपये आनलाइन भुगतान से लिए और इसके बाद लेबर पहुंचाने के लिए 20 हजार और लेकर भट्ठा स्वामी के साथ साथ एक गाड़ी में लेबर लेकर अपनी कार से चल दिया। रिठौरा कस्बे से कुछ दूर निकल कर ये लोग एक ढाबे पर खाना खाने के लिए रुके और यहां से चलने के बाद ठेकेदार कार सहित कहीं खिसक लिया और इसके बाद लेबर भी वहां से निकल गए। इसकी भनक लगते ही भट्ठा स्वामी ने भोजीपुरा क्षेत्र में लेबर लेकर जाने वाले ट्रक चालक को पकड़ लिया और उसे लेकर ठेकेदार के विरुद्ध शिकायत लेकर कोतवाली पहुंच गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दिल्ली का बाइक चोर गिरोह जिले में सक्रिय

बरेली, अमृत विचार : जिले में दिल्ली का बाइक चोर गिरोह सक्रिय है। गिरोह बाइक चोरी कर 10 हजार रुपये में बेच देता है। गैंग के सदस्य इन पैसों से महंगे शौक पूरे करते हैं। बारादरी पुलिस ने एक चोर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। दावा है कि बहुत जल्द उसके गिरोह के अन्य सदस्यों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह साथियों के साथ दिन में बरेली पहुंच जाता है। उसके बाद जिन बाइकों का लाक पुराना दिखता है, उसमें चाभी लगाते हैं। लाक खुलते ही उसे भीड़ वाले स्थान पर ले जाकर पार्क कर देते हैं। उसके बाद दूसरे वाहनों पर हाथ साफ करने के लिए निकलते हैं। दो से तीन बाइक चोरी करने के बाद उसे चलाते हुए सीधा दिल्ली पहुंचते हैं। जहां पर चोरी की बाइक काटने वाले दुकानदार को 10 हजार रुपये के हिसाब से बाइक बेच देते हैं। यह गिरोह बरेली और आसपास के जिलों में दो दर्जन से अधिक बाइके चुरा चुका है। थाना प्रभारी अमित पांडे ने बताया कि जल्द गिरोह के अन्य साथियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

बुजुर्ग महिला को लूटने वाले दो बदमाश सीसीटीवी फुटेज में कैद

- दोनों ने ढके थे चेहरे, पुलिस बोली महिला के जानकार हो सकते हैं बदमाश

बरेली, अमृत विचार : सैनिक कॉलोनी में बुजुर्ग महिला अवधेश को बंधक बनाकर लूटपाट करने वालों की पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से तलाश कर रही है। सीसीटीवी फुटेज में दो बदमाश कैद हुए हैं। पुलिस की शुरुआती जांच के मुताबिक दोनों लुटेरे महिला को पहले से जानते होंगे और घर के अंदर और बाहर की स्थिति भी पूरी तरह से जानते होंगे।

इज्जतनगर थाना क्षेत्र की सैनिक कॉलोनी में अवधेश को सोमवार की दोपहर दो नकाबपोश बदमाशों ने बंधक बना कर उनकी सोने की चेन, कुंडल, मोबाइल और घर में रखी नकदी लूट ली थी। विरोध करने पर बदमाशों ने उनके चेहरे पर ईंट से हमला कर दिया था और उन्हें कमरे में बंद कर दिया था। पुलिस ने जब घटना स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला तो उसमें दो बदमाश कैद हुए हैं। दोनों ने चेहरे कपड़े से ढके हैं। पुलिस के मुताबिक बुजुर्ग अवधेश घर में अकेली रहती हैं, इसकी बदमाशों को पूरी जानकारी होगी। यही वजह है कि बदमाशों ने आराम से घर की कुंडी खटखटाई। अवधेश को लगा कि कि कोई जानकार या फिर सौदा खरीदने के लिए आया होगा। दरवाजा खोलते ही बदमाशों ने उन्हें बंधक बना लिया।

> दो लुटेरे सीसीटीवी में कैद हुए हैं। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। जिस तरीके से दिन में लूटपाट की गई है, उससे लग रहा है कि दोनों बुजुर्ग महिला के जानकार हैं। –**जयशंकर सिंह**, थाना प्रभारी इज्जतनगर

किशोरी को भगाकर ले जाने के बाद गांव में तनाव

- बेटी को वापस करने को कहने पर आरोपी के परिजनों ने की मारपीट
- तनाव की सूचना पर पहुंचे सीओ ने मामला कराया शांत

फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार : क्षेत्र के एक गांव में दूसरे समुदाय का युवक एक किशोरी को लेकर फरार हो गया। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट लिखकर दोनों की तलाश शुरू कर दी है।

मंगलवार देर शाम को दोनों समुदाय के बीच तनाव की सूचना पर पुलिस फोर्स के साथ पहुंच गई। पुलिस के पहुंचने से फिलहाल स्थिति सामान्य है। मंगलवार सुबह करीब चार बजे इलाके के एक गांव में दूसरे समुदाय का एक युवक मोहल्ले की 15 वर्षीय लड़की को बहलाकर लेकर फरार हो गया। परिजनों ने सुबह होते ही घर में बेटी को नहीं देख तो तलाश शुरू की। तलाशी के दौरान दूसरे समुदाय के युवक ने किशोरी को ले जाने की बात सामने आई। जिस पर परिजनों ने थाना पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। शाम के समय किशोरी के परिजनों ने आरोपी के घर वालों से बेटी को वापस करने की बात कही तो आरोप है। वह उनके साथ हाथापाई पर उतर आए। जिससे दोनों समुदाय के लोग इकट्ठे होने के कारण तनाव हो गया। सूचना पर सीओ हाईवे नितिन कुमार, थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय भारी पुलिस फोर्स के साथ देर शाम गांव पहुंच गए। पुलिस ने दोनों समुदाय के लोगों को समझा बुझाकर मामला शांत कर दिया। आरोपी पक्ष के दो लोगों को हिरासत में भी ले लिया। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय ने बताया दोनों समुदाय से मामला जुड़ा है। दोनों की तलाश में दबिश दी जा रही है। जल्द बरामदगी कर ली जाएगी। झगड़े की सूचना पर गांव आए थे। फिलहाल गांव के दोनों समुदाय के बीच अब कोई तनाव नहीं हैं। गांव में शांति कायम रखने को लेकर फोर्स तैनात कर दी है।

भोजीपुरा में मिले गोवंशीय पशुओं के अवशेष

भोजीपुरा, अमृत विचार : भोजीपुरा के गांव पिपरिया रामदयाल में तीन गोवंशीय पशुओं के अवशेष मिले हैं। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक जगत सिंह फोर्स को लेकर पर पहुंचे, साथ ही पशु चिकित्सा अधिकारी को भी बुलाया गया। डॉक्टर ने गोवंशीय पशुओं के अवशेष होने की पुष्टि की। फिर भी जांच के लिए अवशेष का सैंपल लेकर लैब पर भेज दिया। जानकारी होते ही गौरक्षक दल भी मौके पर पहुंच गए और जमकर हंगामा किया। प्रभारी निरीक्षक जगत सिंह के सख्त कार्रवाई करने के आश्वासन पर गौरक्षक दल शांत हुआ। पुलिस ने अवशेषों को कब्जे में लेकर जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर दफन करवा दिए। प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा जगत सिंह ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शीघ्र ही आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

अमीन पर किसानों से अभद्रता का आरोप

नवाबगंज, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन (चढूनी गुट) ने एसडीएम नवाबगंज को एक ज्ञापन देकर सर्वे आमीन पर किसानों से अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की। भाकियू चढूनी गुट के प्रदेश महासचिव और जिलाध्यक्ष बरेली सरदार सतिंदर सिंह घुम्मन के साथ किसानों ने मंगलवार को जिला मजिस्ट्रेट उधम सिंह नगर को संबोधित ज्ञापन एसडीएम नवाबगंज को सौंपा। किसान नेता ने आरोप लगाया कि सितारगंज के सर्वे आमीन पर बैंक बकाया को लेकर व्हाट्सएप चैट के माध्यम से जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने धमकी देने और फोन पर गाली देते हुए लोन नहीं चुका पाने पर जमीन को अपने नाम रजिस्ट्री करवा देने की बात की। इस दौरान इकबाल सिंह, फौजी करनैल सिंह, अविनूर सिंह घुम्मन, कशिश सब्बरवाल, आदि मौजूद रहे।

विवादित जमीन पर कब्र खोदने पर हुआ तनाव, पहुंची पुलिस

संवाददाता, आंवला

- नापजोख के बाद पुलिस ने उसी स्थान पर शव को दफन करवाया

अमृत विचार : मऊचंदपुर गांव में एक विवादित जमीन को लेकर दोनों समुदाय के लोगों में काफी दिनों से तनाव चल रहा है। एक पक्ष उस जगह को रायसती मंदिर की तो दूसरा कब्रिस्तान की जमीन होने का दावा करता आ रहा है। तहसील प्रशासन ने उस जगह की कई बार पैमाइश की परंतु ग्रामीणों को संतुष्ट नहीं कर सका।

आखिरकार तहसील प्रशासन ने जमीन पर किसी भी काम को करने पर रोक लगा दी थी। ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार रात गांव के भूरे की पत्नी रिहाना की मौत हो गई थी। उसके परिजनों ने उसी विवादित जमीन में कब्र खुदवाना शुरू कर दिया। इसकी सूचना से हिंदू पक्ष के लोग आक्रोशित हो गए और मौके पर पहुंचकर विरोध करने लगे। इस मामले से तहसील के अधिकारियों को अवगत कराया गया। एसडीएम ने लेखपाल को भेजकर तत्काल पैमाइश कराई। हिंदू पक्ष के लोगों ने बताया कि जमीन विवादित होने के कारण किसी भी कार्य पर रोक है। जानबूझकर गांव का माहौल खराब करने के लिए कब्र खुदवाई जा रही है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनों पक्षों को शांत कराया। वहीं ग्रामीणों ने इस मामले की कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह से शिकायत करने की बात कही है। वहीं तहसील टीम ने पैमाइश की तो जमीन कब्रिस्तान की होना बताया। मुस्लिम पक्ष ने दोपहर के बाद पुलिस की मौजूदगी में कब्र खोदवाकर मृतका के शव को दफन किया। वहीं इस मामले में एसडीएम नहने राम का कहना है कि जमीन को लेकर दोनों समुदाय के लोगों में विवाद था। पैमाइश कराने पर जमीन कब्रिस्तान की पाई गई। शव को उसी जगह पर दफन करवाया गया है, गांव में शांति है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
• बी.ए. (जर्नलिज्म) • एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
• बी.ए. (मास कम्युनिकेशन) • एम.ए. (अंग्रेजी)
• एम.ए. (जर्नलिज्म) • एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• बी.कॉम. (ऑनर्स) • एम.कॉम.
• बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन) • एम.बी.ए.
• बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

एक नजर

दबंगों ने किसान के खेत से बिना पूछे मिट्टी खोदी

नवाबगंज, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव अख्तयारपुर नवदिया निवासी गुड्डू की पत्नी फइम बानो ने बताया कि उसने खेत में लाही बोई थी, जिसे काटने के बाद खेत खाली पड़ा था। जिसमें से एक दबंग ने रातों रात दो फीट मिट्टी निकाल ली। जब वह अपने इस खेत पर गन्ने की फसल की बुवाई करने पहुंची तो इसे देख कर दंग रह गई। उसने मिट्टी खोदने वाले के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

छात्रा को बहला फुसलाकर ले गया आरोपी

मीरगंज, अमृत विचार : मीरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक रविवार को रात को घर पर नहीं था उसकी पत्नी और पुत्री अकेली थी। रविवार रात में 2:00 बजे किशोरी घर से गायब हो गई। पिता का आरोप है उनकी पुत्री को गांव का युवक अपने साथियों की मदद से बहला फुसला कर भगा कर ले गया। ग्रामीण के घर लौटने पर पत्नी ने घटना की जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी अरविंद, सुमित और जितेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

महिला ने दर्ज कराई देवर पर मारपीट की रिपोर्ट

आंवला, अमृत विचार : एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर देवर पर मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई। आजमपुर गांव निवासी मोरसिंह की पत्नी सरोज ने बताया कि दो दिन पहले उसका देवर उसके बेटे हरीश पर रुपये चोरी करने का आरोप लगाने लगा। विरोध पर उसने मारपीट की। जिससे वह और उसका पति मोरसिंह घायल हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी देवर नबलू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

बैंक के सामने से युवक की बाइक चोरी

आंवला, अमृत विचार : घर से रुपये निकालने बैंक आए एक युवक की बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कस्बे के मोहल्ला अवादानपुर निवासी लालमन मौर्य ने लिखाई रिपोर्ट में बताया कि वह सोमवार की दोपहर बाइक से बैंक में रुपये निकालने गया था। बैंक से निकलने पर उसकी बाइक चोरी हो चुकी थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

रंजिशन चाकू मारकर युवक को किया घायल

दुनका, अमृत विचार। दुनका चौकी क्षेत्र के धनैली गांव में सोमवार शाम 7:00 बजे रंजिशन दो पक्षों में लाठी डंडे और धारदार हथियार चले। राजवीर ने बताया रिंकू पर छह माह पहले शिवम रिपोर्ट दर्ज कराई थी, वह 2 दिन पहले जेल से छूटा है, सोमवार शाम को वह घूमने जा रहा था, रास्ते में शिवम, कुलदीप सिंह, विकास, राहुल ने मिलकर उसे गाली देते हुए मारपीट की। उसे चाकू मारकर घायल कर दिया।

नहरें ही सूखी, कैसे बुझेगी खेतों की प्यास

सफाई के नाम पर खानापूरी, झाड़ियों से पटी नहरें, सूख रहीं किसानों की फसलें

संवाददाता, शेरगढ़

अमृत विचार: इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी से किसानों की फसलें पानी के लिए झुलस रही हैं। ऐसे में किसानों के लिए पशुओं के चारे भी बचाना मुश्किल हो रहा है।

बैरमनगर और शेरगढ़ रजवाहा सूखी पड़ी हैं, जिससे पशुओं की भी प्यास नहीं बुझ पा रही हैं। किसान महंगा डीजल खरीदकर फसलों को बचाने में जुटे हैं। किसानों का कहना है कि सही तरीके से अभी तक नहरों की सफाई नहीं हुई। इस वजह नहर छोड़ने के बाद टेल तक पानी नहीं पहुंच पाएगा। साल की शुरुआत में नहरों की सफाई के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई। अधिकतर राजवाहा झाड़ियों के आगोश में है नहरे झाड़ियों और कचड़े से पटी पड़ी है। किसानों ने बताया कि जनवरी में सिंचाई विभाग ने नहर की सफाई कराए बगैर पानी छोड़ा गया था, जबकि उस समय किसानों को पानी की जरूरत नहीं थी, इस वजह से किसानों की फसल डूब गई थी, अब पानी की जरूरत है तो नहरें सूखी पड़ी है। किसानों का आरोप है कि हर बार जेसीबी से नहरों की सफाई कराकर मात्र खानापूर्ति पूरी कर दी जाती है जबकि पुलियों के नीचे सफाई नहीं हो पाती और पानी आने पर भी टेल तक नहीं पहुंच पाता है।

बैरमनगर में तीन दशक से परेशानी: सबसे ज्यादा परेशानी तो बैरमनगर राजवाहा को देखने पड़ रहे हैं। यहां नहर तीन दशक पहले रजपुरा गांव के निकट किच्छा नदी में आई बाढ़ में समा गई थी उस समय प्रशासन ने पत्थर आदि डालकर गांव रजपुरा को तो नदी में समाने से बचा लिया था, लेकिन नहर की मरम्मत की याद विभाग को आज तक नहीं आई। नहरों पर अवैध रूप से कब्जा कर व्यवसाय करने के साथ ही खेती की जा रही है। नहरें झाड़ियों में समाई है।

बैरमनगर से होकर गुजरी नहर में उगी झाड़ियां, इस वजह से टेल तक नहीं पहुंच पाएगा पानी। ● अमृत विचार

अरसे से नहरों की मरम्मत नहीं कराई गई है, जगह-जगह चूहों ने बिल बना लिए हैं जिसे ठीक कराने की जरूरत है ताकि फसलों को पानी मयस्सर हो सके।
-राम औतार श्रीवास्तव, किसान

बैरमनगर राजवाहा वर्षों से क्षतिग्रस्त है लेकिन आज तक ठीक नहीं कराया गया है। यदि राजवाहा की मरम्मत करा दी जाए तो किसानों का बेहतर फसल उत्पादन का सपना जरूर साकार हो सकता है।
-आदेश गंगवार, किसान

क्षेत्र की नहरें अस्त-व्यस्त हैं। शेरगढ़ नहर तो डलावघर बन चुकी है। नहर की मरम्मत एवं सफाई जरूरी है। शीघ्र ही सिंचाई विभाग के अफसरों से बात की जाएगी।
तेजपाल गंगवार, जिलाध्यक्ष भाकियू

नहरों में पानी नहीं आने से फसलों को पर्याप्त पानी नसीब नहीं हो पा रहा है जिससे फसलें झुलस रही हैं। तालाब पोखरों का भी हलक सूख रहा है, नदियां भी दम तोड़ रही हैं जिससे नहरों में पानी छोड़ा जाना बेहद जरूरी है।
-हेमेंद्र गंगवार, किसान

आत्महत्या के लिए उकसाने पर पत्नी समेत सात पर रिपोर्ट

बहेड़ी, अमृत विचार : बहेड़ी के बौंडा गांव निवासी बिट्टू सिंह (30) ने 23 मई को मीरगंज के नगरिया सादात रेलवे स्टेशन के निकट ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली थी। इससे एक दिन पहले उसका वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वह पत्नी और उसके कथित प्रेमी पंकज चौहान को आत्महत्या करने के लिए जिम्मेदार ठहरा रहा था। पुलिस ने जांच में पाया कि बिट्टू की पत्नी के पंकज के साथ अवैध संबंध थे, जिसकी वजह से पति-पत्नी में आए दिन झगड़ा होता रहता था। परिजनों ने बताया कि पत्नी के प्रेमी ने साथियों के साथ मिलकर कुछ समय पहले बिट्टू को पीटा था। पोस्टमार्टम के बाद बिट्टू का शव गांव बौंडा आने पर पत्नी राजकुमारी भी कुछ लोगों के साथ पहुंच गई तो बिट्टू के घरवालों और उनके बीच हाथापाई तक की नौबत आ गई थी। मृतक के भाई का आरोप है कि बिट्टू को आत्महत्या के लिए मजबूर करने वालों ने उसे भी जान से मार देने की धमकी दी थी। बिट्टू की शादी करीब आठ साल पहले थाना शाही के गांव बकैनिया चंपतपुर निवासी राजकुमारी से हुई थी। इस मामले में शिकायत आने के बाद पुलिस ने मंगलवार को पत्नी राजकुमारी, पंकज चौहान, जसवीर व दीपू निवासी बौंडा और गुड्डू, रंजीत व सुधा निवासी बकैनिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की हैं।

सार-संक्षेप

मारपीट के मामले में 2 माह बाद 3 लोगों पर रिपोर्ट

आंवला, अमृत विचार : बदायूं रोड स्थित एक कॉलेज की जमीन को लेकर चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। करीब दो माह पूर्व हुई मारपीट में एक पक्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वहीं दूसरे पक्ष ने भी तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सिरौली के गांव लभारी निवासी लक्ष्मण प्रसाद लोधी ने बताया कि 21 मार्च 2024 को वह और उसका बेटा विवेक कुमार अपने कॉलेज की दीवार पर प्लास्टर करा रहे थे। इसी दौरान सेंसरपाल, अपने परिवार के साथ आ गया और प्लास्टर रोकने को कहने लगा। विरोध पर उक्त लोगों ने मारपीट की। जिससे वह और उसका बेटा दोनों घायल हो गये। पुलिस ने सेंसरपाल, उसके पिता श्याम सिंह और उसकी पत्नी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मोर का शिकार करने वाले पर सख्त कार्रवाई की मांग

अलीगंज, अमृत विचार : मोर का शिकार करने वाले आरोपी पर सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर मंगलवार को योगी विजय देवनाथ महाराज अलीगंज थाने पहुंचे और थानाध्यक्ष अजय कुमार शुक्ल को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। दरअसल तीन दिन पहले एक मोर के शिकार का वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें ग्रामीण आरोपी की पिटाई करते हुए नजर आए थे। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके सोमवार देर रात पकड़ लिया हैं। बाबा ने आरोपी पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की हैं।

समझौते के बाद महिला को पीटकर घर से निकाला

नवाबगंज, अमृत विचार : विवाह के चार माह बाद ही बाइक और नकदी की मांग कर रहे दहेज लोभियों ने महिला को पीटकर घर से निकाल दिया। मामला पुलिस तक पहुंचने पर कार्यवाही से बचने के लिए ससुरालिए समझौता कर उसे साथ ले गए। आरोप है कि इसके बाद भी ससुरालियों के रवैये मे सुधार नहीं आया और एक बच्ची पैदा होने के बाद पांच दिन पूर्व इन लोगों ने उसे पुनः मारपीट कर घर से निकाल दिया। विवाहिता ने पति, सास, ननद व ननदोई के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। विवाहिता का आरोप है कि उसे इन लोगो ने दुधमुही बच्ची सहित 23 मई को उसके गहने छिनकर घर से निकाल दिया। जिस पर वह पड़ोस में रह रहे मामा यहां चली गई और सारी आपबीती सुनाई, मामा की सूचना पर उसके पिता उसे मायके हलद्वानी ले गए मंगलवार को पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी।

हिरन को कुत्तों ने नोचकर किया घायल, मौत

भुता, अमृत विचार : भुता थाना क्षेत्र के ग्राम नवादा ब्रह्मांन में कुत्तों ने हिरन को दौड़ा-दौड़ा कर नोचकर घायल किया। ग्रामीणों ने जैसे-तैसे उसे बचाया, लेकिन वन विभाग टीम कई घंटे बाद पहुंची। समय से इलाज नहीं मिलने से उसकी मौत हो गई। ग्राम नवादा ब्रह्मांन में सुबह 6:00 बजे खेतों में एक हिरन को कुत्तों ने दौड़कर नोच नोच कर घायल कर दिया। जानकारी होते ही ग्रामीणों ने उसे जैसे तैसे बचाया और वनविभाग अधिकारियों को फोन किया, लेकिन फोन नहीं उठा। तभी युवा सामाजिक सेवा संस्थान के जिला अध्यक्ष अजय पटेल ने ट्वीट कर अधिकारियों शिकायत की। वन विभाग की टीम कई घंटे के बाद पहुंची, तब तक हिरन दम तोड़ चुका था। टीम ने पोस्टमार्टम के लिए शव को आईवीआरआई भेजा है। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग के अधिकारियों ने फोन नहीं उठाया। अगर समय से उसे इलाज मिल गया होता तो शायद उसकी जान बच गई होती।

टूर्नामेंट के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ी भिड़े

भोजीपुरा, अमृत विचार : थाना भोजीपुरा क्षेत्र के कस्बा धौराटांडा के मजरा टांडा में कुआंटांडा धिमनी रोड के समीप मैदान में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन चल रहा। रविवार को रिछा और स्थानीय कस्बे के युवाओं के बीच कुछ कहासुनी हो गई, जिसके दोनों टीमों में मारपीट हो गई। एक घायल युवक का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा हैं। मारपीट की सूचना दोनों पक्षों ने पुलिस को दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं। पुलिस चौकी प्रभारी संजीव यादव ने पहुंचकर टूर्नामेंट को बंद करा दिया और हिदायत दी के बिना परमिशन कोई भी इस प्रकार का आयोजन नहीं किया जाएगा, अगर किसी ने बिना परमिशन इस प्रकार का कार्य किया तो उन पर कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

महिला से दुष्कर्म की कोशिश में आरोपियों पर रिपोर्ट

कैंट, अमृत विचार : कैंट क्षेत्र की एक महिला ने एडीजी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह 7 मई को मतदान करने जा रही थी। रास्ते में गांव के दबंगों ने उसे रोककर विशेष दल को वोट करने को कहा। विरोध करने पर महिला छेड़खानी करते हुए दुष्कर्म की कोशिश की गई। बचाने आए महिला के बेटे को भी पीट दिया। एडीजी के निर्देश पर कैंट पुलिस ने मंगलवार को आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। महिला ने बताया कि मतदान केंद्र पहुंचने से पहले गांव के रामजीत, परमजीत, सरबू और सर्वेश ने उसे रोककर विशेष दल का वोट देने को कहा। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करने लगे उसके साथ दुष्कर्म की कोशिश की गई। महिला का बेटा बचाने आया। उसे भी पीटा। आरोपियों ने कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। थाने में शिकायत की, कार्रवाई न होने पर उसने एडीजी से शिकायत की।

साले को सड़क पर दौड़ाकर पीटा

नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज के बरखन में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवक को उसके बहनोई ने अपने भाई और साथियों के साथ मिलकर सड़क पर दौड़ा-दौड़ा कर लाठी डंडों से पीट दिया। आरोपियों ने युवक पर धारदार हथियारों से भी हमला भी किया। किसी ने मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। युवक की तहरीर पर नवाबगंज पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। बरखन निवासी अरशद ने बताया कि वह सोमवार को अपने घर पर था। इसी दौरान उसके बहनोई आरिफ अपने भाई आसिफ निवासी यासीन नगर के साथ ही बरखन के इकरार और सहादत के साथ उसके घर के सामने गालियां दे रहे थे। जब उसने अपने जब उसने विरोध किया तो आरोपी अपने साथियों के साथ उस पर टूट पड़े।

रिपोर्ट दर्ज होने से नाराज आरोपियों ने दी धमकी

आंवला, अमृत विचार : मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराने से नाराज आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी है। पीड़ित ने तीन लोगों के खिलाफ पुनः रिपोर्ट दर्ज कराई है। कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती गौसिया चौक निवासी शेर मोहम्मद ने लिखाई रिपोर्ट में बताया कि तीन दिन पूर्व केशव वर्मा निवासी सरकारी आसरा आवास मोहल्ला ताडगंज, अजीत निवासी मोहल्ला लठैता, संजय यादव निवासी मोहल्ला ताडगंज ने उसकी गाड़ी क्षतिग्रस्त कर दी थी। उसने उन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज होने की सूचना पर उक्त लोग फोन पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने जानमाल का खतरा बताते हुए तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सचिवालय का तोड़कर चोरी डीवीआर भी ले गए चोर

संवाददाता, मीरगंज

● प्रधान और पंचायत सचिव ने पुलिस को दी तहरीर

अमृत विचार : मीरगंज के गांव नौसना में सोमवार रात चोरों ने पंचायत घर के गेट का ताला तोड़कर कैमरे का डीवीआर, इनवर्टर, बैट्री, और अन्य सामान चोरी कर लिया। प्रधान और पंचायत सहायक ने थाने में तहरीर दी, पुलिस जांच में जुटी हुई है।

पंचायत घर के साथ ही जूनियर हाई स्कूल के दो कमरों के ताले भी तोड़े गए। एक कमरे की किवाड़ को भी काटा गया। सूचना मिलने पर पंचायत सहायक सुरभि जब पंचायत घर पहुंची तो देखा गेट का ताला कटा हुआ है। अंदर से समान गायब थे। पंचायत सहायक सुरभि ने ग्राम प्रधान अकील अहमद को घटना की जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी प्राइमरी स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़कर सामान चोरी कर ले गए थे।

चोरों ने दरवाजा को तोड़ा।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

संवाददाता, शेरगढ़

अमृत विचार : बाइक से शेरगढ़ जा रहे 19 वर्षीय युवक को मवई काजियान गांव के निकट शेरगढ़-बहेड़ी मार्ग पर ट्रक ने टक्कर मार दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिए सीएचसी भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पहुंची ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मंगलवार दोपहर थाना बहेड़ी के गांव इटौआ गौंटिया (अहमदनगर) निवासी हरीशंकर बाइक से शेरगढ़ की ओर जा रहा था। रास्ते में तेज रफ्तार ट्रक ने मवई काजियान गांव के निकट शेरगढ़- बहेड़ी मार्ग पर बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार हरीशंकर घायल हो गया। पुलिस ने उसे सीएचसी भिजवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हरिशंकर तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसकी मौत से परिवार में कोहराम मचा है। थानाध्यक्ष राजेश बाबू मिश्रा ने बताया कि मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

ई- रिक्शा पलटने से महिला की गई जान

भमोरा, अमृत विचार : पति के साथ बच्चे को दवा लेने देवचरा आई महिला की ई-रिक्शा पलटने से मौत हो गई। भमोरा के ग्राम चंदौआ निवासी मूर्ति देवी (27) पति दयाराम के साथ बेटे आदित्य को दवा दिलाने मंगलवार सुबह देवचरा ई-रिक्शा से आ रही थी, सुनारों वाली गली में जैसे ही हाईवे से रिक्शा मुड़ा पीछे से तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दिया जिससे ई रिक्शा पलट गया और महिला दब गई। हादसे के बाद आस-पास के दुकानदारों ने ई- रिक्शा को उठा महिला को निकाला, सूचना पर पहुंची पुलिस ने ई रिक्शा और बाइक को कब्जे में लेकर घायल को इलाज के लिए बरेली भेजा अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया, मूर्ति देवी अपने पीछे चार वर्षीय बेटी रिया और 1 वर्षीय बेटे आदित्य को छोड़ गई है पति दयाराम का रो-रो बुरा हाल है।

कार की टक्कर से सिक्योरिटी इंचार्ज की मौत

भोजीपुरा, अमृत विचार : एक निजी मेडिकल कॉलेज के सिक्योरिटी इंचार्ज की सोमवार रात ड्यूटी पर आते समय नैनीताल हाईवे पर दभौरा गांव के पास किसी कार की चपेट में आने से मौत हो गई, जबकि बाइक पर पीछे बैठा भतीजा राममूर्ति घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को मेडिकल कॉलेज भेजा। जहां डाक्टरों ने हरीशंकर (35) को मृत घोषित कर दिया। जबकि भतीजा राममूर्ति घायल है, वह भी चाचा के साथ ड्यूटी पर जा रहा था। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की मदद से टक्कर मारने वाली कार की तलाश की जा रही है।

पुलिस ने दो तस्कर दबोचे 17.50 लाख की स्मैक बरामद

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

अमृत विचार : फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो स्मैक तस्कर पकड़े, तलाशी लेने पर उनके पास से 146 ग्राम स्मैक बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 17 लाख 52 हजार रुपये बताई जा रही हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय यह जानकारी दी, उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान नरेश, अमान मोहम्मद निवासी ग्राम रसुला चौधरी बताया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्टमें पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। नरेश ने बताया की स्मैक को फरीदपुर टोल के पास से एक युवक से खरीद कर लाये है। अपने साथी अमान के साथ मिलकर सीबीगंज, मीरगंज, फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र में महंगे दामों में बेचता हैं।

घर से बैंक गया युवक लापता

मीरगंज, अमृत विचार : घर से बैंक गया युवक देर शाम तक नहीं लौटा, परिजनों ने पहले अपने स्तर पर तलाशा लेकिन कोई पता नहीं चलने पर थाने तहरीर देकर खोजने की मांग की। गांव फिरोजपुर निवासी शाहिद हुसैन उर्फ मुरादी सोमवार सुबह 9:30 बजे बैंक से रुपये बल्लिया जाने की बात कह कर घर से निकले थे। वह शाम तक घर नहीं लौटे तो परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने आसपास व रिश्तेदारियों में काफी तलाश किया। लेकिन उनका कहीं पता नहीं लगा।

मंगलवार को उनके भाई राशिद हुसैन बैंक गए वहां पर जानकारी हुई कि वह बैंक तो आए थे लेकिन उस दिन उनके खाते से कोई लेन देन नहीं हुआ। शाहिद ने धनैटा फाटक की हलवाई की दुकान पर अपनी पासबुक और चेकबुक रख दी थी। हलवाई से पांच सौ रुपए उधार भी लिए। शाहिद के भाई राशिद ने थाना फतेहगंज पश्चिमी में अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए तहरीर दी।

भाई-भतीजों ने हड़पे आठ लाख रुपये, एसएसपी से की शिकायत

संवाददाता, क्योलड़िया

अमृत विचार : एक युवक ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर अपने भाई और भतीजों पर रुपये हड़पने की शिकायत कर कार्रवाई की मांग की।

पीड़ित ने बताया कि भाई ने मुझसे रुपये उधार लेकर कैंटर खरीदी, जब उसने अपने रुपये वापस मांगे तो उसने जान से मारने की धमकी देते हुए रुपये लौटाने से मना कर दिया। उसने ने थाने पहुंचकर चार लोगों के खिलाफ नाम जद तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने बिना जांच के ही आख्या लगा दी। क्योलड़िया के गांव ठिरिया बन्नो जान के रफीक ने बताया कि उसने भाई और भतीजो को अलग- अलग डेट पर 824993 रुपये उधार गाड़ी (कैंटर) खरीदने के लिए दिए थे। भाई ने गाड़ी अपने बेटे के नाम करा दी, और जल्द ही रुपये लौटाने का आश्चासन दिया, लेकिन नहीं दिया। जब उसने मांगा तो जान से मारने की धमकी देते हुए रुपये लौटाने से मना कर दिया। उसने थाने पहुंचकर 24 अप्रैल को चारों आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। अधिकारियों से शिकायत की तो पुलिस ने बिना जांच के आख्या लगा दी। वहीं इस विषय में थाना प्रभारी परमेश्वरी ने बताया कि रुपये के लेनदेन का दोनों पक्ष कोई सबूत पुलिस को नहीं दे सके।

मारपीट के मामले में 4 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

आंवला, अमृत विचार : एक स्थान पर नहाने के दौरान कुछ लोगों ने मारपीट की। युवक ने 4 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरकारी अस्पताल कॉलोनी निवासी अंकुर शर्मा ने बताया कि तीन दिन पूर्व वह साथियों के साथ एक धार्मिक स्थल के समीप नहाने गया था। वहां मौजूद कुछ लोगों ने उसके व उसके साथियों के साथ मारपीट की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली।

अदालत जा रहे युवक को रास्ते में घेरकर पीटा

कैंट, अमृत विचार : थाना सिरौली के रंपुरा भोंपतनगर निवासी ओमकार ने बताया कि उन्होंने बेटी की शादी थाना आंवला के मुतलकपुर निवासी वेद प्रकाश से की थी। ससुराल वालों ने वर्ष 2017 में दहेज की खातिर उनकी बेटी की हत्या कर दी थी। उनके लिखाए गए मुकदमे में ससुराल वाले जेल गए थे। जो जमानत पर बाहर आ गए। मामला कोर्ट में विचाराधीन है। जिससे आरोपी उनसे रंजिश मानने लगे। 29 फरवरी 2024 को वह दहेज हत्या के मामले में पैरवी करने के लिए कचहरी जा रहा था। कैंट के लालफाटक के पास सुबह 10:30 बजे घात लगाए आरोपियों वेद प्रकाश, जितेंद्र, रामचंद्र, योगेश कुमारी, विमलेश, रितु रानी, तनुज वर्मा व अनुष्का वर्मा निवासीगण मुतलकपुर थाना आंवला ने घेर लिया। और गाली गलौज करते हुए कहा कि तू हमारे खिलाफ ज्यादा पैरवी कर रहा है। आज तुझे जान से मार देंगे। कह कर बुरी तरह से मारना पीटना शुरू कर दिया। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने बमुश्किल बचाया। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। मामले की तहरीर कैंट पुलिस व उच्चाधिकारियों को दी गई। कार्रवाई न होने पर कोर्ट में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। कोर्ट के आदेश पर कैंट पुलिस ने उपरोक्त सभी आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

विधवा की शिकायत कर परेशान कर रहा है दबंग

नवाबगंज, अमृत विचार : नवाबगंज के एक गांव की महिला ने थाने पर दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके पति की मृत्यु डेढ़ माह पूर्व सड़क दुघर्टना में हो गई थी। उसके दो बच्चे हैं वह गांव में ही किराए का मकान लेकर रहती है। आरोप है कि हाफिजगंज थाना क्षेत्र के एक गांव का व्यक्ति 112 पर बार बार शिकायत कर उसके घर पर पुलिस भेजकर परेशान करता है। घर आने पर पुलिस उसे हाफिजगंज थाने ले जाती है पर आरोपी कभी भी सामने नहीं आता है। वह किराए के कमरे पर रहती है और बार-बार पुलिस आने के चलते गांव बाले उसे किराए पर कमरे भी नहीं देते। महिला ने नवाबगंज पुलिस से कार्रवाई करने की गुहार की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पति पर लगाया मारपीट का आरोप

आंवला, अमृत विचार : एक युवक ने शराब के नशे में पत्नी को बेरहमी से पीटा। पीड़िता ने पति के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी है। ढिलवारी गांव निवासी काजल ने बताया कि उसकी शादी डेढ़ साल पहले गोठा खंडुवा गांव के एक युवक से हुई थी। शादी में दिए गए दहेज से ससुराली खुश नहीं हुए और ताना देकर प्रताड़ित करने लगे। उसने आरोप लगाया कि 22 मई को वह घर में झाड़ू लगा रही थी, इसी बीच उसका पति शराब पीकर आया और उसे मारापीटा। वह एक लाख की नकदी लाने का दबाव बना रहा है। असमर्थता जताने पर उसे कमरे में बंद कर बेरहमी से पीटा। पीड़िता ने पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की मांग की है।

किशोरी से दुष्कर्म, आरोपी को पुलिस के हवाले किया

फरीदपुर अमृत विचार : एक दबंग ने आधी रात को घर में घुसकर एक किशोरी से दुष्कर्म किया, शोर शराबा सुनकर किशोरी के पिता समेत अन्य परिजन जाग गए आरोपी को दबोच कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को हिरासत में ले लिया। पीड़िता के पिता ने कोतवाली पहुंचकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना क्षेत्र के एक ग्राम निवासी युवक ने बताया की वह घर के बाहर चारपाई पर सो रहा था, घर में उसकी बेटियां सो रही थी, तभी रात लगभग 1:30 बजे गांव का ही दीपू उनके घर में दीवार के सहारे घुस आया और उनकी बेटी को डराकर दुष्कर्म कर रहा था। किशोरी के शोर मचाने पर वह पहुंच गया और आरोपी को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर थाने आई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

सुनने और बोलने में समस्या ?
बहरापन
कान की मशीनें
स्पीच थेरेपी
हकलाना/तुतलाना आटिस्म
आकांक्षा स्पीच एण्ड हियरिंग क्लीनिक
A-1/11, एकता नगर, केशलता अस्पताल के पास, सत्या पेट्रोल पंप के पहले, बरेली।
Call: +91 9696558181

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
मैंने अपने पुत्र उस्मान हुसैन को उसके गलत संगत व दुर्व्यवहार के कारण उससे तंग आकर समस्त सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है भविष्य में उसके द्वारा किए गए कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का उससे कोई संबंध नहीं होगा। **इकबाल पुत्र श्री अब्दुल गनी, निवासी ग्राम बूँची, थाना शीशगढ़ तहसील मीरगंज जिला बरेली**

आवश्यकता है
एक लड़की या महिला की हास्टल की देखभाल, खाना बनाने हेतु आकर्षक वेतन (रहना, खाना)
गाँधी नगर, बरेली।
संपर्क करें- 9634260005, 9412148721

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

कमजोर संगठन के साथ बसपा के दांव से मुश्किल में कांग्रेस

देवरिया में चार दशक का सूखा खत्म करने की चुनौती

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचार । महान संत देवरहा बाबा की धरती देवरिया में चुनावी घमासान अब जीत-हार के दावों के बीच जातीय गुणा-भाग में बदल गया है। भाजपा के पास इस बार देवरिया लोकसभा सीट पर जीत की हैट्रिक लगाने तो सपा-कांग्रेस गठबंधन के तहत चुनाव लड़ रही कांग्रेस के सामने 40 साल से बना सूखा समाप्त करने का मौका है। कांग्रेस को इस सीट पर आखिरी बार 1984 में जीत मिली थी। पार्टी कई चुनावों में चौथे नंबर पर पिछड़ती रही है। ऐसे में कांग्रेस की सारी उम्मीदें सपा के वोट बैंक पर ही टिकी हैं, जिसमें बसपा के यादव जाति के प्रत्याशी द्वारा की जा रही सेंधमारी से राह आसान नहीं नजर आ रही है।

देवरिया में सबसे बड़ा मुद्दा समस्या चीनी मिलों को चालू करना और बेरोजगारी है। बातचीत में लोग सड़क, बिजली, पानी जैसी बुनियादी समस्याएं बताने के साथ बाढ़ से छुटकारा दिलाने के उपाय करने और रिंग रोड बनाए जाने की जरूरत बताते हैं। इसी तरह जनता के एजेंडे में नया जिला अस्पताल, विश्वविद्यालय और उच्च शिक्षा संस्थान खोले जाने जैसी मांगें भी हैं। पिछले दो चुनावों से यहां भाजपा जीत रही है। लेकिन दोनों सांसद बाहरी माने जाते थे, शायद लोगों की इसी नाराजगी को भांपकर भाजपा ने इस बार मौजूदा सांसद डॉ. रमापति राम त्रिपाठी की जगह स्थानीय प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने यहां अपने पूर्व विधायक और राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह पर दांव लगाया है। इन दोनों की लड़ाई में बसपा प्रत्याशी पूर्व विधायक आनंद यादव के पुत्र संदेश यादव तीसरा कोण बनाने की कोशिश के साथ कांग्रेस प्रत्याशी की मुश्किल बढ़ाते नजर आ रहे हैं।

देवरिया में भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी भले ही पहला चुनाव लड़ रहे हों, लेकिन उनका परिवार राजनीति से जुड़ा रहा है। शशांक के दादा विधान परिषद सदस्य और उनके चाचा विधायक रहे हैं, तो पिता लेफ्टिनेंट जनरल प्रकाश मणि त्रिपाठी सेवानिवृत्त होने के बाद दो बार भाजपा से सांसद चुने जा चुके हैं। शशांक मणि पिछले काफी समय से क्षेत्र में उद्यमिता विकास के लिए सक्रिय हैं। वह युवाओं को स्टार्टअप के माध्यम से रोजगार दिलाने में आगे रहे हैं। उनके मुकाबले कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह अनुभवी राजनीतिज्ञ हैं। वह वर्ष 2012 में बांसगांव की रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए थे। लेकिन उनके द्वारा इलाके में कराए गए विकास कार्यों को लोग आज भी याद करते हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि बसपा प्रत्याशी संदेश यादव जो जिला पंचायत सदस्य भी हैं, जिस तरह सजातीय मतों में सेंध लगाने का प्रयास कर रहे हैं, उससे इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी अखिलेश प्रताप की मुसीबत बढ़ रही है। देवरिया सीट से 2019 के चुनाव में भाजपा के रमापति राम त्रिपाठी ने जीत हासिल की थी। उन्हें 5,80,644 मिले थे। सपा-बसपा गठबंधन से मैदान में उतरे बसपा के बिनोद कुमार जयसवाल ने 3,30,713 वोट पाए थे। कांग्रेस के नियाज अहमद खान को 51,056 वोट मिले थे। देवरिया लोकसभा सीट पर 17.54 लाख मतदाता हैं। इनमें इस सीट ब्राह्मण, राजपूत और कुर्मी वोटर निर्णायक भूमिका में माने जाते हैं। लोकसभा क्षेत्र में सबसे ज्यादा 51 फीसदी ओबीसी वोटर हैं। करीब 13 फीसदी मुस्लिम वोटर माने जाते हैं। अनुसूचित जाति के वोटर 14 फीसदी से कुछ अधिक और अनुसूचित जनजाति के करीब तीन फीसदी वोटर गिने जाते हैं। सामान्य श्रेणी के मतदाताओं की संख्या 19% के आसपास है।


शशांक मणि त्रिपाठी।


अखिलेश प्रताप सिंह।

- भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी के सामने फंसे नजर आ रहे कांग्रेस नेता अखिलेश प्रताप

सभी पांचों विधानसभा सीटों पर खिला था कमल

देवरिया लोकसभा सीट के अंतर्गत पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इसमें कुशीनगर जिले की तमकुही राज और फाजिल नगर भी शामिल है। देवरिया जिले की पथरदेवा, रामपुर कारखाना और देवरिया सीट हैं। विधानसभा चुनाव में सभी पांचों सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी।

2014 में 51% वोट पाकर जीते थे कलराज

- 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा नेता कलराज मिश्रा ने जीत हासिल की थी। उन्हें 4,96,500 (51.1%) वोट मिले थे। कलराज ने बसपा प्रत्याशी नियाज अहमद 2,65,386 (27.3%) मत को हराया था। तीसरे स्थान पर सपा के बलेश्वर यादव 1,50,852 (15.5%) वोट थे। कांग्रेस प्रत्याशी चौथे स्थान था।

सपा के सहारे भगवा गढ़ में जातीय घेरेबंदी

महाराजगंज लोकसभा सीट

अमृत विचार। गोरखपुर मंडल में आने वाली महाराजगंज लोकसभा सीट से मोदी सरकार में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी एक बार फिर चुनावी मैदान में हैं। इस बार उनका मुकाबला करने के लिए सपा-कांग्रेस गठबंधन की तरफ से कांग्रेस ने 2022 के विधानसभा चुनाव में फरेंदा से जीते अपने विधायक वीरेंद्र चौधरी को उतारा है। महाराजगंज सीट से पंकज चौधरी भाजपा से छह बार सांसद चुने जा चुके हैं और राजनीति के दिग्गज खिलाड़ी माने जाते हैं। 1991 के चुनाव में भाजपा ने उन्हें पहली बार यहां से टिकट दिया था, इसके बाद से पार्टी अब तक नौ बार उन पर भरोसा जता चुकी है, जिसमें आधा दर्जन बार पंकज चौधरी ने कमल खिलाया है। साल 2014 को चुनाव में पंकज चौधरी को 44.65 और 2019 में 59.20 प्रतिशत वोट मिले थे। कांग्रेस ने इस सीट पर 2009 में जीत दर्ज की थी। पिछले दो चुनावों में पार्टी एक लाख मत पाने के लिए तरसती रही है। ऐसे में यहां चर्चाओं में भाजपा को एक बार फिर भारी माना जा रहा है। हालांकि कांग्रेस इस सीट को हल्के में नहीं ले रही है। वीरेंद्र चौधरी के नामांकन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सपा महासचिव शिवपाल सिंह मौजूद रहे थे।

पंकज चौधरी।

वीरेंद्र चौधरी।

- अब तक छह चुनाव जीत चुके केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी को चुनौती दे पाएंगे कांग्रेस के विधायक वीरेंद्र चौधरी
- बसपा से किस्मत आजमा रहे मोहम्मद मौसमे आलम सपा-कांग्रेस गठबंधन की बढ़ा रहे मुश्किल

18% वोटों के अंतर से भाजपा ने पिछली बार सपा-बसपा का गठबंधन होने पर जीती थी सीट

चार विधानसभा सीटें भाजपा के पास

महाराजगंज लोकसभा सीट में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से चार पर भाजपा और उसके सहयोगी दलों का कब्जा है तो एक सीट कांग्रेस के पास है।

2019 का परिणाम

दल	उम्मीदवार	वोट	%
भाजपा	पंकज चौधरी	7,26,349	59.20
सपा	अखिलेश सिंह	3,85,925	31.45
कांग्रेस	सुप्रिया श्रीनेत	72,516	5.91
-	-	-	-

2014 का जनादेश

दल	उम्मीदवार	वोट	%
भाजपा	पंकज चौधरी	4,71,542	44.65
बसपा	काशी नाथ शुक्ल	2,31,084	21.88
सपा	अखिलेश सिंह	2,13,974	20.26
कांग्रेस	हर्ष वर्धन	57,193	5.42

दो चौधरी, असमंजस में कुर्मी वोटर

महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र में कुर्मी वोटरों की बहुलता है, जिनका एकमुश्त समर्थन पंकज चौधरी को मिलता रहा है। लेकिन इस बार कांग्रेस से वीरेंद्र चौधरी के चुनाव लड़ने के कारण कुर्मी मतों में बंटवारा होना तय माना जा रहा है। वीरेंद्र चौधरी अब तक पांच बार विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। इस कारण क्षेत्र में पहचान और प्रभाव रखते हैं। 2017 के चुनाव में वह मात्र दो हजार वोट से हार गए थे। इसके चलते इलाके में कुछ लोग इसे दो चौधरियों की जंग भी बता रहे हैं।

लेकिन इस लड़ाई में बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी मोहम्मद मौसमे आलम पर दांव लगाकर इंडिया गठबंधन की चुनौती को कमजोर करने का प्रयास किया है। देवरिया सीट पर अन्य पिछड़ा वर्ग के लगभग 25% मतदाता हैं, इनमें कुर्मी वोटर 10% और यादव 9% गिने जाते हैं। अनसूचित जाति के 18% और मुस्लिम समुदाय के मतदाताओं की संख्या 17% है।

ब्राह्मण लगभग 8%, वैश्य और निषाद मतदाता 7-7 % तथा क्षत्रिय मतदाताओं की संख्या लगभग 3% है। भाजपा और कांग्रेस दोनों तरफ से जातीय समीकरण साधने का प्रयास हो रहा है।

हिमाचल में दो मोर्चों पर छिड़ा चुनावी घमासान

सरकार का संघर्ष

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। हिमाचल प्रदेश में चार लोकसभा और छह विधानसभा सीटों पर हो रहे उप चुनाव के लिए सातवें और अंतिम चरण में पहली जून को वोट डाले जाएंगे। यहां सभी सीटों पर कांग्रेस और भाजपा के बीच कड़ा मुकाबला देखने में आ रहा है। भाजपा ने साल 2014 और 2019 के चुनाव में राज्य की सभी चार लोकसभा सीटें जीतकर क्लीन स्वीप किया था, पार्टी इस बार जीत की हैट्रिक लगाने के साथ विधानसभा की छह सीटों पर भी कमल खिलाने की पुरजोर कोशिश में लगी है, ताकि राज्य में कांग्रेस की सुक्खू सरकार के पतन का मार्ग प्रशस्त किया जा सके।

हिमाचल प्रदेश में लोकसभा की चार सीटें हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी और शिमला हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा ने सभी चारों सीटें जीती थीं, लेकिन साल 2021 में मंडी सीट से भाजपा के सांसद रामस्वरूप शर्मा का निधन हो जाने के बाद हुए उपचुनाव में कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने जीत का परचम लहरा दिया था। इस बार प्रतिभा सिंह के पुत्र विक्रमादित्य सिंह मंडी लोकसभा सीट पर भाजपा की उम्मीदवार फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत का मुकाबला कर रहे हैं। मंडी सीट को राज्य की सबसे हॉट सीट माना जा रहा है। भाजपा और कांग्रेस दोनों ने यहां अपनी प्रतिष्ठा लगा रखी है। बसपा ने मंडी में डॉ. प्रकाश चंद भारद्वाज को उतारा है। लेकिन सीधा और दिलचस्प संघर्ष भाजपा तथा कांग्रेस के बीच ही हो रहा है।

शिमला लोकसभा सीट पर भाजपा के सुरेश कुमार कश्यप के सामने कांग्रेस से विनोद सुल्तानपुरी चुनाव लड़ रहे हैं। यहां बसपा से अनिल कुमार मंगेट प्रत्याशी हैं। हमीरपुर लोकसभा सीट पर केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर को कांग्रेस से सतपाल रायजादा चुनौती दे रहे हैं। यहां बसपा से हेमराज चुनावी मैदान में हैं। जानकारों के मुताबिक यहां अनुराग ठाकुर को कांग्रेस के मुकाबले बढ़त मानी जा रही है। राज्य की कांगड़ा लोकसभा सीट पर भाजपा के डॉ. राजीव भारद्वाज को दिग्गज कांग्रेस नेता आनंद शर्मा की चुनौती से जूझना पड़ रहा है। आनंद शर्मा पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। देर से टिकट घोषित होने के कारण पूरे क्षेत्र में प्रचार नहीं कर पाए हैं। यहां बसपा ने रेखा चौधरी पर दांव लगा रखा है।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू।

भाजपा नेता जयराम ठाकुर।

मंडी से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह।

मंडी से भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत।

- 2014 और 2019 में राज्य की सभी चार लोकसभा सीटें जीतने वाली भाजपा इस बार जीत की हैट्रिक लगाने की कोशिश में
- मंडी सीट पर कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह और भाजपा उम्मीदवार फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत के मुकाबले पर सभी की नजर

कांग्रेस के लिए छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव जीतना बेहद जरूरी

- हिमाचल में कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों के नेताओं की लोकसभा चुनाव से ज्यादा दिलचस्पी छह सीटों पर हो रहे उपचुनाव को लेकर दिख रही है। इसकी वजह यह है कि इन छह सीटों के परिणाम राज्य में सत्ता परिवर्तन या मौजूदा सरकार का भविष्य तय करेंगे। दरअसल लोकसभा चुनाव से पहले हुए राज्यसभा के चुनाव में कांग्रेस विधायकों की बगावत की वजह से सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार संकट में फंस गई थी। प्रदेश से राज्यसभा की एक सीट के चुनाव में कांग्रेस के छह विधायकों की बगावत के कारण राज्यसभा पार्टी के उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी चुनाव हार गए थे और भाजपा के हर्ष महाजन को जीत मिली थी। बाद में विधानसभा के स्पीकर ने इन छह बागी विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया था। इसी कारण इन न सीटों पर उपचुनाव हो रहा है। कांग्रेस के सभी बागी विधायक भाजपा में शामिल हो गए थे और भाजपा ने इन्हें टिकट देकर कमल निशान से चुनावी मैदान में उतार रखा है। ऐसे में उपचुनाव वाली सभी सीटों पर कांग्रेस पूरा जोर लगा रही है, ताकि जीत हासिल करके सरकार पर आने वाला संकट टला जा सके।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

सलेमपुर में बसपा की चुनौती से बना त्रिकोणीय संघर्ष

चुनाव डेस्क

अमृत विचार। सलेमपुर लोकसभा सीट पर भाजपा ने दो बार के सांसद रवींद्र कुशवाहा को मैदान में उतार कर जीत की हैट्रिक लगाने का मौका दिया है। यहां उनका मुकाबला सपा प्रत्याशी पूर्व सांसद रमाशंकर राजभर से है। रमाशंकर राजभर साल 2009 में बीएसपी के टिकट पर सांसद चुने गए थे। लेकिन बसपा ने यहां भीम राजभर को चुनावी मैदान में उतार कर राजभर वोटों में सेंध लगा रखी है। सलेमपुर लोकसभा सीट पर पिछड़ी जातियों का दबदबा है। इसमें 32 प्रतिशत माने जाने वाले कुर्मी और राजभर मतदाता जीत-हार का गणित तय करते हैं। यहां 18 फीसदी कुर्मी, मौर्य और कुशवाहा तो 14 फीसदी राजभर मतदाता गिने जाते हैं। अनुसूचित जाति के मतदाता 15 फीसदी हैं। साल 2019 के चुनाव में भाजपा के रवींद्र कुशवाहा ने 4.67 लाख वोट पाकर बसपा के आरएस कुशवाहा को 1.12 लाख वोटों से हराया था। सुभासपा के राजाराम को 33 हजार और कांग्रेस प्रत्याशी राजेश कुमार मिश्रा को 27 हजार से कुछ अधिक वोट मिले थे। सलेमपुर लोकसभा सीट के तहत पांच विधानसभा सीटें आती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में तीन सीटों पर भाजपा तथा समाजवादी पार्टी और सुभासपा ने एक-एक सीट पर जीत दर्ज की थी।

दीदी का रोड मार्च पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अंतिम चरण के लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए कोलकता में सड़क मार्च करके टीएमसी समर्थकों में जीत का जोश भरा।

हम में है दम बांसगांव लोकसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने जनसभा करके वोट मांगे।

ओडिशा में सरकार बनाने के दावों से साधी दिल्ली की लड़ाई

6 सीटों का रण

दिग्विजय सिंह

अमृत विचार। ओडिशा में सातवें और अंतिम चरण में छह लोकसभा सीटों मयूरभंज, बालासोर, भद्रक, जाजपुर, केंद्रपाड़ा, जगतसिंहपुर के साथ इनसे संबंधित 42 विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे। इस बार राज्य में बीजद और भाजपा दोनों ने सरकार बनाने के दावे के साथ सरकार गठन के शपथ ग्रहण के दिन की घोषणा भी कर रखी है। साल 2019 के चुनाव में भाजपा ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए आठ सीटें जीती थीं, जबकि बीजद की सीटों की संख्या घटकर 12 रह गई थी। इससे पहले 2014 के चुनाव में बीजद ने 20 सीटें जीती थीं, जबकि भाजपा एक ही सीट जीत पाई थी। सामान्यतया लोकसभा और विधानसभा चुनाव साथ-साथ होने पर अधिकांश मौकों पर मतदाता एक ही पार्टी को चुनते रहे हैं, शायद यही वजह है कि भाजपा और बीजद लोकसभा चुनाव का प्रचार तो कर रहे हैं, लेकिन असली लड़ाई का मोर्चा विधानसभा चुनाव में खोल रखा है। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और उनके करीबी सहयोगी वीके पांडियन पर भाजपा खासी हमलावर है। गृह मंत्री अमित शाह से लेकर चुनाव प्रचार में भाजपा का हर बड़ा नेता ओडिशा के गौरव और सम्मान का सवाल उठाकर यह आरोप लगाता रहा है कि एक तमिल बाबू ओडिशा में शासन कर रहे हैं। एक तमिल व्यक्ति ओडिशा पर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। भाजपा सत्ता में आने पर युवा उड़िया भाषी को मुख्यमंत्री बनाएगी।

- भाजपा और बीजद दोनों ने राज्य में सरकार के शपथ ग्रहण के दिन की कर रखी है घोषणा
- साल 2019 के चुनाव में भाजपा ने लोकसभा की आठ और बीजद ने जीती थीं 12 सीटें

बालासोर में इस बार फिर हो रहा है त्रिकोणीय मुकाबला

- बालासोर में इस बार फिर त्रिकोणीय मुकाबला हो रहा है। यहां भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री और मौजूदा सांसद प्रताप चंद्र सारंगी को मैदान में उतारा है। उनका मुकाबला कांग्रेस से पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत कुमार जेना कर रहे हैं। यहां बीजद ने भाजपा से आईं लेखाश्री सामंतसिंघर पर दांव लगाया है। 2014 के चुनाव में बीजद उम्मीदवार ने 41.33 प्रतिशत वोट हासिल करेक भाजपा उम्मीदवार को हराया था। 2019 के चुनाव में भाजपा ने 41.79 प्रतिशत वोट पाकर बीजद को हराया था।

राष्ट्रपति मुर्मू के मयूरभंज में फिर जीतेगी भाजपा ?

- आदिवासी बहुल मयूरभंज लोकसभा सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीट है और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम से जानी जाती है। राष्ट्रपति का गृहनगर होने के नाते इस सीट पर हर किसी की नजर है। वर्तमान में यहां भाजपा सांसद बिश्वेश्वर टुडू हैं। लेकिन भाजपा ने द्रौपदी मुर्मू के विश्वासपात्र नबा चरण माझी को मैदान में उतारा है, जो रायरंगपुर से विधायक हैं। रायरंगपुर सीट का राष्ट्रपति मुर्मू ने 2009 तक दो बार प्रतिनिधित्व किया था। बीजद ने मयूरभंज सीट पर सुदाम मारंडी को उतारा है। इंडिया गठबंधन से इस सीट पर झामुमो संस्थापक शिबू सोरेन की बेटी अंजलि सोरेन एक बार फिर किस्मत आजमा रही हैं। अंजिल 2019 में भी यहां से चुनाव लड़ी थीं।

जाजपुर में बीजद और भाजपा का संघर्ष

- जाजपुर सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। भाजपा ने रवींद्र नारायण बेहरा और कांग्रेस ने आंचल दास को मैदान में उतारा है। 2019 में बीजद की शर्मिष्ठा सेठी ने 1,01,693 वोटों से सीट जीती थी। शर्मिष्ठा सेठी को 5,44,020 वोट मिले थे और उन्होंने भाजपा के अमियकांता मलिक को हराया था।

ओडिशा वोट शेयर 2019 पार्टी	सीट	वोट %
बीजद	12	42.8
भाजपा	8	38.4
कांग्रेस	01	13.8

भद्रक में फिर से रोमांचक मुकाबले की तस्वीर

- भद्रक लोकसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भद्रक से बीजद को जीत मिली थी। बीजद की मंजूलता मंडल ने भाजपा प्रत्याशी अविमन्यू सेठी को 28,803 मतों के अंतर से हरा दिया था। मंजूलता को 5,12,305 तो अविमन्यू सेठी को 4,83,502 वोट मिले थे। कांग्रेस की मधुमिता सेठी ने 2,07,811 वोट हासिल किए थे। भाजपा ने इस बार भी यहां बीजद सांसद मंजूलता मंडल के सामने पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजद नेता अर्जुन चरण सेठी के बेटे अविमन्यु सेठी को ही मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने इस बार वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद अनंत प्रसाद सेठी को मौका दिया है।

जगतसिंहपुर में भाजपा को पहली जीत की तलाश

- जगतसिंह पुर आरक्षित लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी पूर्व सांसद बिभू प्रसाद तराई, कांग्रेस के रवीन्द्र कुमार सेठी का मुकाबला बीजद की सांसद डॉ. राजश्री मल्लिक से हो रहा है। यहां भाजपा को अपनी पहली जीत की तलाश है। बीजद की राजश्री मल्लिक ने 2019 में चुनाव भाजपा के विभु प्रसाद तराई को हराया था। बीजद और भाजपा को क्रमशः 50.44% और 28.34% वोट मिले थे। 2014 में बीजद प्रत्याशी कुलमणि सामल इस सीट से जीते थे। उन्होंने तब कांग्रेस में रहे बिभू प्रसाद तराई को हराया था। कांग्रेस यहां 1998 से जीत के लिए तरस रही है।

एक नजर

केंद्रीय मंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने पर मामला दर्ज

राजकोट। फर्जी इंस्टाग्राम आईडी का उपयोग करके भ्रामक तस्वीरों और वीडियो के जरिए केंद्रीय मंत्री और राजकोट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार पुरुषोत्तम रुपाला की छवि धूमिल करने के आरोप में पांच अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। सहायक पुलिस आयुक्त बीबी बसिया ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता योगेश पंचानी की शिकायत के आधार पर राजकोट साइबर अपराध प्रकोष्ठ ने 26 मई को पांच इंस्टाग्राम उपयोगकर्ताओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

जम्मू-कश्मीर के रामबन में राजस्व अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

जम्मू। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मंगलवार को कहा कि उसने जम्मू कश्मीर के रामबन जिले में एक राजस्व अधिकारी को जमीन संबंधी एक आवेदन पर कार्रवाई करने के एवज में एक व्यक्ति से कथित रूप से 18000 रुपये रिश्वत लेने को लेकर गिरफ्तार किया है। बनिहाल तहसीलदार के कार्यालय कानूनगो मोहम्मद इशाक भट को सोमवार को शिकायतकर्ता से रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

देश में तालिबानी शासन लाना चाहता है इंडी गठबंधन: योगी

पटना साहिब से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में की जनसभा

फतुहा (बिहार), एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को आरोप लगाया कि विपक्षी गठबंधन इंडी देश में तालिबानी शासन लाना चाहता है। पटना साहिब से भाजपा के उम्मीदवार एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद के पक्ष में फतुहा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा, कांग्रेस और इंडी गठबंधन का घोषणा पत्र कहता है कि अगर उसकी सरकार आई तो पर्सनल लॉ लागू कर देंगे। रविशंकर ने जिस लड़ाई को अदालत में लड़कर तीन तलाक की प्रथा को समाप्त करवाया। ये चाहते हैं कि फिर से शुरू हो जाए।

उन्होंने दावा किया कि विपक्षी गठबंधन तालिबानी शासन लाना चाहता है जिसमें महिलाओं को स्कूल, कॉलेज और दफ्तरों में जाने की आजादी नहीं होगी और उन्हें हमेशा बुर्का पहनने के लिए मजबूर किया जाएगा। उत्तर प्रदेश के योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या में

पटना साहिब में जनसभा के दौरान भाजपा प्रत्याशी के साथ मुख्यमंत्री योगी।

राम मंदिर के निर्माण के बाद राम-भक्त मथुरा में भगवान कृष्ण का एक भव्य मंदिर बनाने के लिए कृतसंकल्प हैं। कांग्रेस और बिहार में उसकी सहयोगी राजद इसे कभी पूरा नहीं कर सकती क्योंकि उन्हें वोट मुसलमानों के चाहिए। गठबंधन दलितों और अन्य पिछड़ा वर्ग का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देना चाहता है, लेकिन देश संविधान से चलेगा। उन्होंने हाल ही में कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले का भी हवाला दिया, जिसमें पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार द्वारा कई मुस्लिम उप-समूहों को दिए गए ओबीसी दर्जे को रद कर दिया गया था।

उत्तर प्रदेश में गुंडे मांग रहे दया की भीख

योगी ने दावा किया कि जब से उन्होंने यूपी में सत्ता संभाली है गुंडे दया की भीख मांग रहे हैं, अपने गैरकानूनी धंधे छोड़ने और दूसरा कारोबार शुरू करने का वादा कर रहे हैं। जो लोग खुद को सुधारना नहीं चाहते उनका राम नाम सत्य हो जाता है। जमीन हड़पने वालों की संपत्ति पर बुलडोजर चलाया जाता है। उन्होंने आतंकवाद को खत्म करने का श्रेय भी प्रधानमंत्री को दिया और दावा किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस और राजद की सरकार के कार्यकाल के दौरान अयोध्या और काशी में आतंकी हमले होते थे। पटना में सिलसिलेवार धमाके भी हुए। योगी ने कहा, मैं पाकिस्तान का राग अलापने वाले कांग्रेस और राजद के लोगों से कहना चाहता हूं काहे भारत पर बोझा बने हुए हो, जाओ पाकिस्तान। हिंदुस्तान में मोदी जी तो 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन दे रहे हैं, पाकिस्तान में तो कोई भीख भी नहीं देगा क्योंकि वहां खुद लोग भूखे मर रहे हैं।

मप्र के 66 नर्सिंग कॉलेज होंगे बंद : मुख्यमंत्री यादव

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में नर्सिंग कॉलेज के मापदंडों की पूर्ति में अनफिट पाए गए 31 जिलों के 66 नर्सिंग कॉलेज के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

डॉ यादव ने यह भी निर्देश दिए हैं कि नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थी प्रभावित नहीं हो और परीक्षा दे सकें ऐसी व्यवस्था की जाए। इंदौर सहित कई जिलों में अनफिट पाए गए नर्सिंग कॉलेज में कार्रवाई कर उन्हें बंद किया गया है। उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार प्रदेश में बैतूल 8, भोपाल के 6, इंदौर 5, छतरपुर, धार और सीहोर 4, नर्मदापुरम 3, भिंड, छिन्दवाड़ा, जबलपुर, झाबुआ, मण्डला, रीवा, सिवनी और शहडोल 2, अलीराजपुर, अनूपपुर, बड़वानी, बुरहानपुर, देवास, ग्वालियर, खंडवा सहित अन्य जिलों के नर्सिंग कॉलेज शामिल हैं।

प्रज्ज्वल की कथित वीडियो वितरित करने वाले दो गिरफ्तार

बेंगलुरु। हासन से सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने मंगलवार को दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। इन दोनों व्यक्तियों ने जनता दल (एस) नेता द्वारा कई महिलाओं का कथित तौर पर यौन शोषण किये जाने के वीडियो वाले पेन ड्राइव वितरित किये थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दोनों व्यक्तियों को उस वक्त गिरफ्तार किया गया जब वे उच्च न्यायालय पहुंचे। एसआईटी अधिकारी उन्हें पूछताछ के लिए अपने साथ ले गए। प्रज्वल, पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के पोते हैं।

कोर्ट ने आईसीआईसीआई बैंक को रिकवरी एजेंट पर फटकारा

विसं, प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ऋण के एक मामले में निजी क्षेत्र के आईसीआईसीआई बैंक के चेयरमैन को व्यक्तिगत तौर पर यह बताने का निर्देश दिया है कि सुप्रीम कोर्ट की रोक के बावजूद ऋण वसूली के लिए बैंक के अधिकारियों ने कैसे रिकवरी एजेंटों को लगाया?

आईसीआईसीआई बैंक के अधिकारियों- जसमिंदर चहल और तीन अन्य द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार की एकलपीठ ने कहा कि आईसीआईसीआई बैंक के अधिकारी इस तथ्य से अच्छी तरह वाकिफ थे कि वे किसी रिकवरी एजेंट को नहीं लगा सकते, इसके बावजूद उन्होंने 2013 में रिकवरी एजेंटों की सेवाएं लीं, जबकि इससे छह वर्ष पूर्व सुप्रीम कोर्ट ने रिकवरी एजेंटों से ऋण वसूली पर रोक लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने आईसीआईसीआई बैंक बनाम प्रकाश कौर (2007) के मामले में स्पष्ट रूप से कहा था कि बैंक ऋण वसूली के लिए रिकवरी एजेंटों की सेवाएं नहीं लेंगे और उन्हें कानून के तहत निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करना होगा। बैंक के चेयरमैन इस याचिका में पक्षकार नहीं हैं।

युवक को महिलाओं के कपड़े पहनाकर घुमाया, मूत्र पिलाया

गुना (मध्य प्रदेश), एजेंसी

- वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर किया साझा, मांगे 25 लाख

मध्य प्रदेश के गुना में कुछ लोगों ने विवाद के बाद कथित तौर पर एक रिश्तेदार का अपहरण किया और राजस्थान ले गए जहां उन्होंने उसे जबरन मूत्र पिलाया और महिला के कपड़े पहनाकर उसे घुमाया।

एसपी ने कहा कि यह घटना 22 मई को पड़ोसी राज्य राजस्थान में हुई, चूंकि व्यक्ति का अपहरण गुना से किया था, इसलिए सोमवार देर रात यहां फतेहगढ़ थाने में सात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने यातना का एक वीडियो भी बनाया था, इसे सोशल मीडिया पर साझा किया। आरोपियों ने पीड़ित व्यक्ति से 25 लाख की मांग की। फतेहगढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि 10-12 लोगों ने पीड़ित का अपहरण कर लिया और उसे राजस्थान के झालावाड़ और पाटन ले गए, जहां उन्होंने उसकी पिटाई की, उसे जूतों की माला और महिलाओं के कपड़े पहनाए और उसे मूत्र पीने के लिए मजबूर किया।

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-द्वितीय, बरेली
परिवाद सं.- 26/2024
नोटिस बनाम
1. आई0सी0एल0 म्युचुअल बेनिफिट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड कॉर्पोरेट ऑफिस 41-सी, गांधी नगर, पंचम एम.आर.आई. सेंटर के सामने, बरेली, रजिस्टर्ड ऑफिस 10, जमुना बिहार नार्थ सिटी एक्सटेंशन के सामने, पीलीभीत रोड, बरेली
2. आई0सी0एल0 मल्टी ट्रेडिंग इंडिया लिमिटेड कॉर्पोरेट ऑफिस 41-सी, गांधी नगर, पंचम एम. आर.आई. सेंटर के सामने, बरेली रजिस्टर्ड ऑफिस 10, जमुना बिहार नार्थ सिटी एक्सटेंशन के सामने, पीलीभीत रोड, बरेली
आपको सूचित किया जाता है कि आपके विरूद्ध मीनू अग्रवाल पत्नी श्री सुनील अग्रवाल निवासी अशरफ खां छावनी, निकट हॉर्टमैन कॉलेज, इज्जतनगर, बरेली ने दिनांक 19.02.2024 को एक शिकायत पत्र उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अन्तर्गत इस आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया है। अतः आपको आदेश दिया जाता है कि आप इस सम्बन्ध में अपना उत्तर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा इस आयोग के समक्ष दिनांक 22.07.2024 को प्रातः 10:30 बजे तक प्रस्तुत करें तथा अपने कथन के समर्थन में जो अभिलेख दाखिल करना चाहें दाखिल कर दें। यदि आप नोटिस मिलने पर अपना उत्तर उपरोक्त अवधि के अन्दर प्रस्तुत नहीं करेंगे तो आपके विरूद्ध एक तरफा आदेश पारित कर दिया जायेगा। आज दिनांक 28.05.2024 को जारी किया गया।
अध्यक्ष
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-द्वितीय बरेली

प्रदेश

बाइक सवार दंपती को वाहन ने कुचला दोनों की मौत

शाहजहांपुर, अमृत विचारः वाहन की टक्कर से लखीमपुर खीरी के बाइक सवार दंपती की मौत हो गई। युवक पत्नी को उसके मायके ले जा रहा था। लखीमपुर खीरी के थाना उचौलिया के गांव पिराह निवासी सुरजीत कुमार(25) सोमवार शाम बाइक से पत्नी क्रांति कुमारी (22) को पीलीभीत के थाना पूरनपुर के भूपसिंह गुलड़िया स्थित उसके मायके ले जा रहे थे। क्रांति के पिता बीमार थे, दोनों उन्हें देखने जा रहे थे। पुवायां से दोनों बंडा के लिए चले। रात करीब नौ बजे बसंतापुर के पास सामने से किसी वाहन ने टक्कर मार दी। रात होने की वजह से दोनों काफी देर तक पड़े रहे। अस्पताल में दोनों की मौत हो गई

जीएनएम दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा बनी शासन के गले की हड्डी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, बरेली ने दर्ज कराई थी आपत्ति

अमृत विचार : जीएनएम कोर्स में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से दाखिला लेने के निर्णय के खिलाफ नर्सिंग कॉलेजों की आपत्तियां दिन पर दिन बढ़ती जा रही हैं। आनन-फानन में नर्सिंग कॉलेजों में दाखिले के लिए एकीकृत प्रवेश परीक्षा कराने के निर्णय के खिलाफ शासन में शिकायतों का पुलिंदा बढ़ता जा रहा है।

आपत्ति दर्ज कराने वालों में बरेली स्थित चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के सुधांशु मिश्रा का कहना है कि मिशन निरामया के अंतर्गत बीएससी नर्सिंग व जीएनएम आदि पाठ्यक्रमों के प्रति लड़कियों में आकर्षण बढ़ाने के लिए राज्य सरकार के निर्देश पर हम मेंटर को विभिन्न इंटर कॉलेजों में भेजा गया था। हम लोगों ने नर्सिंग पाठ्यक्रम की उपयोगिता और उज्जवल भविष्य की संभावनाओं को लेकर काउंसिलिंग की थी, दाखिले के लिए छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को बताया था कि 12 वीं के प्राप्तांक की मेरिट से लिए जाते हैं, उसी को आधार पर फार्म देकर कॉलेज स्तर पर रजिस्ट्रेशन किये गए थे। सुधांशु मिश्रा ने बताया कि डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा कराने से छात्र-छात्राओं की योग्यता के साथ ही कॉलेजों में आवंटित सीटों पर शत-प्रतिशत दाखिले होने पर भी संकट गहरा जायेगा।

शासन के निर्णय से बनी असमंजस की स्थिति

दाखिले को नई नीति की जानकारी न ही उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी की वेबसाइट पर दी गई और न ही कॉलेज प्रबन्धकों को पत्राचार द्वारा सूचित किया गया है। समाचार पत्रों के माध्यम से मिली जानकारी से दाखिला ले चुके छात्र के साथ ही अभिभावक परेशान हैं और लगातार नर्सिंग कॉलेज प्रबन्धक व प्रधानाचार्यो से संपर्क कर रहे हैं, जबकि कॉलेज प्रशासन के पास भी संबन्धित स्पष्ट और समुचित जानकारी नहीं है। असमंजस की इस स्थिति खत्म नहीं हो रही है।

दुष्कर्म के दोषी को उम्रकैद की सजा

बदायूं, अमृत विचार : दुष्कर्म करने के मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट, दीपक यादव ने आरोपी को दोषी मानते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। साथ ही एक लाख पांच हजार रुपये जुर्माना लगाया है। जुर्माने की पूरी धनराशि पीड़िता को देने का आदेश दिया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार थाना मूसाझाग के एक गांव की वादनी ने 8 मार्च 2022 को तहरीर देकर बताया था कि उसका पति ट्रक चलाता है। वह घर के बाहर रहता है। सात मार्च को वह अपने मायके गई थी। घर पर उनकी 14 साल की बेटी अकेली थी। गांव नसरुल्लापुर का श्रीराम भी था। उसने घर का कमरा बंद करके बेटी के साथ दुष्कर्म किया।

उत्तराखंड

स्याल्दे में खाई में गिरी कार पति-पत्नी व बेटी की मौत

संवाददाता, अल्मोड़ा

अमृत विचार : जिले के स्याल्दे विकास खंड में चचरेटी के पास कार तीन सौ मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में सीएचसी देघाट में कार्यरत नर्सिंग अधिकारी उनके चिकित्सक पति और आठ साल की बेटी की मौत हो गई। सोमवार शाम को हुए इस हादसे की सूचना मंगलवार तड़के तब मिली जब जैसे-तैसे ऊपर पहुंचे उनके ग्यारह साल के घायल बेटे ने आपबीती बताई।

रुड़की में निजी क्लीनिक चलाने वाले डॉ. मुनेंद्र सिंह (46) पुत्र ईश्वर सिंह निवासी निजामपुर सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देघाट में कार्यरत अपनी पत्नी नर्सिंग अधिकारी शशि सैनी (41) को छोड़ने के लिए कार से देघाट की ओर आ रहे थे। कार में बेटा अर्णव (11) और बेटी अदिति (8) भी थी। शाम करीब पांच बजे के आसपास अचानक स्याल्दे के चचरोटी के पास डॉ मुनेंद्र कार से नियंत्रण खो बैठे और कार करीब तीन सौ मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसा इतने सुनसान इलाके में हुआ था कि किसी को इसका पता नहीं चला। घंटों कॉल करने के बाद कोई रिस्पांस नहीं मिला तो शशि के भाई ने इस बारे में अल्मोड़ा पुलिस को सूचित किया। मंगलवार की तड़के तुराचौरा मार्ग पर एक बाइक सवार को अर्णव घायल हालत में मिला। जिसने बाइक सवार को हादसे की जानकारी दी। रेस्क्यू टीम बमुश्किल मौके पर पहुंची।

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-द्वितीय, बरेली
परिवाद सं.- 23/2024
नोटिस बनाम
1. आई0सी0एल0 म्युचुअल बेनिफिट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड कॉर्पोरेट ऑफिस 41-सी, गांधी नगर, पंचम एम.आर.आई. सेंटर के सामने, बरेली, रजिस्टर्ड ऑफिस 10, जमुना बिहार नार्थ सिटी एक्सटेंशन के सामने, पीलीभीत रोड, बरेली
2. विटेसी एग्रो लिमिटेड कॉर्पोरेट ऑफिस 41-सी, गांधी नगर, पंचम एम.आर.आई. सेंटर के सामने, बरेली रजिस्टर्ड ऑफिस 10, जमुना बिहार नार्थ सिटी एक्सटेंशन के सामने, पीलीभीत रोड, बरेली
आपको सूचित किया जाता है कि आपके विरूद्ध कुमकुम पत्नी स्व. श्री अशोक कुमार निवासी अशरफ खां छावनी, बरेली ने दिनांक 19.02.2024 को एक शिकायत पत्र उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अन्तर्गत इस आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया है। अतः आपको आदेश दिया जाता है कि आप इस सम्बन्ध में अपना उत्तर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा इस आयोग के समक्ष दिनांक 22.07.2024 को प्रातः 10:30 बजे तक प्रस्तुत करें तथा अपने कथन के समर्थन में जो अभिलेख दाखिल करना चाहें दाखिल कर दें। यदि आप नोटिस मिलने पर अपना उत्तर उपरोक्त अवधि के अन्दर प्रस्तुत नहीं करेंगे तो आपके विरूद्ध एक तरफा आदेश पारित कर दिया जायेगा। आज दिनांक 28.05.2024 को जारी किया गया।
अध्यक्ष
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-द्वितीय बरेली

सार-संक्षेप

जल्द ही एसी की हवा लेंगे कूलर में रह रहे रामलला

अयोध्या, अमृत विचार : नौतपा में अभी तक कूलर में रह रहे रामलला अब एसी की ठंडी हवा में रहेंगे। इसके अलावा उन्हें सूती वस्त्र पहनाए जा रहे हैं। रामनगरी में चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी का असर आम जनमानस के साथ-साथ मठ मंदिरों सहित राममंदिर में भी देखने को मिल रहा है। राम मंदिर में रामलला पांच वर्ष के बालक के रूप में विराजमान हैं। उन्हें गर्मी से बचाने के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। रामलला को भोग में शीतल व्यंजन परोसे जा रहे हैं और हर रोज चांदी की थाली में चारों तरफ फूल बिछाकर शीतल आरती की जाती है। साथ ही भोग में उन्हें सुबह और शाम दही दी जाती है। इसके अलावा फलों का जूस व लस्सी के साथ साथ भोग में मौसमी फल भी दिए जा रहे हैं। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र ने बताया कि गर्मी में श्रीराम लाल को किसी प्रकार की समस्या ना हो इसका विशेष ख्याल रखा जा रहा है।

दोषी वकीलों केआपराधिक इतिहास की मांगी जानकारी

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जिला न्यायालय परिसर में वादकारियों से मारपीट करने के मामले में आरोपी वकीलों के खिलाफ जारी आपराधिक अवमानना नोटिस का जवाब दाखिल करने के लिए सुनवाई की अगली निर्धारित तिथि तक का समय दिया है। सोमवार को मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पुलिस कमिश्नर, प्रयागराज को निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस उपायुक्त से नीचे के किसी पदाधिकारी द्वारा अपना व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर सभी अवमाननाकर्ता/वकीलों के आपराधिक इतिहास तथा ऐसे मामलों के संबंध में जांच के चरण को स्पष्ट करें। इसके अलावा कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि नोटिस सही व्यक्ति को तामील की जाए, जैसा कि एक अवमाननाकर्ता के वकील ने कोर्ट को बताया कि इस न्यायालय द्वारा सईद आफताब अहमद को नोटिस जारी किया गया था, लेकिन उक्त अवमाननाकर्ता के बजाय नोटिस अन्य वकील को तामील कर दी गई। मामले की अगली सुनवाई 15 जुलाई को सुनिश्चित की गई है।

विधायकों के खिलाफ मुकदमे में बहस पूरी

बदायूं, अमृत विचार : विधानसभा चुनाव के वोट की गणना के दिन मंडी समिति गेट पर भीड़ एकत्र की गई थी। अधिकारियों की गाड़ियों को रोककर जबरन दरवाजे खोले गए थे। एक अधिकारी के चालक की ओर से बिसौली, शेखूपुर विधानसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी और सपा जिलाध्यक्ष समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। जिसकी सुनवाई विशेष न्यायालय एमपीएमएलए के न्यायाधीश लीलु के न्यायालय में चल रही थी। जिसमें बहस पूरी हो चुकी है। पांच जून को फैसला सुनाया जाएगा। कोतवाली सिविल लाइन में 9 मार्च 2022 को रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिसमें बताया था कि विधानसभा चुनाव की मतगणना के दौरान मंडी समिति के गेट पर लगभग से 250 लोग एकत्रित हो गए। उनके द्वारा निर्वाचन कार्य के लिए मंडी समिति की तरफ आ रही गाड़ी को रोका गया और दरवाजा खोलने का प्रयास किया गया। इस मामले में सपा से बिसौली प्रत्याशी आशुतोष मौर्य, शेखूपुर से प्रत्याशी हिमांशु यादव, पूर्व विधायक व सपा जिलाध्यक्ष आशीष यादव, कैप्टन अर्जुन यादव, रचित गुप्ता और काजी रिजवान को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

गर्दन में धागा से फंदा कसने के कारण हुई बच्ची की मौत

बदायूं, अमृत विचार : थाना कादरचौक क्षेत्र के एक गांव में बच्ची की तारकशी में फंसने पर धागे से फंदा लगने के कारण सोमवार को मौत हो गई थी। पुलिस ने मंगलवार को शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें धागे से फंदा लगने पर मौत की पुष्टि हुई है। पुलिस ने आगे की जांच शुरू कर दी है। थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव जोरी नगला निवासी मुकेश की ढाई साल की बेटी अंशिका सोमवार सुबह लगभग साढ़े 11 बजे खेलने के दौरान लापता हो गई थी। परिजनों ने पुलिस को सूचना देकर बच्ची की तलाश शुरू की थी। दोपहर लगभग चार बजे मुकेश के घर के कुछ ही दूरी पर मासूम का शव कटीले तार पर उसके गले के धागे के बल लटका मिला। परिजनों ने उसे तार से अलग किया लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों ने गांव निवासी युवक पर हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने युवक को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने बच्ची के बारे में कोई भी जानकारी होने से मना कर दिया।

नहीं हो सकी डॉ. तजीन की रिहाई

रामपुर, अमृत विचार : दो जन्म प्रमाण पत्र मामले में हाईकोर्ट से कुछ दिन पहले डॉ. तजीन फात्मा, सपा नेता आजम खां व अब्दुल्ला आजम खां को जमानत मिल गई है। हालांकि अभी आजम खां और उनके बेटे अब्दुल्ला का जेल से आने का दिन तय नहीं हुआ है। लेकिन पूर्व सांसद डा. तजीन फात्मा का जमानत के बाद जेल से रिहा होने का रास्ता साफ हो गया है। मंगलवार को परवानों में कुछ त्रुटि होने के कारण वह जेल से रिहा नहीं हो सकीं। हालांकि, सपाई देर शाम तक उनका जिला कारागार के गेट पर इंतजार करते रहे। पूर्व सांसद डा. तजीन फात्मा की रिहाई का सोमवार को आदेश दाखिल कर दिया गया था। मंगलवार को सपाई शाम से जेल के बाहर उनकी रिहाई का इंतजार कर रहे थे।

बीमा कंपनी को 35 लाख रुपये क्लेम व ब्याज देने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आर्मी साइकिल स्टोर नकटिया में आग का निरस्त किया था दावा

अमृत विचार : आर्मी साइकिल स्टोर, नकटिया में आग लगने पर चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी बीमाधारक को 35 लाख रुपये क्षतिपूर्ति व ब्याज देगी। साथ ही 2.52 लाख रुपये हर्जाना भी अदा करेगी। यह आदेश राज्य उपभोक्ता आयोग ने कंपनी द्वारा निरस्त किए गए दावे पर दिया है।

प्रोपराइटर जयदेवी पत्नी स्व. सुखदेव सिंह ने 21 मई 2017 को अपने आर्मी साइकिल स्टोर का कंपनी से बीमा कराया था। बीमित राशि 65.42 लाख रुपये थी। कुछ दिन बाद स्टोर में आग लगने से सामान जलकर काफी नुकसान हो गया। उन्होंने 35 लाख रुपये क्षतिपूर्ति का दावा किया। कंपनी ने सर्वे में आर्मी साइकिल स्टोर के बगल स्थित आर्मी मोटर्स कंपनी में आग लगना दर्शाया और इसी आधार पर नो क्लेम बताकर दावा निरस्त कर दिया। जयदेवी ने कंपनी के खिलाफ राज्य उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। मामले की सुनवाई मंगलवार को न्यायमूर्ति/अध्यक्ष अशोक कुमार ने की। उन्होंने बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा दिया गया शपथ पत्र, पुलिस व फायर ब्रिगेड की रिपोर्ट के आधार पर आग आर्मी साइकिल स्टोर में लगना पाया। इसके बाद इंश्योरेंस कंपनी के खिलाफ यह आदेश दिया गया।

अध्यापकों के रिक्त पदों पर जल्द होगी भर्ती

हल्द्वानी, अमृत विचार : प्रदेश में प्राथमिक शिक्षा के अंतर्गत सहायक अध्यापक (बेसिक) के लगभग 3600 पद रिक्त चल रहे हैं। इन पदों पर शीघ्र ही भर्ती की जायेगी। शिक्षा विभाग ने आचार संहिता के दौरान भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के लिए निर्वाचन आयोग से अनुमति मांगी थी, जिस पर विभाग को अनुमति मिल गई है। इस संबंध में शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने विभागीय अधिकारियों को जनपदवार विज्ञप्ति जारी करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार प्राथमिक स्तर पर शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में जुटी है।

पूर्णागिरि मेले में पानी को लेकर हाहाकार

टनकपुर, अमृत विचार : भीषण गर्मी होने के बाद भी इस समय पूर्णागिरि धाम मेले में श्रद्धालुओं की आवाजाही में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। हर रोज 20 हजार से भी अधिक श्रद्धालु इस समय पूर्णागिरि धाम में दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। इस समय मेला क्षेत्र में पानी की किल्लत होने के कारण श्रद्धालुओं को भारी दिक्कतों से दो चार होना पड़ रहा है। सरकारी तौर पर 26 मार्च से शुरू पूर्णागिरि धाम मेला 15 जून को संपन्न होगा। भीषण गर्मी और चढ़ते पारे से मेला क्षेत्र की व्यवस्थाएं चरमरा रही हैं।

पुत्री के साथ दुष्कर्म के आरोपी पिता को जेल भेजा

खटीमा, अमृत विचार : पुलिस ने नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने वाले पिता को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया। जिसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। झनकईया थाना छेत्र के अंतर्गत आने वाले एक गांव की नाबालिग के साथ सोमवार शाम थाने पहुंची एक महिला ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि नाबालिग का पिता पिछले दो तीन वर्ष से इसके साथ दुष्कर्म करता आ रहा है। पुलिस ने पीड़िता से पूछताछ और तहरीर के आधार पर आरोपी पिता के खिलाफ धारा 376/506 आईपीसी और 5/6 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया। बाद में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

बाइक सवार पर तेंदुए का हमला, घायल

जसपुर, अमृत विचार : मोटरसाइकिल सवार युवक पर एक तेंदुए ने हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जसपुर क्षेत्र के पतरामपुर जंगल के पास स्थित गांव भोगपुर डाम गुरुद्वारा नंबर 3 निवासी बलकार सिंह अपने पैर की मरहम-पट्टी कराने के लिए पास के गांव बढ़ियों वाला में डॉक्टर के पास आया था। जब वह शाम को करीब 7:30 बजे वापस लौट रहा था तभी श्मशान घाट के पास अचानक एक तेंदुए ने उसकी मोटरसाइकिल पर झपट्टा मार दिया।

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-द्वितीय, बरेली
परिवाद सं.- 25/2024
नोटिस बनामः- 1. आई0सी0एल0 म्युचुअल बेनिफिट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड कॉर्पोरेट ऑफिस 41-सी, गांधी नगर, पंचम एम.आर.आई. सेंटर के सामने, बरेली, रजिस्टर्ड ऑफिस 10, जमुना बिहार नार्थ सिटी एक्सटेंशन के सामने, पीलीभीत रोड, बरेली
आपको सूचित किया जाता है कि आपके विरूद्ध रश्मि अग्रवाल पत्नी स्व. श्री संजय अग्रवाल निवासी अशरफ खां छावनी, निकट हॉर्टमैन कॉलेज, इज्जतनगर, बरेली ने दिनांक 19.02.2024 को एक शिकायत पत्र उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अन्तर्गत इस आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया है। अतः आपको आदेश दिया जाता है कि आप इस सम्बन्ध में अपना उत्तर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा इस आयोग के समक्ष दिनांक 22.07.2024 को प्रातः 10:30 बजे तक प्रस्तुत करें तथा अपने कथन के समर्थन में जो अभिलेख दाखिल करना चाहें दाखिल कर दें। यदि आप नोटिस मिलने पर अपना उत्तर उपरोक्त अवधि के अन्दर प्रस्तुत नहीं करेंगे तो आपके विरूद्ध एक तरफा आदेश पारित कर दिया जायेगा। आज दिनांक 28.05.2024 को जारी किया गया।
अध्यक्ष
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-द्वितीय बरेली

ड्राइवर भाइयों ने की थी पूर्व आईएएस अफसर की पत्नी की हत्या व लूटपाट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 3 गिरफ्तार, बरामदगी के दौरान पुलिस टीम पर फायरिंग

अमृत विचार : पूर्व आईएएस अफसर देवेंद्र नाथ दुबे की पत्नी मोहिनी दुबे की हत्या कर लूटपाट उनके ही दो ड्राइवर भाइयों ने अपने दोस्त के साथ मिल कर की थी। पुलिस ने तीनों को सोमवार रात गिरफ्तार कर लिया।

लूटी गई डीवीआर की बरामदगी के लिए उनके बताए स्थान पर ले जाने पर एक ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। गोली गाजीपुर थाने के मुख्य आरक्षी को लगी। जवाबी फायरिंग में वह आरोपी घायल हुआ।उनके पास से एक करोड़ के जेवरात, 1500 अमरीकी डॉलर, इंग्लैंड के 10 पाउंड, 10 स्विस डॉलर, नीले रंग की स्कूटी और सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर बरामद हुई। पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर के मुताबिक पूरी साजिश पूर्व आईएएस देवेंद्र नाथ दुबे के 13 साल पुराने ड्राइवर रवि और अखिलेश यादव ने रची थी। साजिश के तहत 25 मई शनिवार सुबह 7 बजे रवि पूर्व आईएएस अफसर को लेकर गोल्फ क्लब चला गया। इसके बाद उसका भाई अखिलेश और दोस्त रंजीत घर में दाखिल हुए और वारदात को अंजाम दिया।

चारों तरफ आग जलाकर तप कर रहे बाबा

लखीमपुर, अमृत विचारः भीषण गर्मी और प्रचंड धूप से जहां मनुष्य से लेकर पशु-पक्षी तक सभी व्याकुल हैं। पारा 42 डिग्री को पार कर गया है। वहीं ईसानगर क्षेत्र के लाखुन गांव के मजरा मदारा बेहड़ में बाबा तपती आग के बीचों बीच बैठकर देश के कल्याण के लिए तप कर रहे हैं। बाबा के चारों तरफ बड़ी मात्रा में लकड़ियां धधक रहीं हैं और बीच में बैठकर बाबा तप कर रहे हैं। बाबा की तपस्या को देखकर गांव के लोगों ने विशाल भंडारे का भी आयोजन किया।

सड़क पर दो बाघों में संघर्ष, दहाड़ सुन सहमे राहगीर

पीलीभीत, अमृत विचारः पीलीभीत टाइगर रिजर्व (पीटीआर) में माधोटांडा-खटीमा मार्ग पर मंगलवार सुबह दो बाघों के बीच आपसी संघर्ष हो गया। बाघों को भिड़ता और उनकी दहाड़ सुनकर राहगीरों में हड़कंप मच गया। जानकारी लगते ही डिप्टी डायरेक्टर ने टीम के साथ मौके पर कमान संभाली। बताते हैं कि संघर्ष में बाघों को चोट भी लगी है। टीमों को निगरानी के लिए लगाया गया है।

उ.प्र. प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड
क्षेत्रीय कार्यालयः 1219/1, ई-ब्लॉक राजेन्द्र नगर, बरेली-243 122
सन्दर्भ संख्या : 179/ई-5/जनरल/2024 दिनांक : 28.05.2024
प्रेस विज्ञप्ति
ईंट भट्ठा को जिग-जैग/हाइड्राफ्ट तकनीक पर संचालित किये जाने के सम्बन्ध में।
एतद्द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय, उ.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, बरेली के अन्तर्गत आच्छादित जनपद बरेली, पीलीभीत, बदायूं एवं शाहजहांपुर के समस्त ईंट भट्ठा स्वामियों/संचालकों को सूचित किया जाता है कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 22.02.2022 को पर्यावरण (संरक्षण) संशोधन नियम, 2022 के अनुसार क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली के क्षेत्रान्तर्गत स्थापित/संचालित ईंट भट्टे को जिग-जैग तकनीकी या वर्टिकल शाफ्ट में परिवर्तित कर जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 यथासंशोधित प्रावधानों एवं वायु (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1981 के प्रावधानों के अनुसार वैद्य सी.टी.ओ. प्राप्त कर संचालित किया जाना प्राविधानित है (संशोधित प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 23.05.2024)। अतः उपरोक्त का अनुपालन सुनिश्चित किये जाने हेतु क्षेत्रीय कार्यालय, बरेली के क्षेत्रान्तर्गत आच्छादित समस्त ईंट भट्ठा मालिकों/प्रतिनिधियों को जनसूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्राविधानों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुये ईंट भट्टे का संचालन किया जाये, अन्यथा ईंट भट्टे के विरूद्ध बिना अन्य सूचना/नोटिस प्रेषित किये पर्यावरणीय अधिनियमों के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी, जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व ईंट भट्ठा स्वामी का होगा।
क्षेत्रीय अधिकारी
उ.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, बरेली

जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-द्वितीय, बरेली
परिवाद सं.- 24/2024
नोटिस बनाम
1. आई0सी0एल0 म्युचुअल बेनिफिट्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड कॉर्पोरेट ऑफिस 41-सी, गांधी नगर, पंचम एम.आर.आई. सेंटर के सामने, बरेली, रजिस्टर्ड ऑफिस 10, जमुना बिहार नार्थ सिटी एक्सटेंशन के सामने, पीलीभीत रोड, बरेली
2. विटेसी एग्रो लिमिटेड कॉर्पोरेट ऑफिस 41-सी, गांधी नगर, पंचम एम.आर.आई. सेंटर के सामने, बरेली रजिस्टर्ड ऑफिस 10, जमुना बिहार नार्थ सिटी एक्सटेंशन के सामने, पीलीभीत रोड, बरेली
3. आई0सी0एल0 मल्टी ट्रेडिंग इंडिया लिमिटेड कॉर्पोरेट ऑफिस 41-सी, गांधी नगर, पंचम एम. आर.आई. सेंटर के सामने, बरेली रजिस्टर्ड ऑफिस 10, जमुना बिहार नार्थ सिटी एक्सटेंशन के सामने, पीलीभीत रोड, बरेली
4. आई.सी.एल. आरगेनिक डेयरी लिमिटेड कॉर्पोरेट ऑफिस 41-सी, गांधी नगर, पंचम एम.आर.आई. सेंटर के सामने बरेली, रजिस्र्ड ऑफिस 10, जमुना बिहार नार्थ सिटी एक्सटेंशन के सामने, पीलीभीत रोड, बरेली
आपको सूचित किया जाता है कि आपके विरूद्ध सुनील अग्रवाल पुत्र स्व. श्री रमेश चन्द्र अग्रवाल निवासी अशरफ खां छावनी, निकट हॉर्टमैन कॉलेज, इज्जतनगर, बरेली ने दिनांक 19.02.2024 को एक शिकायत पत्र उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अन्तर्गत इस आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया है। अतः आपको आदेश दिया जाता है कि आप इस सम्बन्ध में अपना उत्तर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा इस आयोग के समक्ष दिनांक 22.07.2024 को प्रातः 10:30 बजे तक प्रस्तुत करें तथा अपने कथन के समर्थन में जो अभिलेख दाखिल करना चाहें दाखिल कर दें। यदि आप नोटिस मिलने पर अपना उत्तर उपरोक्त अवधि के अन्दर प्रस्तुत नहीं करेंगे तो आपके विरूद्ध एक तरफा आदेश पारित कर दिया जायेगा। आज दिनांक 28.05.2024 को जारी किया गया।
अध्यक्ष
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-द्वितीय बरेली

अमृत विचार
www.amritvichar.com

परोक्षे कार्यहन्तारं प्रत्यक्षे प्रियवादिनम्।
वर्जयेत्तादृशं मित्रं विषकुम्भं पयोमुखम् ॥

पीठ पीछे काम बिगाड़नेवाले या सामने प्रिय बोलने वाले ऐसे मित्र को मुंह पर दूध रखे हुए विष के घड़े के समान त्याग देना चाहिए ।

संपादकीय

एआई पर अंतर्राष्ट्रीय संधि

हर क्षेत्र में आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का दायरा और हस्तक्षेप बढ़ता जा रहा है। एआई से आने वाले वर्षों में मानव जीवन के लगभग हर पहलू के बदलने की उम्मीद है। पिछले दिनों एआई के उपयोग को नियंत्रित करने वाली कानूनी रूप से बाध्यकारी पहली अंतर्राष्ट्रीय संधि को मंजूरी दी गई। यूरोप परिषद का यह कदम कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। यह संधि एआई तकनीक का ज़िम्मेदारी के साथ इस्तेमाल किए जाने को प्रोत्साहित करती है। यानी यह संधि समानता, गैर-भेदभाव, निजता और लोकतांत्रिक मूल्यों के सैद्धांतिक उद्देश्यों के मुताबिक एआई के उपयोग को बढ़ावा देती है। संधि गैर-यूरोपीय देशों के लिए भी खुली है और एक कानूनी ढांचा तैयार करती है जो एआई सिस्टम के पूरे जीवनचक्र को कवर करती है और जिम्मेदार नवाचार को बढ़ावा देते हुए उनके द्वारा उत्पन्न होने वाले जोखिमों को संबोधित करती है। गौरतलब है कि एआई पर वैश्विक साझेदारी की जरूरत पर भारत हमेशा से बल देता रहा है।

वैश्विक साझेदारी सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि 21वीं सदी के लिए एआई सबसे बड़ा वरदान बन सकता है तो यह 21वीं सदी को तबाह करने में भी अहम भूमिका निभा सकता है। इसलिए नैतिक मूल्यों पर आधारित एआई के लिए वैश्विक सहमति से फ्रेमवर्क बनाने की आवश्यकता है। देखा जाए तो यह संधि एआई के उपयोग को लेकर वैश्विक स्तर पर एक कानूनी मानक स्थापित करना चाहती है। लेकिन एआई को नियम-क़ानून के दायरे में बांधना बेहद मुश्किल है। इसकी एक बड़ी वजह यह है कि एआई का विस्तार बहुत व्यापक है, यानी एआई किसी खास क्षेत्र या प्रौद्योगिकी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका विस्तार मशीन लर्निंग, कंप्यूटर विज़न और न्यूरल नेटवर्क्स यानी एआई की एक विधि जो कंप्यूटर को मानव मस्तिष्क से प्रेरित होकर आंकड़ों का विश्लेषण करना सिखाती है, जैसी अत्याधुनिक और लगातार विकसित हो रही प्रौद्योगिकियों तक फैला हुआ है। संधि की लचीली कार्यान्वयन रणनीति और स्वतंत्र निरीक्षण तंत्र महत्वपूर्ण घटक हैं, फिर भी दायित्वों और देयताओं पर स्पष्ट दिशा निर्देशों की कमी व्यावहारिक लागू करने और प्रवर्तन में बाधा उत्पन्न करती है। वैसे भी अंतर्राष्ट्रीय संधि का मसौदा तैयार करने और विचार-विमर्श के दौरान सिर्फ यूरोपीय परिषद के सदस्य देश और कुछ अन्य देशों ने ही भाग लिया है, बाकी दुनिया के राष्ट्रों की इसमें कोई भागीदारी नहीं है। जाहिर है कि इससे इस संधि की वैधानिकता पर सवाल खड़े होते हैं और यह कहीं न कहीं इसे ज़मीनी स्तर पर लागू करने में रुकावटें पैदा कर सकता है।

मंडेला की एएनसी पर संकट, क्यों खफा भारतवंशी

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

दरअसल भारतवंशियों की एक बड़ी आबादी एएनसी की समर्थक रही है। सबको पता है कि मंडेला का भारत से आत्मीय संबंध था। वे लंबी जेल यात्रा से रिहा होने के बाद 1990 में दिल्ली आए थे। वह उनकी जेल से रिहा होने के बाद पहली विदेश यात्रा थी। भारत सरकार ने उन्हें भारत रत्न से भी सम्मानित किया।

दक्षिण अफ्रीका और भारत सिर्फ गांधी जी और नेल्सन मंडेला के कारण ही आपस में भावनात्मक रूप से नहीं जुड़ते। इन्हें करीब 15 लाख भारतवंशी भी जोड़ते हैं, जो वहां सौ से भी अधिक सालों से बसे हुए हैं। उसी दक्षिण अफ्रीका में बुधवार (29 मई) को होने वाले आम चुनावों को लेकर भारतवंशी भी गहरी दिलचस्पी ले रहे हैं। उनका आरोप है कि दक्षिण अफ्रीका में उन्हें हाशिए पर धकेल दिया गया है। भारतीय मूल के कुछ राजनेता दक्षिण अफ्रीका में आम चुनाव लड़ भी रहे हैं। इनमें पैट्रिक पिल्ले शामिल हैं, जिन्होंने डेमोक्रेटिक लिबरल कांग्रेस (डीएलसी) नाम से पार्टी बनाई है। एससिंह विपक्षी पार्टी डेमोक्रेटिक एलायंस के उम्मीदवार हैं। इनके अलावा भी कुछ निर्दलीय के रूप में क्वाजुलु-नटाल प्रांत से चुनाव लड़ रहे हैं। क्वाजुलु-नटाल प्रांत के प्रमुख शहर डरबन में भारतीयों की आबादी खासी है। इसे मिनी दिल्ली या मुंबई भी कहा जाता है। यह डरबन शहर ही है जहां महात्मा गांधी 1893 में भारत से आए थे। बाद में गांधी जी ने पास के शहर फ़ीनिक्स में अपना आश्रम बनाया था, उसे कुछ साल पहले हुई हिंसा में बुरी तरह से तबाह कर दिया गया था। डीएलसी ने चुनावों में भारतीय मूल के 10 उम्मीदवार उतारे हैं। वहां के भारतवंशी भी बेरोजगारी के शिकार हैं। माइनॉरिटी फ्रंट पार्टी की शमीन ठाकुर-राजबंसी दक्षिण अफ्रीका के क्वाजुलु-नटाल प्रांत की विधानसभा की सदस्य हैं। वह भी अपने देश के भारतवंशियों के हक में सक्रिय रहती हैं। भारतीय मूल के तीन व्यक्ति, फसीहा हसन, मागेशवरी गोवेन्दर और शाएक इमरान सुब्रथी नेल्सन मंडेला की पार्टी अफ्रीकन कांग्रेस पार्टी (एएनसी) के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

दरअसल भारतवंशियों की एक बड़ी आबादी एएनसी की समर्थक रही है। सबको पता है कि मंडेला का भारत से आत्मीय संबंध था। वे लंबी जेल यात्रा से रिहा होने के बाद 1990 में दिल्ली आए थे। वह उनकी जेल से रिहा होने के बाद पहली विदेश यात्रा थी। भारत सरकार ने उन्हें भारत रत्न से भी सम्मानित किया। राजधानी दिल्ली में नेल्सन मंडेला मार्ग का होना इस बात की गवाही है कि सारा भारत मंडेला की कुर्बानियों से प्रेरित होता है। मंडेला 1995 में भी भारत आए थे। नेल्सन मंडेला के नाम पर जामिया मिल्लिया इस्लामिया में साल 2004 में नेल्सन मंडेला सेंटर फॉर पीस एंड कान्फ्लिक्ट कनफिल्कट रेज़लूशन की स्थापना की गई। इस सेंटर की स्थापना मुख्य रूप से इसलिए की गई थी ताकि दुनियाभर में शांति और सदभाव के लिए भारत की तरफ से की जाने वाली कोशिशों का गहराई से अध्ययन हो सके। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी में भी अफ्रीकन अध्ययन केंद्र है।

> दक्षिण अफ्रीका में होने वाले आम चुनाव को अमानवीय रंगभेद के अंत के खात्मे के बाद के सबसे महत्वपूर्ण आम चुनाव का दर्जा मिल सकता है। सत्तारूढ़ अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) 1994 में सत्तासीन होने के बाद पहली बार बहुमत खो सकती है। अमेरिका के जार्जिया यूनिवर्सिटी में अफ्रीकी मामलों के प्रोफेसर डॉ. उत्सव कुमार सिंह को लगता है कि इस चुनाव के बाद वहां एएनसी का एकछत्र राज खत्म होगा। वहां मिली-जुली सरकार बनेगी। दक्षिण अफ्रीका में गोरी सरकार के शासन के अंत के बाद देश में सातवां आम चुनाव है। इस चुनाव में करीब पौने तीन करोड़ मतदाता देश की नई सरकार को चुनेंगे।

दक्षिण अफ्रीका में होने वाले आम चुनाव को अमानवीय रंगभेद के अंत के खात्मे के बाद के सबसे महत्वपूर्ण आम चुनाव का दर्जा मिल सकता है। सत्तारूढ़ अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) 1994 में सत्तासीन होने के बाद पहली बार बहुमत खो सकती है। अमेरिका के जार्जिया यूनिवर्सिटी में अफ्रीकी मामलों के प्रोफेसर डॉ. उत्सव कुमार सिंह को लगता है कि इस चुनाव के बाद वहां एएनसी का एकछत्र राज खत्म होगा। वहां मिली-जुली सरकार बनेगी। दक्षिण अफ्रीका में गोरी सरकार के शासन के अंत के बाद देश में सातवां आम चुनाव है। इस चुनाव में करीब पौने तीन करोड़ मतदाता देश की नई सरकार को चुनेंगे। अगर एएनसी को चुनावों में 50 फीसद से कम वोट मिले, तो पार्टी को गठबंधन सरकार बनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उस हालत में एएनसी के नेता और राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा को मिली-जुली सरकार बनाने के लिए बाध्य होना पड़ सकता। बताते चलें कि वे 2019 में भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि थे। एएनसी ने 2018 में बदनाम राष्ट्रपति जैकब जुमा को हटाकर रामाफोसा को देश का राष्ट्रपति बनाया था। जैकब जुमा पर 2009 और 2018 के बीच राष्ट्रपति पद पर रहते हुए भ्रष्टाचार के अनगिनत केस लगे थे। जुमा पर यह भी आरोप था कि उन्होंने भारत के उद्योगपति 'गुप्ता ब्रदर्स' (अनिल और अजय) को खूब लाभ पहुंचाया। उत्तराखंड पुलिस ने बीते दिनों एक बड़े बिल्डर को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गुप्ता ब्रदर्स को गिरफ्तार किया था। बेशक, एएनसी से अवाम की नाराजगी की वजह जुमा के कुशासन के कारण ही हुई थी।

बेशक, एक दौर में एएनसी के प्रति दक्षिण अफ्रीका के अवाम के मन में गहरा प्रेम मंडेला के कारण था। एएनसी को पिछले 2019 के आम चुनाव में पहली बार झटका लगा था। तब उसे देश की 60 फीसद जनता का भी समर्थन नहीं मिला था। तब पार्टी को 57.50 फीसद वोट मिले थे।

दक्षिण अफ्रीका हत्याओं के मामले बीते 20 साल के उच्च स्तर पर है, देश में लगभग हर 20 मिनट में एक व्यक्ति का कत्ल हो जाता है। जनता पुलिस की काहिली से बहुत नाराज है। बेरोजगारी, बिजली की बार-बार कटौती, पानी का संकट के स्थायी हल ना खोज पाने के कारण जनता एएनसी से दूर हो रही है। सरकारी विभागों में फैले भ्रष्टाचार से एएनसी को नुकसान ही हुआ है।

दक्षिण अफ्रीका की जनता राष्ट्रपति रामाफोसा में मंडेला का अक्स देखती थी। पर वे भी जनता के मसलों को हल करने में नाकाम ही रहे। उन्होंने कुछ समय पहले एक भाषण में स्वीकार किया था, "भ्रष्टाचार ने हमारे लोकतंत्र को घायल कर दिया है और लोगों का हमारे संस्थानों में विश्वास हिला दिया है। अगर भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगाई जाती है, तो हम कहीं के नहीं रहेंगे। सबसे बड़ा नुकसान स्वयं लोकतंत्र में विश्वास के लिए होगा।"

दक्षिण अफ्रीका की मुख्य विपक्षी पार्टी, सेंट्रिस्ट डेमोक्रेटिक एलायंस (डीए), का नेतृत्व जॉन स्टीनहुइसन करते हैं और इसे कई लोग गोरे दक्षिण अफ्रीकियों की पार्टी मानते हैं। इस चुनाव के लिए, डीए ने छोटी विपक्षी पार्टियों के साथ एक गठबंधन ब्लॉक बनाया है। कहने वाले कह रहे हैं कि डीए सत्ता पर काबिज हो सकती है। अगर सर्वेक्षणों पर विश्वास किया जाए, तो एएनसी को जरूरत पड़ने पर इकोनॉमिक फ्रीडम फाइटर्स (ईएफएफ) या डीए के साथ गठबंधन बनाने के बीच चुनाव करना पड़ सकता है। डीए के नेता स्टीनहुइसन ने अपनी ओर से, एएनसी के साथ गठबंधन में जाने से इनकार नहीं किया है। यानी एएनसी और डीए भी मिलकर सरकार बना सकते हैं। ईएफएफ एक वामपंथी पार्टी है जिसका नेतृत्व एएनसी के पूर्व युवा नेता जूलियस मालेमा करते हैं।

खैर, भारत में लोकसभा चुनाव के नतीजे 4 जून को और मित्र देश दक्षिण अफ्रीका में 2 जून को घोषित किए जाएंगे। इसके बाद दोनों देशों में नई सरकारें बनेंगी। उम्मीद करनी चाहिए कि दक्षिण अफ्रीका में नई सरकार भारतवंशियों के हितों के हल तलाश करेगी। भारतीयों के बिना अधूरा है दक्षिण अफ्रीका। वहां के शिखर क्रिकेटर हाशिम आमला और केशव महाराज भारतीय मूल के ही हैं।

प्रसंगवश

सनातन धर्म का एक चेहरा

19 वीं सदी में हिंदू धर्म सती प्रथा, विधवा पुनर्विवाह और छुआछूत समाप्ति के बड़े सुधारों से गुजर रहा था। वह अपने नए आधुनिक गौरव की तरफ बढ़ रहा था, तभी 1885 में 'सनातन धर्म सभा' की स्थापना हुई। इसका उद्देश्य हिंदू धर्म में चल रहे सुधारों का विरोध करना था और संरक्षणवाद को फैलाना था। यह दयानंद सरस्वती के आर्य समाज के भी विरोध में था और दलितों को छुआछूत से मुक्त करने के उनके अभियान के पक्ष में नहीं था। सनातन धर्म सभा के मुख्य कर्ताधर्ता एक संपन्न ब्राह्मण पुरोहित दीन दयालु थे। इस संगठन ने आगे चलकर गांधी के अछूतोद्धार कार्यक्रम का भी विरोध किया, पर उस दौर में उन सबका विरोध आंधी में पतंग उड़ाने जैसा था।

शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

हिंदू धर्म में सुधारों का विरोध करने के उद्देश्य से ही 1902 में 'भारत धर्म महामंडल' की स्थापना की गई। ये सभी सनातनी संगठन उस दौर में विवेकानंद के विचारों के भी विरोधी थे। 1910 में छपी एक पुस्तिका 'भारत धर्म महामंडल रहस्य' में रूढ़िपोषक सनातन पंथियों की देशभक्ति का उदाहरण इस प्रकार है, 'परम दयालु परमेश्वर की कृपा से आर्य प्रजा को इस प्रकार की नीतिज्ञ और उदार गवर्नमेंट मिली है कि ऐसी गवर्नमेंट विदेशियों के हित के लिए विश्व भर में और कहीं देखने में नहीं आती।' रूढ़िपोषक सनातनपंथियों की एक बड़ी सीमा आर्यावर्त है, अर्थात उत्तर भारत को ही भारत समझने की है, जबकि भारत एक बड़ा देश है। निश्चय ही हिंदू धर्म सनातन धर्म से अधिक व्यापक है। हम अप्पर, ज्ञानेश्वर, तुकाराम, सूर, मीरा, तुलसी, सहजोबाई, दयानंद सरस्वती, विवेकानंद, श्री अरविंद आदि को सनातनी नहीं कह सकते। स्पष्ट है कि सनातन धर्म के पुनरुत्थान में लगे लोग वस्तुतः जाति व्यवस्था और पितृसत्ता के तो कट्टर समर्थक हैं ही, ये भारत के स्वभाव से ही अनजान हैं। हम प्राचीन काल से ही 'नवोन्मेषशील सनातन' और 'जड़ांध सनातन' की दो धाराएं स्पष्ट देख सकते हैं। इसलिए इस समय सनातन को लेकर बढ़ रहे हुंकार को देश पर एक बड़े खतरे की घंटी के रूप में देखना चाहिए।

पर्यावरण विनाश का कारण बनते घातक हथियार

डॉ .मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

> इन हथियारों के प्रभाव को जानकर इतना तो स्पष्ट है कि ये प्रकृति/पर्यावरण और उसके जैविक और अजैविक घटकों को बहुत ज्यादा क्षति पहुंचा रहे हैं।

विज्ञान एवं तकनीकी युग में आज मनुष्य एक ओर तो प्रकृति पर विजय प्राप्त करना चाहता है, कई वर्षों तक जीवित रहना चाहता है, बुढ़ापे को दूर भगाना चाहता है, जिंदगी को आराम दायक बनाना चाहता है, वहीं दूसरी ओर अपनी बढ़ती महत्वाकांक्षा से चालित प्रकृति को जाने-अनजाने में तरह-तरह से हानि पहुंचा रहा है। साथ ही समय-समय पर विभिन्न देशों के मध्य होने वाले युद्ध, युद्धाभ्यास, आतंकी हमलों में प्रयुक्त घातक हथियार और उनकी टेस्टिंग जल (समुद्र), वायु, थल, नभ को बुरी तरह से प्रभावित कर रही हैं, प्रदूषित कर रही है। आजकल जो युद्ध हो रहे हैं, वे इतिहास की किताबों में दर्ज परंपरागत युद्ध जैसे नहीं हैं, जिनमें तलवार, धनुष और तोपखाने का उपयोग किया जाता हो। उन्नीसवीं शताब्दी से युद्ध में उपयोग होने वाले हथियार और सामग्री में बहुत बदलाव आया है। कंप्यूटरीकरण प्रणाली तथा सूचना तंत्र का उपयोग हथियारों में बढ़ा है। युद्धक विमान, मिसाइल, राकेट लांचर, तोप, बम और उनमें उपयोग होने वाले तरह-तरह के विस्फोटक और उनकी सटीक मारक क्षमता ने युद्ध को मनुष्य और पर्यावरण के लिए पहले से ज्यादा घातक और नुकसान दायक बना दिया है। उदाहरण के लिए लगभग पिछले दो वर्ष से जारी रुस-यूक्रेन युद्ध में तरह-तरह के घातक हथियारों का उपयोग हो रहा है यथा-विस्फोटक हथियार जो अपने विखंडन, विस्फोटक, आगजनी के प्रभाव से प्रकृति और मानव को बेतहाशा नुकसान पहुंचा रहे हैं। दूसरे रासायनिक हथियार (क्लोरोपिक्रिन जैसे दम घुटने वाले ऐजेंट आदि) जो मनुष्य सहित विभिन्न जीव-जंतुओं के फेफड़ों, आंखों, त्वचा में जलन पैदा करके तथा उल्टी, मतली, दस्त का कारण बन हथियार के प्रभाव क्षेत्र में आने वाले हर व्यक्ति और जीवों को मौत के घाट उतार रहे हैं, इनका वनस्पतियों पर क्या प्रभाव पड़ा है, युद्ध समाप्ति पर होने वाले शोध से ही अवज्ञत हो सकेगा। कुछ हथियार ऐसे भी उपयोग में लाए जा रहे हैं जो आगजनी तथा धुआं फैला कर जन-धन को हानि पहुंचा रहे हैं (नेपान, थर्माइट, सफेद फास्फोरस आदि) तथा कुछ हथियार ऐसे हैं जिन्हें ईंधन वायु विस्फोटक (थर्मोबेरिक हथियार)कहा जाता है (एरोसोल बम या वैक्यूम बम) जो उच्च तापमान वाले विस्फोट को उत्पन्न करने के लिए हवा से आक्सीजन का उपयोग करते हैं। इन विस्फोटक से उत्पन्न गर्मी इंसान को झुलसा देती है। इसके घातक प्रभाव को देखते हुए इन हथियारों को गैर परमाणु हथियार में सबसे ख़तरनाक माना जाता है। परमाणु हथियार को अभी होल्ड पर रखा है जो बड़े क्षेत्र में सामुहिक विनाश का कारण बन सकता है। रुस-यूक्रेन युद्ध में इस विनाशक हथियार के उपयोग की आंशका बनी हुई है।

इन हथियारों के प्रभाव को जानकर इतना तो स्पष्ट है कि ये प्रकृति/पर्यावरण और उसके जैविक और अजैविक घटकों को बहुत ज्यादा क्षति पहुंचा रहे हैं और युद्ध विराम के बाद भरपाई करने या यूं कहें युद्ध के पहले की स्थिति में लाने में वर्षों लग सकते हैं।

आज विश्व के देशों में गुटबाजी स्पष्ट दिखाई देती है। एक तरफ रूस, चीन, उत्तरी कोरिया जैसे देशों का समूह है तो दूसरी तरफ अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी जैसे नाटों देशों का समूह है तो तीसरी ओर भारत जैसे वे देश है जो अभी किसी गुट में नहीं है तथा विश्व शांति के पक्ष में है और उन्हें अपने देश में पर्यावरण की रक्षा करते हुए विकास की रफ्तार को तेज करना है, विकसित राष्ट्र बनना, अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है तथा अपने नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना है। विश्व में कुछ ऐसे भी देश है जो सीधे तौर पर तो युद्ध में शामिल नहीं है पर युद्ध करने के लिए देशों को उकसा रहे हैं, उन्हें घातक हथियारों की आपूर्ति कर रहे हैं, शांति-वार्ता को किसी परिणामदायक स्थिति में पहुंचने से अप्रत्यक्ष रूप से रोक रहे हैं। वास्तव में युद्ध विराम न होना या यूं कहें युद्ध का लंबा खिंचना वर्तमान में चल रहे युद्ध और उससे उपजे पर्यावरणीय संकट की स्थिति को और भयावह बना रहा है, परमाणु हमले की आशंकाओं को जन्म दे रहा है। ऐसा लगता है जिन देशों के मध्य युद्ध (ईजराइल-हमास,रुस-यूक्रेन आदि) जारी है वे शांति, युद्ध विराम जैसे शब्द अपने शब्दकोश से मिटा चुके हैं, उन्हें कराहती मानवता की आवाज सुनाई ही नहीं देती। जबकि युद्ध में संलग्न देशों को भलीभांति ज्ञात है कि आधुनिक घातक अस्त्र-शस्त्र के प्रयोग से पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र के जैविक घटकों (पेड़-पौधों, जीव-जंतुओं, पशु-पक्षी तथा मानव आदि) को बेतहाशा नुकसान पहुंचता है।

सोशल फोरम

कृत्रिमता का परिणाम

फ्लैटों ने हमें सुविधा तो दी है लेकिन हमारा बहुत कुछ छीन भी लिया है। न ऊपर आसमान अपना न नीचे धरती। वो बड़े बड़े आंगन, बरामदे और दालान वाले घर तो अब सपना हो गए। अब तो लोग खुले में सोते भी नजर नहीं आते। आधुनिक सुविधा के लालच ने इंसान को दड़बों तक सीमित कर दिया। अब पूरा जीवन दो से तीन कमरों के बीच सिमट कर रह जाता है। अब तक कि नौकरी पेशा जिंदगी भाड़े के घरों में कट गई। जहां अपनी मर्जी संभव नहीं थी। बचपन मे घर के आंगन में या ऊपर छत पर सोने का आनन्द लगभग भूल चुका था। सयुंक्त परिवारों में छत पर बिस्तर लगा रात को गप्पें मारने का भी एक अलग सुख होता था। पास पड़ोस के साथ उम्र के हिसाब से अलग अलग टोलियां बन जाती थी। आज कृत्रिम सुविधाओं की आदि देह भी अब ये सारे आनन्द भूल चुकी है।

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

16 साल पहले सासाराम में गर्मी में हम बाहर ही सोया करते थे। क्योंकि बिजली केवल 6-7 घंटे के लिए ही आती थी। इस कष्ट के बावजूद एक सुख भी था। प्रदूषण कम होने के कारण आकाश तारों से भरा दिखता था और पूर्णिमा की चांदनी तो ऐसी थी जैसे किसी ने छोटा बल्ब जला रखा हो। हम अक्सर रात का खाना मून लाइट में ही खाया करते थे।

इतने सालों में बढ़े प्रदूषण और शहर की जगमगाती लाइटों ने आकाश से तारों को ही गायब कर दिया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि कृत्रिम रोशनी के बढ़ते उपयोग से पशुओं के स्वभाविक जीवन पर असर होता है और मानव शरीर को भी अनिद्रा, मधुमेह, मोटापा, डिप्रेशन, कैंसर और दिल की बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। विटामिन डी के लिए अब हम सूरज के बजाय टैबलेटों की शरण में जाते हैं। जीवन में बढ़ती कृत्रिमता का परिणाम तो हमें भोगना ही होगा।

अलग किस्म के सुख और दुख हमारे चारों तरफ बिखरे पड़े हैं। अब ये हमारा चुनाव है कि अपनी मानसिकता अनुसार हम किसे दुख समझे और किसे सुख। देखा जाए तो हमारी पृथ्वी से अंधेरा भाग रहा है लेकिन ये हमारे लिए खुशी नहीं बल्कि दुख की बात है। खुशी की बात तब होती जब हमारे दिलों दिमाग पर छाया अंधेरा भागता।

-फेसबुक वॉल से

आजीवन किसान हितों के प्रति समर्पित रहे चौधरी चरण सिंह

मणेन्द्र मिश्रा 'मशाल'
पूर्व अतिथि प्रवक्ता
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

> 1950 में यूपी के मुख्यमंत्री सम्पूर्णानंद की सरकार में चौधरी साहब के प्रयास और मार्गदर्शन में ही जमींदारी उन्मूलन विधेयक बना जो एक जुलाई 1952 को लागू भी हो गया।

देश की आजादी के शुरूआती दशकों में जनसंचार माध्यमों के पर्याप्त अभाव के बाद भी किसानों की लड़ाई लड़ने वाले नेता की पहचान अखिल भारतीय स्तर पर किसान मसीहा के रुप में स्थापित होना किसी आश्चर्य से कम नहीं है। ऐसे में चौधरी चरण सिंह समकालीन पीढ़ी के लिए उस दौर के अचंभित करने वाले नेता के तौर पर ही पहचाने जाते हैं। आज भी सुदूर ग्रामीण अंचलों में किसानों के हक और हकूक की लड़ाई लड़ने वाले नेता के रूप में लोगों की जुबान पर बरबस चौधरी साहब का नाम सहज ही आ जाता है। उनके किसान हितैषी व्यक्तित्व का ही प्रभाव रहा कि मौजूदा भारत सरकार को चुनावी वर्ष में चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित कर उस महान धारा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना पड़ी।

चौधरी चरण सिंह आजीवन किसान हितों के प्रति समर्पित रहे। लोकतांत्रिक भारत के इतिहास में पहली बार उन्होंने प्रशासनिक सेवाओं में खेतिहर और ग्रामीणों के लिए पचास फीसदी आरक्षण की बात की। खेती-किसानी और नौजवानों के रोजगार को ही मुद्दा बनाते रहे। जहां एक ओर उन्होंने राजनीतिक भ्रष्टाचार से खुद को आजीवन बचाए रखा, वहीं दूसरी ओर अपने से जुड़े लोगों की शुचिता और साख के मजबूत बने रहने के लिए विशेष अनुशासन के नियम को बनाए रखा। चौधरी साहब के लेखन को पढ़ने और समझने से एक दृष्टि पैदा होती है कि कैसे राजनीति में रहते हुए चकाचौंध से दूर रह कर आमजन के हित का काम पूरी ईमानदारी से किया जा सकता है।

1950 में यूपी के मुख्यमंत्री सम्पूर्णानंद की सरकार में चौधरी साहब के प्रयास और मार्गदर्शन में ही जमींदारी उन्मूलन विधेयक बना जो एक जुलाई 1952 को लागू भी हो गया। इसी तरह 1964 में सुचेता कृपलानी की सरकार में बतौर कृषि मंत्री उन्होंने 'कृषक समाज' की स्थापना के माध्यम से किसानों को आधुनिक तकनीकि से जोड़ने का प्रयास शुरू किया। जिसे आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री बनने के बाद 'चकबंदी कानून' को अतिरिक्त मजबूत करते हुए किसान हित का ध्यान रखा।

23 दिसम्बर 1977 को केंद्र सरकार द्वारा उन्हें मंत्रिमंडल से निकाले जाने के विरोध में आयोजित किसान रैली के ऐतिहासिक भीड़ के विषय में जानकर तत्कालीन समय में उनकी लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है। 1977 में जनता पार्टी की प्रथम बैठक में भारतीय अर्थव्यवस्था और किसान नीति की बेहतरी के लिए बनाए गई रिपोर्ट की चर्चा करते हुए उन्होंने लघु एवं कुटीर उद्योग के लिए बजट का 40 प्रतिशत हिस्सा कृषि पर व्यय करने से लेकर 50 फीसदी गांवों के विकास पर खर्च करने का पक्ष उनके गांव-किसान से गंभीर जुड़ाव को ही दर्शाता है। किसान विकास योजनाओं में धन की पर्याप्त उपलब्धता करने के लिए उन्होंने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान नाबार्ड का गठन किया, जिसकी सफलता आज भी निर्विवाद बनी हुई है। "मेरे सपनों के भारत" विषय पर चर्चा करते हुए उन्होंने पांच बिंदुओं पर अपनी बात कही थी कि प्राथमिक आवश्यकताएं सब की पूरी हो, ऐशो-आराम की चीजें नहीं। दूसरे सब को रोजगार मुहैया हो, तीसरे अमीरों और गरीबों में अंतर कम से कम होता जाए। चौथे यह कि हर आदमी ईमानदार हो अर्थात देश में भ्रष्टाचार ना हो और हर आदमी रोटी कमाने के काम में स्वतंत्र रहे, अपने कर्तव्य का ईमानदारी से पालन करता रहे। पांचवें यह कि हर आदमी अपने मुल्क को तरक्की की बुलंदियों तक पहुंचाने का स्वप्न देखे और एक यह भी कि भारत में ऊंच-नीच का भेदभाव बिल्कुल ना रहे। इसके साथ ही चौधरी साहब ने एक ठोस आर्थिक नीति का मॉडल प्रस्तुत किया जिससे देश की गरीबी और बदहाली को दूर करने का रास्ता सुझाया जा सके।

गांधीवादी परंपरा के चौधरी चरण सिंह अपने सार्वजनिक जीवन में व्यक्तिगत संपत्ति के आग्रह से पूरी तरह दूर रहे। चौधरी साहब के प्रिय शिष्य 1974 में उत्तर प्रदेश की राजनीति में दो नौजवान छात्रनेता सतपाल मलिक और राजेंद्र चौधरी आज भी उस धारा के प्रकाश बिंदु के रूप में क्रमशः पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री के रूप में उस वैचारिकी को जीवंत बनाए हुए हैं। बीते कुछ वर्षों में जिस तरह किसानों के मुद्दों और उनका दखल एक दबाव समूह के रूप में उभरा है उसे चौधरी साहब की नीतियों के आधार पर समाजवादी विचार परंपरा के वाहक अखिलेश यादव राजनीति के केंद्र में बनाए हुए है। आज जब राजनीति व्यवसाय, विचारहीनता और पदलोलुपता के मकड़जाल में उलझता चला जा रहा है। ऐसे में चौधरी चरण सिंह की याद बेपटरी हो चुकी राजनीति में एक प्रकाशपुंज की भांति प्रतीत होती है जिनके बताए रास्ते पर चलकर समाज में समृद्धि और समरसता कायम की जा सकती है। चौधरी साहब की पुण्यतिथि पर सबसे सच्ची श्रद्धांजलि उनके किसानोंन्मुख छवि पर आम जनता में विमर्श करते हुए किसानों की मूलभूत समस्याओं के विषय में मौलिक एवं सहज समाधान प्राप्त करने के माध्यम से किया जा सकता है।

विश्व में भुखमरी की स्थिति

> 2022में भारत ग्लोबल इंडेक्स में 107वे नम्बर पर था, जो 2023,में 111वे स्थान पर खिसक गया है। यह स्थिति तो तब है जब अन्न योजना के अंतर्गत सरकार 81 करोड़ लोगों को लगातार अनाज वितरण का काम कर रही है।

विश्व में भूख दिवस यानी हंगर डे हर साल 28 मई को मनाया जाता है। इसकी शुरुआत 2011 में की गई थी और उद्देश्य था भुखमरी को दूर करना। ताकि हर व्यक्ति को दो समय की रोटी मिल सके। उद्देश्य यह भी था कि आगामी 2030 तक विश्व पटल से भूखमरी समाप्त की जा सके किंतु ताजा आंकड़ों के अनुसार 820 मिलियन लोग अभी भी भूख, बीमारी और कुपोषण से ग्रस्त बने हुए हैं। मध्य अफ्रीकी देश और मेडागास्कर इस सूची में सबसे प्रभावित देशों में रखे गए हैं, इस विषय में हमारे देश की स्थिति बिल्कुल भी अच्छी नहीं। 2022 में भारत ग्लोबल इंडेक्स में 107वे नम्बर पर था, जो 2023, में 111वे स्थान पर खिसक गया है। यह स्थिति तो तब है जब अन्न योजना के अंतर्गत सरकार 81 करोड़ गरीब जनता को लगातार अनाज वितरण का काम कर रही है। इस इंडेक्स के अनुसार पड़ोसी छोटे देश श्रीलंका, पाकिस्तान, बांग्लादेश और नेपाल भी बेहतर स्थिति में हैं। हालांकि भारत सरकार हंगर इंडेक्स के इन आंकड़ों को सही नही मान रही। परंतु यह एक विचारणीय विषय है कि इस स्थिति में सुधार कैसे किया जा सके। अब देखना है कि आने वाले दिनों में हमारे देश की स्थिति में कैसे सुधार होगा, देश की बड़ी आबादी को भुखमरी और कुपोषण की संख्या से निकालने के लिए अथक प्रयासों की जरूरत है ताकि देश हंगर इंडेक्स में बेहतर स्थान प्राप्त कर सके।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

सार-संक्षेप

कोटे के तहत निजी विद्यालय में प्रवेश को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने विशेष अपील खारिज की

विधि संवाददाता, प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक निजी विद्यालय में एडमिशन के मामले में कहा कि याची को समायोजित करने की संभावना न होने के कारण विपक्षियों को कोई निर्देश जारी नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने एकल न्यायाधीश के आदेश में कोई अवैधता या दुर्बलता ना देखते हुए वर्तमान विशेष अपील को खारिज कर दिया। उक्त आदेश मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने मास्टर अरजीत प्रताप सिंह की विशेष अपील को खारिज करते हुए पारित किया। मामले के अनुसार अरजीत प्रताप सिंह का जन्म मार्च 2020 में हुआ। याची अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित था और उसके विकलांग पिता की मासिक आय 6000 रुपए प्रतिमाह थी। उक्त प्रमाण पत्रों के साथ याची ने मुरादाबाद स्थित आर्यंस इंटरनेशनल स्कूल में प्री-नर्सरी में वंचित समूह के लिए आरक्षित 25 प्रतिशत कोटा के तहत प्रवेश हेतु आवेदन किया। फरवरी 2024 को स्कूल के आवंटन के लिए लॉटरी आयोजित की गई थी, जिसमें याची के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया गया और कहा गया था कि वह उसी वार्ड के स्कूल में आवेदन करे। इसे ही याची ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिस पर एकलपीठ ने स्कूल को याची के एडमिशन पर विचार करने का निर्देश देते हुए कहा था कि अगर संबंधित स्कूलों में संबंधित वार्ड के सभी आवेदनों पर विचार करने के बाद भी प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने से पहले सीटें उपलब्ध हैं और प्रवेश प्रक्रिया पहले ही समाप्त हो चुकी है तो याची को अगले शैक्षणिक सत्र 2024-25 में जाने की स्वतंत्रता होगी।

50 हजार की रिश्वत लेते लिपिक गिरफ्तार

उन्नाव, अमृत विचार : प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रिए कार्यालय में लिपिक पद पर तैनात विजय कुमार को एंटी करप्शन टीम ने गिरफ्तार कर लिया। लिपिक को एक कोल्ड स्टोर प्रबंधन से 50 हजार रुपये रिश्वत लिए जाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अनिल माथुर ने इसकी जानकारी मुख्यालय को भेजना स्वीकार किया है। टेनरियों, स्लॉटर हाउस व चरम इकाइयों के संचालन वाले इस जिले में बोर्ड के स्टाफ पर हमेशा भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। विभागीय अधिकारी व कर्मचारी आम तौर पर कार्यालय से गायब रहते हैं। इस ही लिए स्टाफ पर घूम घूम कर जरूरतमंदों से उगाही के आरोप लगाए जाते हैं। जानकारों के मुताबिक एक कोल्ड स्टोर प्रबंधन बीते काफी समय से बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय का चक्कर लगा रहे थे। हालांकि, स्टाफ बिना मुट्ठी गरम हुए समस्या का समाधान करने को राज़ी नहीं हुआ। संबंधित लोग स्टाफ की मांग पूरी करने में असमर्थता जता रियायत मांग रहे थे। इससे क्षुब्ध होकर संबंधित लोगों ने एंटीकरप्शन विभाग से संपर्क कर अपनी समस्या बताई।

ज्येष्ठ के पहले मंगल पर हनुमानगढ़ी में उमड़े श्रद्धालु

अयोध्या, अमृत विचार : ज्येष्ठ माह के पहले मंगल पर सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु बजरंगबली के दर्शन-पूदजन के लिए पहुंचे। भीषण गर्मी के बावजूद भोर से ही लोग कतारबद्ध हो गए। हनुमानगढ़ी के साथ ही रामलला के दरबार में श्रद्धा हिलोरे ले रही थी। जय श्रीराम के उद्घोष से राम नगरी गूंज रही थी। श्रद्धालुओं से भोर में तीन बजे सरयू के घाट पट गया। पवित्र सरयू नदी में स्नान कर श्रद्धालु बजरंगबली के दर्शन के लिए सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी और रामलला के दरबार में पहुंचने लगे थे। बड़ा मंगल, मंगलकारी माना जाता है। कहते हैं कि ज्येष्ठ माह में सूर्य मेष राशि में होता है, ऐसी मान्यता है, कि हनुमान जी का पराक्रम सूर्य के तेज से अत्यंत प्रभावी हो जाता है, जो भक्तों को पुण्य लाभ की पराकाष्ठा तक पहुंचाता है। रात तक दर्शनके लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही।

आगरा, मेरठ, आजमगढ़ व वाराणसी सेमीफाइनल में

अयोध्या, अमृत विचार : प्रदेशीय स्कूली अंडर-17 बालिका सुब्रतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता मंगलवार को डॉ. आंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान स्टेडियम में शुरू हुई। तीन दिवसीय प्रतियोगिता के पहले दिन आगरा, मेरठ, आजमगढ़ व वाराणसी मंडल टीमों ने जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में स्थान सुनिश्चित कर लिया। पहला मैच लखनऊ व मेरठ मंडल की टीमों के बीच खेला गया। इसमें इसमें मेरठ मंडल ने लखनऊ मंडल को टाई ब्रेकर मुकाबले में 4-3 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दूसरा क्वार्टर क्वार्टर फाइनल मैच आजमगढ़ व कानपुर मंडल के बीच खेला होना था, लेकिन कानपुर मंडल की टीम टर्न अप न होने के कारण आजमगढ़ मंडल वॉक ओवर के सहारे सेमीफाइनल में पहुंच गई। तीसरा मुकाबला मेजबान अयोध्या व आगरा मंडल के बीच हुआ। एकतरफा मुकाबले में आगरा मंडल ने अयोध्या मंडल को 6-0 से पराजित कर सेमीफाइनल में स्थान सुनिश्चित कर लिया। चौथे मैच में वाराणसी ने मुरादाबाद को 2-0 से हराया।

छात्रा पर एसिड अटैक के दो दोषियों को 20-20 वर्ष का सश्रम कारावास

अदालत ने एक-एक लाख रुपये के अर्थदंड से भी किया दंडित

संवाददाता, बहराइच

- प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सुनाई सजा

अमृत विचार : नगर क्षेत्र के निवासी दो अभियुक्तों को नाबालिग बालिका पर एसिड फेंकने के आरोप में प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश की कोर्ट ने मंगलवार को 20/20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अभियुक्तों को एक-एक लाख के अर्थदंड से दंडित भी किया है।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि बीते 21 दिसंबर 2020 की शाम करीब सवा पांच बजे शहर के मोहल्ला चांदपुरा स्थित एक कोचिंग से पढ़कर 17 वर्षीय छात्रा अपने घर के लिए जा रही थी। इसी दौरान दुलदुल हाउस के पास शहर के मोहल्ला काजीपुरा निवासी ऐहतशाम उर्फ सद्दाम और थाना दरगाह शरीफ के गुल्लावीर कालोनी निवासी सुहेल उर्फ पीके बाबा ने नाबालिग छात्रा पर ज्वलनशील पदार्थ तेजाब फेंक दिया था।

घटना में पीड़ित छात्रा के पिता ने कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कराया था। शासकीय अधिवक्ता ने बताया कि विवेचना अधिकारी योगेंद्र कुमार ने घटना का नजरी नक्शा तैयार कर आरोपपत्र 19 मार्च 2021 को सक्षम न्यायालय को सौंपा था। वि प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पवन कुमार शर्मा की कोर्ट ने साक्ष्यों का परीक्षण कर घटना में अभियुक्तगणों को दोषी करार देते हुए 17 मई 2024 को निर्णय सुरक्षित रख लिया था। मंगलवार को कोर्ट ने अभियुक्तगणों की सजा पर अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की बहस सुनने के बाद अभियुक्तगणों को बीस-बीस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाते हुए एक-एक लाख के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड अदा न करने की स्थित अभियुक्तगणों को दो-दो वर्ष का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतना होगा।

बार एसोसिएशन ने दो वकीलों को किया निलंबित

प्रयागराज, अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने दो वकीलों के खिलाफ मिल रही शिकायतों और पेशेवर कदाचार के कारण उन्हें सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुए कार्यकारिणी द्वारा दोनों वकीलों सोनू मलिक और उलझन सिंह बिन्द को एक महीने के लिए बार एसोसिएशन से निलंबित कर दिया गया है और महानिबंधक, इलाहाबाद हाई कोर्ट को भी इस आशय का एक पत्र भेजा गया है कि उक्त अवधि तक उनका एडवोकेट रोल नंबर भी निलंबित किया जाए। अंतिम चेतावनी दी गई है कि भविष्य में अगर इनकी कार्य प्रणाली में सुधार नहीं होता है और उनकी गतिविधियों से बार की गरिमा को क्षति पहुंचती है तो इनका प्रकरण राज्य विधिज्ञ परिषद को उनके विरुद्ध उचित अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु प्रेषित करना होगा। यह जानकारी हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के संयुक्त सचिव (प्रेस) पुनीत कुमार शुक्ला ने जारी की है।

बिना पंजीकरण जाकिर हुसैन ट्रस्ट चला रहा अस्पताल

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस हैं ट्रस्टी
- फार्मेसी में अवैध तरीके से दवाओं का भी भंडारण मिला
- जांच में कोई जिम्मेदार कर्मचारी या चिकित्सक मौके पर नहीं मिला

अमृत विचार : नवाबगंज में सड़क किनारे पड़ी मिली दवाइयों की जांच के संबंध में सीएमओ जाकिर हुसैन ट्रस्ट द्वारा संचालित अस्पताल पहुंचे। अस्पताल में जांच के दौरान सीएमओ ने पाया कि अस्पताल का पंजीकरण ही नहीं हुआ है। जिस ट्रस्ट द्वारा यह अस्पताल संचालित है, उसकी ट्रस्टी पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद हैं।

जाकिर हुसैन ट्रस्ट में बिना पंजीकरण के ही चिकित्सा संबंधी कई यूनिटों को संचालित हो रहा है। इसमें पैथोलॉजी यूनिट डायलिसिस यूनिट ,एक्स-रे यूनिट फॉर फार्मेसी यूनिट, रेडियोलाजी युनिट के कक्ष बने दिखे। वही मौके पर सीएमओ को कोई भी चिकित्सक या फार्मासिस्ट उपलब्ध नहीं मिला। फार्मेसी में एक कर्मचारी व एक कंप्यूटर ऑपरेटर सीएमओ को मौके पर मिला। फार्मेसी में अवैध तरीके से दवाओं का भी भंडारण मिला। सीएमओ ने मौजूद कर्मचारियों को जमकर फटकार लगाई। सीएमओ को ट्रस्ट के परिसर में एक कांग्रेस का झंडा लगी गाड़ी भी खड़ी मिली। सीएमओ डॉ. अवनींद्र कुमार ने बताया कि जांच के दौरान बिना पंजीकरण के जाकिर हुसैन ट्रस्ट में अस्पताल संचालित होता मिला है। कोई जिम्मेदार कर्मचारी या चिकित्सक मौके पर नहीं मिला है। संबंधित को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया जाएगा और अस्पताल सील करने की कार्रवाई की जाएगी।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले की अगली सुनवाई 30 को

विधि संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद मामले में मुस्लिम पक्ष की ओर से अधिवक्ता तस्लीमा अजीज अहमदी ने मंगलवार को एक वाद में लिखित जवाब दाखिल किया। इस मामले से जुड़े अन्य वादों में जवाब दाखिल करने के लिए और समय मांगे जाने पर कोर्ट ने अगली सुनवाई की तिथि 30 मई सुनिश्चित की है।

अधिवक्ता अहमदी ने कहा कि अन्य वादों में उनका जवाब तैयार नहीं है और उन्हें अपना जवाब दाखिल करने और संबंधित वादों में अपनी दलीलें रखने के लिए कुछ समय दिया जाए। हालांकि, हिंदू पक्ष के अधिवक्ता ने अहमदी के इस अनुरोध पर आपत्ति व्यक्त करते हुए कहा कि याचिका रद करने के लिए आवेदन में उल्लिखित आधार पर मुस्लिम पक्ष की ओर से पहले ही बहस की जा चुकी है। इस पर अहमदी ने कहा कि चूंकि उनका जवाब तैयार नहीं है, लिहाजा उन्हें कुछ और समय दिया जाए। अधिवक्ता अहमदी ने सोमवार को कोर्ट में दलील दी थी कि यह वाद समयसीमा से बाधित है क्योंकि उनके पक्ष ने 12 अक्टूबर 1968 को एक समझौता किया था और इसकी पुष्टि 1974 में दिए गए एक दीवानी मुकदमें के निर्णय में की गई है।

न्याय के लिए ग्रामीणों को नहीं भटकना पड़ेगा

अजय दयाल, लखनऊ

अमृत विचार : न्याय की आस में अब पीड़ित ग्रामीणों की शहर की अदालतों में चक्कर लगाते हुए भटकना नहीं पड़ेगा। गांव में ही तहसील व पंचायत स्तर पर बने ग्राम न्यायालय में उन्हें न्याय दिलाने की प्रक्रिया में तेजी लायी जा रही है। किसी भी सूरत में छह माह की समय सीमा में वाद का निपटारा कर दिया जाएगा।

ऐसे में घर बैठे ग्रामीणों को त्वरित और सुगम न्याय मिलेगा। हाल ही में नौ न्यायाधिकारियों की नियुक्ति के साथ राज्य सरकार ने इस दिशा में मील का पत्थर रख दिया है। पूर्व में शहर से दूर गांवों में न्याय दिलाने की प्रकिया को आसान बनाने के लिए भारत सरकार ने ग्राम न्यायालय अधिनियम 2008 पारित किया था। इसके लिए सरकार ने सभी राज्यों को निर्देशित भी किया था। इनको तहसील स्तर पर बनाने का प्रावधान था। इसी कड़ी में लगभग डेढ़ दशक बाद ही सही अब तेजी से गांव स्तर पर एक के बाद बाद कोर्ट स्थापित किए जा रहे हैं। 22 मई को नौ जिलों के तहसील मुख्यालयों पर स्थापित गांव न्यायालय में न्यायाधिकारी नियुक्त किए गए हैं। ये सभी सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) संवर्ग के अधिकारी हैं। वहीं ग्राम न्यायालयों में दीवानी मामलों में आपसी समझौतों और फौजदारी मामलों में प्ली बार्गेनिंग के माध्यम से मामलों का निपटारा करने की व्यवस्था भी की गई है।

इन न्यायाधिकारियों को किया नियुक्त

तहसील मुख्यालय बिल्सी (बदायूं) में अर्जित वर्मा, चकरनगर (इटावा) में रजत शर्मा, जखनिया (गाजीपुर) में जीशान मेहदी, कैम्पियरगंज (गोरखपुर) में दीक्षा त्यागी, शाहगंज (जौनपुर) में विपिन कुमार चौरसिया, बदलापुर (जौनपुर) में आशुतोष सिंह, मरिहान (मीरजापुर) में प्रीति द्वितीय, बिलारी (मुरादाबाद) में अशोक कुमार-चतुर्दश और बिलासपुर (रामपुर) में कु. श्वेता को नियुक्त किया गया है। ये सभी सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) संवर्ग से हैं।

इस तरह और ऐसे मामलों की हो सकेगी सुनवाई

ग्रामीण न्यायालय की स्थापना की मंशा लोगों के घर तक न्याय को पहुंचाने की है। इतना ही नहीं, उद्देश्य होगा कि त्वरित व सुलभता से न्याय मिल सके। खास बात यह कि मोबाइल कोर्ट के माध्यम से भी संबंधित गांव विशेष में मौके पर सुनवाई हो सकेगी। हालांकि ग्राम न्यायालयों में सिर्फ उन्ही मामलों की सुनवाई की जाएगी जिनमें अधिकतम सज़ा दो वर्ष का कारावास (ज़ुर्माने के साथ या बगैर) या इससे कम हो, अपराध क्षमायोग्य हो आदि। इस इसके अलावा इस कोर्ट में बिजली चोरी, 125-सीआर पीसी, बाइक चालान सहित सिविल केस आदि की सुनवाई भी की जा सकेगी। इस कवायद के पीछे उद्देश्य यह है कि किसी भी ग्रामीण को आर्थिक, सामाजिक या किसी और कारण से न्याय से वंचित न रहना पड़े।

ट्रक के पीछे टेंपो घुसा, 3 महिलाओं की मौत

संवाददाता, नरैनी (बांदा)

अमृत विचार: बबूल की कटान लाद कर जा रहे ट्रक चालक द्वारा अचानक ब्रेक लेने से पीछे आ रहा टेंपो ट्रक में घुस गया। इसमें एक ही परिवार की तीन महिलाओं की मौत हो गई, जबकि नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

सीएचसी से सात घायलों को रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के अंतर्गत धरमपुर थाना क्षेत्र के गांव अमरछी निवासी एक ही समुदाय के लोग अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए नसेनी गांव आ रहे थे।

कोतवाली क्षेत्र के जमवारा गांव के नजदीक नहर बंबा कलीम बोरिंग के पास जमवारा सहित कई क्षेत्रों की बबूल कटान लाद कर नरैनी की तरफ आ रहे ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया। पीछे से आ रही तेज रफ्तार टेंपो ट्रक के पीछे घुस गई। टेंपो सवार 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया। यहां मुन्नू बीबी और हाजरा की मौत हो गई। रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज से गंभीर हालत में घायल नूर बीवी, को परिजन कानपुर लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में नूर बीबी ने दम तोड़ दिया।

निवेशकों, उद्यमियों के लंबित प्रकरणों पर शासन सख्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- समय सीमा निर्धारित कर मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को भेजी गई

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता- 2006 की धारा- 80, 89, 98 एवं 101 के अंतर्गत तहसीलों और कलेक्ट्रेट से की जाने वाली कार्रवाइयों का समय से निस्तारण न होने से शासन सख्त हो गया है। शासन ने मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को पत्र लिखकर इन मामलों का त्वरित निस्तारण कराने को कहा है। साथ ही पुनः समय सीमा निर्धारित की है।

अधिकारियों का कहना है कि निस्तारण में देरी के कारण निवेश मित्र पोर्टल पर कई प्रकरण लंबित दिख रहे हैं, जिसके कारण निवेशकों और उद्यमियों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

डीएम, एसडीएम इतने दिनों में निपटाएं मामले : राजस्व संहिता की धारा-80 का निस्तारण एसडीएम स्तर का अधिकारी करता है। निस्तारण की समय सीमा 45 दिन निर्धारित की गई है। धारा-89 का निस्तारण (20.2344 हेक्ट्येर तक) जिलाधिकारी करता है। इसकी समय सीमा भी 45 दिन रखी गई है। शासन ने जिलाधिकारी के प्रस्ताव प्राप्त होने पर राजस्व परिषद एवं संबंधित विभाग की संस्तुति प्राप्त करने की प्रक्रिया (40.4688 हे.) के लिए 30 दिन निर्धारित किया है। धारा-98 के लिए (कलेक्टर की अनुज्ञा प्राप्त करने के लिए) कुल 45 दिन निर्धारित किया है। जबकि धारा-101 के (सामान्य श्रेणी की भूमि) निस्तारण के लिए एसडीएम के लिए 45 दिन का समय निर्धारित किया गया है। इसके अलावा आरक्षित श्रेणी की भूमि के लिए 60 दिन का समय दिया गया है। मंडलायुक्तों को निर्देश है कि धारा-101 (आरक्षित श्रेणी की भूमि) के लिए भारत सरकार व राज्य सरकार के वाणिज्यिक विभाग के लिए 40 लाख से अधिक की वस्तु की अनुज्ञा के लिए 60 दिन तथा निजी उद्योगों, संस्था एवं न्यास के लिए भी 60 दिन निर्धारित किया गया है।

30 दिनों में आपत्ति, अनापत्ति का हो निर्णय

आवास एवं शहरी नियोजन, नगर विकास विभाग तथा अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास में धारा-80 के अंतर्गत कार्रवाही को लेकर निर्देश दिया गया कि इन विभागों में अनापत्ति के लिए 30 दिन की समय निर्धारित किया गया है। तीन दिनों के भीतर आपत्ति अथवा अनापत्ति का निर्णय नहीं होने की स्थित में इसे डीम्ड टू नो आब्जेक्शन मानकर निस्तारित कर दिया जाएगा।

अफसरों ने खंगाली आजम खां की बैरक

सीतापुर, अमृत विचार : जिला न्यायाधीश मनोज कुमार तृतीय ने डीएम-एसपी के साथ जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। जेल के निरीक्षण के दौरान अफसरों ने पूर्व मंत्री व सपा नेता आजम खां की बैरक सहित अन्य बैरकों की खंगाला कर जमा तलाशी ली। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार से किसी प्रकार की संदेहास्पद वस्तु नहीं मिली। मंगलवार की शाम जिला न्यायाधीश मनोज कुमार ने डीएम अनुज सिंह व एसपी चक्रेश मिश्रा व सीएमओ डॉ. हरपाल सिंह के साथ जिला कारागर पहुंचकर बंदियों से वार्ता की।

वर्ग पहेली-84

बाएं से दाएं

4.1. अध्ययन या शोधकार्य हेतु प्रदत्त या प्राप्त वृत्ति, अध्येतावृत्ति 2. मैत्री, भाईचारा, मेलजोल, मिलाप 3. समान विचार वाले लोगों का समूह, समाज या संघ।

5.1. सूखे पत्तों के टूटने से उत्पन्न शब्द 2. हिंसक पशुओं के रहने का स्थान, मांद।

6. अच्छे चाल-चलन वाला, सच्चरित्र, सदाचारी।

9.1. आसानी का भाव, बिना किसी असुविधा की स्थिति 2. सुख

10.1. ठहरने का स्थान या जगह 2. स्थान, जगह 3. पड़ाव 4. ठहराव 5. घर, वासस्थल 6. भूमिका।

ऊपर से नीचे

1.1. मंथन, मर्दन 2. मन में उठने वाली उहापोह की स्थिति 3. क्षोभ 4. द्वंद्व।

2.1. कुएं के मेढक की तरह एक ही जगह रहने या सीमित स्थान को ही दुनिया समझ लेने की अवस्था या भाव 2. बाहर की दुनिया की जानकारी की कमी, अल्पज्ञता।

3.1. कृपालु, दयालु, अनुग्राहक, अनुग्राही 2. दयावान, दयावंत, दयाशील।

7.1. छोटी लता 2. बेल।

8.1. एक सेर का चौथाई भाग, पाव 2. इस मान का बटखरा 3. रुतबा, पद 4. बरतन जिसमें पाव भर दूध आता है।



वर्ग पहेली -83 का हल

1 श	रा	स	न	■	■	2 पु
■	■	■	■	3 बं	द	नी
■	■	4 ब	■	दा	■	ता
■	5 म	हा	ज	न	■	■
6 दं	दा	ना	■	7 वा	क	या
■	र	■	■	ज़	■	■
■	■	8 खा	टी	■	9 धे	री

सुडोकू -163

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		1			4			
6								
	2							8
8				7				4
								9
	4				5			

सुडोकू -162 का हल

1	2	3	4	8	5	9	6	7
7	8	5	9	2	6	4	3	1
6	4	9	7	1	3	2	8	5
5	3	1	6	9	8	7	4	2
9	6	2	5	4	7	8	1	3
8	7	4	1	3	2	5	9	6
3	5	7	8	6	4	1	2	9
2	1	8	3	7	9	6	5	4
4	9	6	2	5	1	3	7	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 मई बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 13.39 तक तत्पश्चात सप्तमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-श्रवण 08.38 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

मेष — आज कार्यक्षेत्र की अव्यवस्था को दूर करने को लेकर आप काफी प्रतिबद्ध रहेंगे। रक्तचाप के रोगी अपनी सेहत का ध्यान रखें। अधिकारी वर्ग की अपेक्षा आपसे बढ़ सकती है। यदि विदेश में नौकरी ढूंढ रहे हैं तो आज का दिन काफी अनुकूल रहेगा।

वृष — आज धार्मिक कृत्यों का दिखावा करने से बचें। पिता को लेकर कुछ तनाव हो सकता है। कृषि से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। स्थान-परिवर्तन की योजना बना सकते हैं। कारोबार में बड़ा बदलाव करने से आपको बचना चाहिए।

मिथुन — आज व्यवसाय से जुड़े लोगों को ग्राहकों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। पैर में चोट लगने की आशंका है। आपको नौकरी में बदलाव करने की जरूरत महसूस होगी, किन्तु यह समय किसी निर्णय लेने का नहीं है।

कर्क — आज व्यवसाय में बदलाव के लिए प्रयास करेंगे। जीवनसाथी को करियर में अच्छी सफलता मिल सकती है। अटके हुए मामलों को सुलझाने में लगे हुए होंगे। बुजुर्ग लोगों की बातों का बुरा न मानें। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है।

सिंह — आज सरकारी कार्यों में बाधा आ सकती है। सेहत को लेकर बिल्कुल भी लापरवाही न करें। अधीनस्थ कर्मचारियों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं, लेकिन आप स्थितियों को अपने नियंत्रण में लाने में भी सफल रहेंगे।

कन्या — आज आपको प्रेम संबंधों में परेशानियों का अनुभव होगा। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर कुछ कन्फ्यूज हो सकता है। जीवनसाथी आपसे प्रेम की अपेक्षा रखेगा। किन्तु आपकी व्यस्तता काफी ज्यादा होगी। व्यवसाय में बड़ा निवेश करने से बचें।

तुला — आज आप थोड़े गुस्से में रहेंगे। परिस्थितियां आपके लिए कुछ कठिन रहेंगी। कार्यक्षेत्र में आपकी व्यस्तता बढ़ेगी। अधिकारियों को लेकर आपके मन में रोष रहेगा। आय के दूसरे विकल्पों पर आप काम करेंगे। नकारात्मक प्रकृति के लोगों से दूरी बनाकर रखें।

वृश्चिक — आज आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। प्रेमी जन को प्रपोज कर सकते हैं। यदि आप किसी यात्रा पर जा रहे हैं तो उसकी तैयारी अच्छी रखें। आप जल्दबाजी में कुछ सामान भूल सकते हैं। इन्टरव्यू आदि में सफलता मिलने की सम्भावना है।

धनु — आज आपकी अपेक्षाओं पर लोग खरे नहीं उतरेंगे। प्रेम संबंधों में तनाव होने की आशंका है। यदि आप धैर्यवान रहते हैं तो आप सम्पत्ति विवादों को सुलझा सकते हैं। ज्यादा धूप और गर्मी में निकलने से बचें। शरीर में पोषक तत्वों की कमी देखने को मिल सकती है।

मकर — आज शेयर मार्केट के माध्यम से बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। मित्रों के सहयोग से आप कई रुके हुए कार्य करवा सकते हैं। उधार दिया हुआ धन वापस मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। अधीनस्थ कर्मचारी आपका काफी ध्यान रखेंगे। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहने वाला है।

कुंभ — आज परिवार में धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। नशे जैसी गंदी आदतों से जितना हो सके दूर रहें। इससे आपकी छवि बुरी तरह से खराब हो सकती है। शान्तिपूर्वक समय निकालना बुद्धिमता होगी। शाम को आप मनोरञ्जन के साधनों का आनन्द लेंगे।

मीन — आज आप दिन भर आराम करना पसन्द करेंगे। धार्मिक विषयों पर आप लोगों को काफी सहायता दे सकते हैं। व्यवसाय में विस्तार करने में सफलता मिलेगी। भाई-बहनों को लेकर परेशानी दूर होगी। सन्तान के व्यवहार से आप प्रसन्न रहेंगे।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- खिलाड़ी 1992 — सुबह : 11.42
- बधाई हो बधाई — शाम : 06.23

&pictures
- फुकरे रिटर्न्स — सुबह : 10.50
- रश्मी रॉकेट — रात : 08.00

SONY PIX
- बेबी ड्राइवर — सुबह : 08.49
- हैनकॉक — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- अटैक 2016 — सुबह : 10.25
- राम लखन — रात : 08.30

colors CINEPLEX
- दोस्ताना — सुबह : 11.57
- आंखे — रात : 08.46

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

मां - बेटा इतनी लिपस्टिक लगा के कहां जा रही है
बेटी - मां मैं कॉलेज जा रही हूं
मां - बेटी तुझे कोई लड़का पसंद है क्या ?
बेटी खुश होके - हां मां बहुत पसंद है
मां - तो उस कमीने से बोल दे कि तेरी शादी वर्मा जी के बेटे से तय कर दी है।

चिंटू- "राहों में उनसे मुलाकात हो गई, जिससे डरते थे वही बात हो गई...इस गाने का क्या मतलब है?
मिंटू- इसका मतलब है कि गायक का चालान कट गया है।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 970 फ्लैग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 980 फ्लैग 1095 बोल्ड 1150 डीएमओ 860।

बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन-तुलसी 2080, राज श्री 1410, फ्रॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1970, फॉर्चुन ली. 1620, जय जवान 1510, सचिन 1540, सूरज 1535, अवसर 1675, राग गोल्ड 1650, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1685, मोर 1655, चक्र टिन 1895, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1900, स्वास्तिक 2050, **किराना-(प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 38500, लाल मिर्च 20000-28500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल, 7475-7900, मलका छांटी 7450, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8700, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9400, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10800, मोटा हीरा 12100, अरहर गोला मोटा 15500, अरहर पटका मोटा 16200, अरहर कोरा मोटा 16400, अरहर पटका छोटा 15600-15900, अरहर कोरी छोटी 17600, **चीनी**-डालमियां 4190, पीलीभीत 4150, नवाबगंज 4140, बहेड़ी (नई) 4150 रुपये।

चौथी तिमाही में आर्थिक विकास दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान: एसबीआई

बैंक ने रिपोर्ट में समाप्त वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि के 8 प्रतिशत रहने की जताई संभावना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय स्टेट बैंक ने आज अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत और मार्च 2024 में समाप्त वित्त वर्ष में इसके आठ प्रतिशत रहने का अनुमान है।

एसबीआई के ग्रुप मुख्य अर्थशास्त्री डॉ.सौम्य कांति घोष ने आज जारी एक रिपोर्ट में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक ने चौथी तिमाही में जीडीपी के 7.3 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान जताया है, जबकि एसबीआई ने इसके 7.4 प्रतिशत रहने और मार्च 2024 के समाप्त वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि के आठ प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना जताई है। उसने चालू वित्त वर्ष में जीडीपी के 7.5 प्रतिशत से 8 प्रतिशत तक बढ़ने का अनुमान जताया है जबकि आरबीआई इसके सात प्रतिशत रहने की बात पहले की कह चुकी है। उसने कहा है कि 30 उच्च आवृत्ति संकेतकों के साथ इन-हाउस विकसित एसबीआई आर्टिफिशियल न्यूरल नेटवर्क (एएनएन) मॉडल चौथी तिमाही जीडीपी वृद्धि 7.4 प्रतिशत रहने का संकेत दे रहा है। प्रमुख संकेतक शहरी/ग्रामीण परिदृश्य में निरपेक्ष विकास की प्रवृत्ति दिखाते हैं, हालांकि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में तेजी बनी हुई है। जनवरी 24 से संकेतकों का प्रतिशत 80 से ऊपर बना हुआ है, शहरी संकेतकों ने हाल के महीनों में उल्लेखनीय सुधार दिखाया है।

भू-राजनीतिक और मौसम की घटनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत

भू-राजनीतिक और मौसम की घटनाओं के जोखिमों के बावजूद आशावाद आगे चलकर अशांत प्रतिकूल परिस्थितियों में बदल सकता है। इसके अलावा, अच्छे दिनों के अग्रदूत के रूप में, सामान्य से ऊपर मानसून दालों, तिलहन और अनाज की घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत है। मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, 2024 के मानसून सीजन के उत्तरार्ध के दौरान ला नीना विकसित होने की उम्मीद है, जबकि हिंद महासागर डिपोल (आईओडी) सकारात्मक होने की उम्मीद है, जो दोनों ही अच्छे मानसून का संकेत देते हैं। कॉर्पोरेट भारत ने मजबूत आंकड़े दर्ज करना जारी रखा, हालांकि बैलेंस शीट की मजबूती के लंबे तिमाही दौर के बाद लाभप्रदता पर कुछ दबाव सामने आया।

वर्ष 2024-25 में बैंकों की ऋण वृद्धि घटकर 14 प्रतिशत रह जाएगी

मुंबई। देश की बैंकिंग प्रणाली की ऋण वृद्धि में चालू वित्त वर्ष 2024-25 में दो प्रतिशत घटकर 14 प्रतिशत हो सकती है। घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में बैंकिंग प्रणाली की ऋण वृद्धि दर 16 प्रतिशत थी।

रेटिंग एजेंसी के अनुसार, इस मंदी से वित्त वर्ष 2024-25 में (सकल घरेलू उत्पाद) जीडीपी वृद्धि दर भी घटकर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह वित्त वर्ष 2023-24 में 7.6 प्रतिशत थी। क्रिसिल ने कहा कि धीमी जमा अभिवृद्धि ऋण वृद्धि पर नियंत्रण रख सकती है। हालांकि एजेंसी ने माना कि पिछले वर्ष जमा और ऋण वृद्धि के बीच का अंतर कम हुआ है। एजेंसी ने कहा-इस राजकोषीय वृद्धि को उच्च आधार प्रभाव, जोखिम भार में संशोधन और कुछ हद तक कम सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि से नियंत्रित किया जाएगा।

केएएल एयरवेज, कलानिधि के किए गए दावों का कोई कानूनी औचित्य नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

- **स्पाइसजेट ने नुकसान के दावे को बताया निराधार**

विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने मंगलवार को कहा कि केएएल एयरवेज और कलानिधि मारन के 1,323 करोड़ रुपये से अधिक के नुकसान के दावे निराधार हैं और इनका कोई कानूनी औचित्य नहीं है। केएएल एयरवेज और कलानिधि मारन ने सोमवार को कहा था कि वे स्पाइसजेट और उसके प्रमुख अजय सिंह से 1,323 करोड़ रुपये से अधिक का हर्जाना मांगेंगे। साथ ही दोनों पक्षों के बीच जारी विवाद मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय के हाल के आदेश को चुनौती देंगे।

स्पाइसजेट ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वह केएएल एयरवेज और मारन द्वारा 1,323 करोड़ रुपये का हर्जाना मांगने के दावों का दृढ़ता से खंडन करता है। विमानन कंपनी ने कहा-इन दावों का कोई कानूनी औचित्य नहीं है। वे मध्यस्थ न्यायाधिकरण और फिर दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा पहले ही खारिज किए गए दावों को दोहरा रहे हैं। स्पाइसजेट ने कहा-केएएल एयरवेज और मारन ने शुरुआत में मध्यस्थता कार्यवाही के दौरान 1,300 करोड़ रुपये से अधिक के मुआवजे की मांग की। इस दावे की गहन जांच की गई और बाद में उच्चतम न्यायालय के तीन सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की एक पीठ ने इसे खारिज कर दिया।

सर्राफा

कानपुर

चॉदी 999 (प्रति किलो)	95,400
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74,125
गिन्नी (प्रति नग)	55,250-55,450

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,750
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,600
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	90,500
चांदी तैयार	90,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	72,700
सोना जेवरात गिन्नी	71,700
चांदी पक्की	900 (अनुमानित)

मुरादाबाद

सोना 24 कैरेट	72,800
चांदी आभूषण	89,800।

भारत-अमेरिका सीईओ फोरम ने शुरू किया ज्ञान साझा करने वाला मंच

नई दिल्ली, एजेंसी

उद्यमिता, समावेशी विकास और छोटे व्यवसायों को बढ़ावा देने पर भारत-अमेरिका सीईओ फोरम के एक कार्यसमूह ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एमएसएमई एवं स्टार्टअप के एकीकरण के लिए ज्ञान साझा करने वाला एक मंच शुरू किया है। यह मंच यूनाइटेड सर्विसेज इंस्टिट्यूट (यूएसआई) और साइबरपीस फाउंडेशन के साथ साझेदारी में शुरू किया गया है। फोरम ने मंगलवार को एक बयान में ज्ञान साझा करने वाले इस मंच के गठन की जानकारी दी।

फोरम ने कहा-भारत-अमेरिका सीईओ मंच के कार्यसमूह-7 (डब्ल्यूजी7) ने यूएसआई और साइबरपीस फाउंडेशन के साथ साझेदारी में 27 मई को भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय ज्ञान-साझाकरण मंच पेश किया है। इस कार्यसमूह की शेरपा सुबी चतुर्वेदी ने कहा कि यह मंच भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाएगा और उनके बीच व्यापार की संभावनाएं पैदा करेगा। यह स्टार्टअप को सशक्त बनाकर और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एमएसएमई का एकीकरण कर समावेशी विकास को बढ़ावा देगा।

मानसून, गन्ना उत्पादन पर निर्भर चीनी निर्यात की अनुमति का मामला

नई दिल्ली। भारत 2024-25 सत्र में अंतिम गन्ना बुवाई और उत्पादन का आकलन करने के बाद चीनी निर्यात की अनुमति दे सकता है। ब्राजील के बाद दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक देश भारत अगले सत्र में चीनी उत्पादन कम यानी तीन करोड़ टन रहने की उम्मीद कर रहा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। सूत्रों ने कहा कि सितंबर में समाप्त होने वाले मौजूदा 2023-24 सत्र में चीनी उत्पादन अबतक 3.15 करोड़ टन तक पहुंच गया है, अंतिम उत्पादन 3.18 करोड़ टन तक पहुंचने की संभावना है क्योंकि तब तक तमिलनाडु और कर्नाटक में मिलें पेराई बंद कर देंगी।

चांदी के दाम में 3,100 और सोने में 130 रुपये का उछाल

नई दिल्ली, एजेंसी

- **करीब दो सप्ताह के उच्चस्तर पर पहुंच गई चांदी की कीमत**

मजबूत वैश्विक रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को चांदी की कीमत 3,100 रुपये के उछाल के साथ 95,950 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई, जबकि सोना 130 रुपये मजबूत हुआ।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, लगातार दूसरे दिन चांदी में मजबूती आई। इसकी कीमत 3,100 रुपये के उछाल के साथ करीब दो सप्ताह के उच्चस्तर 95,950 रुपये प्रति किग्रा हो गई। सोमवार को चांदी 92,850 रुपये प्रति किग्रा के स्तर पर बंद हुई थी। इस बीच, सोना 130 रुपये मजबूत होकर 72,950 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 72,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था। अंतर्राष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,346 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से दो डॉलर अधिक है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा-कमजोर अमेरिकी डॉलर की मदद से मंगलवार को यूरोपीय कारोबारी घंटों में सोना मामूली बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था। उन्होंने कहा-व्यापारी अब महत्वपूर्ण अमेरिकी मुद्रास्फीति आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं, जो इस बात पर प्रकाश डाल सकता है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व कितनी जल्दी ब्याज दरों में कमी कर सकता है। इससे आगे सोने की कीमतों को दिशा मिलेगी। विदेशी बाजारों में चांदी भी बढ़कर 31.50 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, चांदी की कीमतें बढ़कर 31 डॉलर के स्तर को पार कर गईं, जो नरमी के दौर के अंत का संकेत है।

राष्ट्रीय

एक नजर

अदालत ने सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर ईडी से मांगा जवाब

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने धन शोधन के एक मामले में जमानत (डिफॉल्ट बेल) देने का अनुरोध करने वाली, जेल में बंद पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की याचिका पर मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब देने के लिए कहा। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने ईडी को नोटिस जारी किया और उसे मामले पर एक स्थिति रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा। अदालत ने जेल प्राधिकारियों से जैन का रिकॉर्ड भी मांगा और मामले पर अगली सुनवाई के लिए नौ जुलाई की तारीख तय की। जैन पर कथित तौर पर उनसे जुड़ी चार कंपनियों के जरिए धन शोधन करने का आरोप है।

सोरेन की जमानत याचिका पर जवाब दाखिल करने का निर्देश

रांची। झारखंड उच्च न्यायालय ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत याचिका पर मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। ईडी ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धन शोधन के मामले में सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। सोरेन ने सोमवार को उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका दाखिल कर मामले में शीघ्र सुनवाई करने का अनुरोध किया था। न्यायमूर्ति रोंगोन मुखोपाध्याय की पीठ के समक्ष सोरेन की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता सोरेन राजनीतिक साजिश का शिकार हैं।

जुलूस के दौरान दो समूहों के बीच झड़प

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक धार्मिक जुलूस के दौरान मामूली मुद्दे पर दो समूहों के बीच हुई झड़प के बाद 25 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि सोमवार रात भिवंडी के सरावली गांव में हुई घटना के संबंध में कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि रात करीब साढ़े नौ बजे एक धार्मिक जुलूस के दौरान गुलाल फेंकने को लेकर समूहों में झड़प हो गई। अधिकारी ने कहा कि घटना के संबंध में 25 लोगों पर मामला दर्ज किया गया है।

राजकोट अग्निकांड: गेम जोन का एक और साझेदार गिरफ्तार

अदालत ने गिरफ्तार आरोपी को 10 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया

अहमदाबाद/राजकोट, एजेंसी

गुजरात पुलिस ने राजकोट स्थित टीआरपी गेम जोन के एक और साझेदार को गिरफ्तार किया है जहां पिछले सप्ताह आग लगने से 27 लोगों की मौत हो गई थी। यह जानकारी एक अधिकारी ने मंगलवार को दी।

गिरफ्तार आरोपी धवल ठक्कर धवल कॉरपोरेशन का मालिक है, जो रेसवे एंटरप्राइजेज के पांच साझेदारों के साथ टीआरपी गेम जोन चलाता था। राजकोट की एक अदालत ने उसे 10 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। बनासकांठा के पुलिस अधीक्षक अक्षयराज मकवाणा ने बताया कि धवल कॉर्पोरेशन के मालिक धवल ठक्कर को पड़ोसी राजस्थान के आबू रोड से गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही शनिवार को हुई इस घटना के संबंध में अभी तक चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। मकवाणा ने बताया-ठक्कर को गत रात राजकोट और बनासकांठा पुलिस द्वारा चलाए गए एक संयुक्त अभियान में आबू रोड से गिरफ्तार किया गया। विशेष लोक अभियोजक तुषार गोकानी ने कहा-अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट बी पी ठाकर की अदालत ने धवल ठक्कर को 10 जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। इससे पहले पुलिस ने रेसवे इंटरप्राइज में साझेदार युवराज सिंह सोलंकी और राहुल राठौड़ तथा गेम जोन के प्रबंधक नितिन जैन को गिरफ्तार किया था। उन्हें सोमवार को राजकोट की एक अदालत ने 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। अभियोजन पक्ष ने अदालत को बताया था कि आरोपी व्यक्ति जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं और गोल-मोल जवाब दे रहे हैं। पुलिस ने मामले में आग लगने की इस घटना के संबंध में छह लोगों - ठक्कर, सोलंकी, राठौड़ और रेसवे इंटरप्राइज के साझेदारों अशोक सिंह जडेजा, किरीट सिंह जडेजा और प्रकाशचंद हिरन के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज की है।

कांग्रेस ने की उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से जांच कराने की मांग: कांग्रेस के राज्यसभा सांसद तथा पार्टी के गुजरात प्रदेश अध्यक्ष शक्तिसिंह गोहिल ने गुजरात के राजकोट गेम जोन में आग लगने की घटना के लिए राज्य की भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया। साथ ही घटना की उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीश से जांच कराने की मांग करते हुए पीड़ितों को उचित आर्थिक सहायता देने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

एसआईटी ने अब तक 25 लोगों से की पूछताछ

पुलिस की गिरफ्त में अग्निकांड का मुख्य आरोपी धवल ठक्कर। ●

राजकोट गेम जोन में आग लगने की हालिया घटना की जांच कर रही गुजरात सरकार की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने अब तक 25 से अधिक लोगों से पूछताछ की है और कई दस्तावेज जब्त किए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। वहीं, बीते शनिवार को हुई इस घटना के बाद, पुलिस ने टीआरपी गेम जोन के तीन साझेदार और प्रबंधक सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी सुभाष त्रिवेदी ने कहा-राज्य सरकार ने हमें स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच करने के स्पष्ट निर्देश दिए हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी के साथ अन्याय न हो। हमने गेम जोन से संबंधित दस्तावेजों को जब्त कर लिया है तथा आगे की जांच जारी है।

नाराज वादी ने न्यायाधीश की ओर फेंकी जूतों की माला

इंदौर (मध्यप्रदेश)। इंदौर की जिला अदालत में दीवानी मुकदमा खारिज किए जाने से नाखुश 65 वर्षीय एक वादी ने मंगलवार को एक न्यायाधीश की ओर कथित रूप से जूतों की माला फेंक दी। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक मोहम्मद सलीम (65) ने जिला अदालत में यह आरोप लगाते हुए मुकदमा दायर किया था कि आजाद नगर क्षेत्र में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करते हुए एक मस्जिद का निर्माण किया गया है। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) विनोद कुमार दीक्षित ने संवाददाताओं को बताया कि जिला अदालत के एक न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की दलीलों पर गौर के बाद सलीम का दीवानी मुकदमा खारिज करने का फैसला सुनाया और पाया कि मस्जिद अतिक्रमण करके नहीं बनाई गई है।

छठे चरण में हुआ 63.37 प्रतिशत मतदान

नई दिल्ली, एजेंसी

- **निर्वाचन आयोग ने कहा-सात करोड़ से अधिक मतदाताओं ने मताधिकार का किया इस्तेमाल**

निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कहा कि लोकसभा चुनाव के छठे चरण में आठ राज्यों में 58 सीट पर 63.37 प्रतिशत मतदान हुआ। कुल सात चरणों में हो रहे लोकसभा चुनाव के छठे चरण में 25 मई को 11.13 करोड़ योग्य मतदाताओं में से 7.05 करोड़ ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

आम चुनाव में अब तक हुए छह चरणों के मतदान में, 87.54 करोड़ निर्वाचकों में से लगभग 57.77 करोड़ ने वोट दिया। विश्व में सर्वाधिक संख्या में 96.88 करोड़ निर्वाचक भारत में हैं। निर्वाचक नामावली में शामिल नागरिकों को निर्वाचक माना जाता है जबकि मतदान करने वालों को मतदाता कहा जाता है। मौजूदा लोकसभा चुनाव के अब तक के छह चरणों में, चौथे चरण में सर्वाधिक मतदान हुआ जबकि पांचवें चरण में सबसे कम वोट पड़े। निर्वाचन आयोग द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, छठे चरण में 63.37 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, पूर्व में आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार चौथे चरण में 69.16 प्रतिशत मतदान हुआ था, जो अब तक हुए छह चरणों के चुनाव में सर्वाधिक है। पिछले लोकसभा चुनाव में, छठे चरण में (सात राज्यो में 59 सीट पर) 64.4 प्रतिशत मतदान हुआ था। निर्वाचन आयोग के अनुसार, 20 मई को हुए पांचवें चरण के मतदान में 62.2 प्रतिशत मतदान हुआ था। चौथे चरण में 69.16 प्रतिशत मतदान हुआ था जो 2019 के चुनाव में चौथे चरण में हुए मतदान से 3.65 प्रतिशत अधिक है। तीसरे चरण में 65.68 प्रतिशत मतदान हुआ था जबकि 2019 के चुनाव में तीसरे चरण में 68.4 प्रतिशत मतदान हुआ था। मौजूदा चुनाव के दूसरे चरण में 66.71 प्रतिशत मतदान हुआ था जबकि 2019 में दूसरे चरण में 69.71 प्रतिशत मतदान हुआ था। पहले चरण में 66.14 प्रतिशत मतदान हुआ था, जबकि 2019 में पहले चरण में 69.43 प्रतिशत मतदान हुआ था। लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में, एक जून को आठ राज्यों में 57 सीट पर मतदान होना है।

भाजपा 200 सीट के आंकड़े को भी नहीं कर पाएगी पार: खरगे

चंडीगढ़, एजेंसी

- **शाह के नौकरी गंवा देने वाले तंज पर कांग्रेस अध्यक्ष ने दिया जवाब**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भारतीय जनता पार्टी के 400 पार के दावे को बकवास करार देते हुए खारिज कर दिया और कहा कि पार्टी लोकसभा चुनाव में 200 सीट के आंकड़े को भी पार नहीं कर पाएगी। खरगे ने अमृतसर में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले आम चुनाव की तुलना में भाजपा की सीट घट रही हैं जबकि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन बढ़त बना रहे हैं। जबकि भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) दावा कर रहा है कि उसे लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट मिलेंगी।

भाजपा के इस दावे से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए खरगे ने कहा-जब आपकी (सीट) घट रही हैं और हमारी बढ़ रही हैं। 400 पार भूल जाओ, यह बकवास है। वे सरकार भी नहीं बना सकते और 200 सीट से आगे नहीं बढ़ पाएंगे। खरगे ने कहा कि भाजपा तमिलनाडु, केरल और तेलंगाना में अस्तित्वहीन है और कर्नाटक में मजबूत नहीं है। उन्होंने सवाल किया, आप महाराष्ट्र में कमजोर हैं, जबकि पश्चिम बंगाल और ओडिशा में एक लड़ाई है। आपको 400 सीट कैसे मिल रही हैं? केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के इस तंज का जवाब देते हुए कि चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद खरगे अपनी नौकरी गंवा देंगे। खरगे ने कहा-मैं नौकरी करने के लिए राजनीति में नहीं आया हूं। मैं बचपन से ही लोगों की सेवा करने के लिए राजनीति में हूं।

यौन उत्पीड़न के वीडियो वितरित करने को लेकर दो व्यक्ति गिरफ्तार

बेंगलुरु, एजेंसी

रेवन्ना के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामला

हासन से सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने मंगलवार को दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। इन दोनों व्यक्तियों ने जनता दल (सेक्युलर) नेता द्वारा कई महिलाओं का कथित तौर पर यौन शोषण किए जाने के वीडियो वाले पेन ड्राइव वितरित किए थे।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, दोनों व्यक्तियों को उस वक्त गिरफ्तार किया गया जब वे उच्च न्यायालय पहुंचे। एसआईटी अधिकारियों ने उन्हें हिरासत में ले लिया और पूछताछ के लिए अपने साथ ले गए। इन दोनों व्यक्तियों ने कथित तौर पर वे पेन ड्राइव वितरित किए थे, जिनमें मौजूद वीडियो में प्रज्ज्वल रेवन्ना (33) को महिलाओं का कथित यौन उत्पीड़न करते देखा जा सकता है। प्रज्ज्वल, पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा के पोते हैं। वहीं राज्य सरकार ने मामले की जांच के लिए एसआईटी गठित की है। कर्नाटक राज्य महिला आयोग ने आरोपों की जांच के लिए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को एक पत्र लिखा था, जिसके बाद यह कदम उठाया गया था।

हैदराबाद में उपमुख्यमंत्री के आवास पर बम विस्फोट की धमकी

हैदराबाद। हैदराबाद में एक अज्ञात व्यक्ति ने मंगलवार को पर फोन कर बताया कि तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री एम. बी. विक्रमार्क के आधिकारिक आवास प्रजा भवन पर बम विस्फोट होने वाला है, जिसके बाद हरकत में आई पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अज्ञात व्यक्ति ने पुलिस नियंत्रण कक्ष को फोन कर आगाह किया कि हैदराबाद शहर में प्रजा भवन में बम फटने वाला है। पुलिस ने तुरंत बम निरोधक दस्ते की मदद से परिसर की तलाशी शुरू कर दी। वहीं महिला एवं बाल कल्याण मंत्री डी. अनसूया प्रजा भवन पहुंचीं और मामले पर चर्चा की।

कविता गवाहों को कर सकती हैं प्रभावित

नई दिल्ली, एजेंसी

आबकारी घोटाला

- **सीबीआई और ईडी ने कविता की जमानत याचिका का उच्च न्यायालय में किया विरोध**

सीबीआई और ईडी ने कथित आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामले में गिरफ्तार बीआरएस की नेता के.कविता की ओर से दायर जमानत याचिका का दिल्ली उच्च न्यायालय में मंगलवार को विरोध किया। केंद्रीय एजेंसियों ने अदालत से कहा कि वे बहुत ही प्रभावशाली और ताकतवर हैं और गवाहों को प्रभावित कर सकती हैं। कविता की ओर से पेश वकील ने कहा कि वह महिला हैं और उन्हें जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए।

कोर्ट में जांच एजेंसियों ने कहा कि उन्होंने घोटाले की साजिश में अहम भूमिका निभाई और वह सक्रिय नेता एवं तेलंगाना विधानसभा की सदस्य होने के नाते कमजोर महिला होने का दावा कर जमानत नहीं मांग सकती हैं। ईडी, सीबीआई और कविता के वकीलों की दलीलों को सुनने के बाद न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने बीआरएस नेता की जमानत अर्जी पर फैसला सुरक्षित रख लिया। सीबीआई के वकील ने दलील दी कि कविता केवल महिला नहीं हैं बल्कि प्रभावशाली महिला हैं और गवाहों को प्रभावित करने के मामले में काफी ताकतवर हैं, गवाहों में शामिल एक व्यक्ति ने दावा किया है कि उन्होंने उसको धमकी दी थी। ईडी के वकील ने भी दलील की दी कि कविता घोटाले की सह साजिशकर्ता और लाभार्थी हैं और अपराध की कड़ी सीधे तौर पर उनसे जुड़ती है।

उपराज्यपाल ने नर्सिंग होम के रजिस्ट्रेशन की जांच का दिया आदेश

नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने राष्ट्रीय राजधानी में निजी नर्सिंग होम के पंजीकरण और नियामक प्रबंधन की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) से जांच कराने का आदेश दिया है। राजनिवास के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार के एक अस्पताल में आग लगने से छह नवजात शिशुओं की मौत के बाद यह आदेश दिया गया है। निजी अस्पताल में आग लगने की घटना के संदर्भ में मुख्य सचिव को लिखे अपने पत्र में सक्सेना ने कहा-मैंने इस मामले में बहुत सख्त रुख अपनाया है। व्यापक जनहित को देखते हुए और अधिकारियों के एक वर्ग द्वारा गंभीरता की कमी के कारण मुझे कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। नोट में कहा गया, आग लगने और नर्सिंग होम से संबंधित मामले में... एसीबी को शहर में नर्सिंग होम के पंजीकरण की व्यापक जांच करने का निर्देश दिया गया है, ताकि यह आकलन किया जा सके कि कितने नर्सिंग होम वैध पंजीकरण के बिना काम कर रहे हैं।

विश्वकप में गेंदबाजों का पलड़ा भारी

आईपीएल के विपरीत अमेरिका-वेस्टइंडीज के मैदानों में बल्लेबाजों पर हावी हो सकते हैं स्पिनर

01 जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज की जमीं पर शुरू होगा टी-20 विश्वकप का घमासान।

बेंगलुरु, एजेंसी

आईपीएल में काफी महंगे साबित हुए गेंदबाज क्या अगले महीने होने वाले टी-20 विश्व कप में थोड़ी राहत की उम्मीद कर सकते हैं? इस प्रश्न की उत्पत्ति आईपीएल के नवीनतम सत्र में टी-20 बल्लेबाजी में आए बदलाव के कारण हुई है। आईपीएल 2024 से पहले लीग में केवल एक बार 250 रन का आंकड़ा पार किया गया था लेकिन हाल ही में समाप्त हुए सत्र में टीमें आठ बार ऐसा करने में सफल रहीं।

आईपीएल में बल्लेबाजी को नया आयाम देने वाले ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड और वेस्टइंडीज के आंद्रे रसेल जैसे बल्लेबाज अगले महीने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप में भी खेलते हुए नजर आएंगे। इसलिए प्रशंसकों का एक बार फिर बल्लेबाजों के दबदबे की उम्मीद करना स्वाभाविक है, लेकिन कई कारणों से उनका रवैया विश्व कप में उतना एक आयामी नहीं हो सकता जितना कि आईपीएल में था।

सबसे पहले तो टीमों को विश्व कप में इंपेक्ट खिलाड़ी की सुविधा नहीं मिलेगी। मिचेल स्टार्क ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को तीसरा आईपीएल खिताब दिलाने में बड़ी भूमिका निभाने के बाद उस बात को स्वीकार किया। स्टार्क ने कहा था आईपीएल में इंपेक्ट खिलाड़ी नियम है और टी-20 विश्व कप में ऐसा नहीं होगा। आईपीएल के शुरुआती हिस्से में चेन्नई सुपरकिंग्स ने तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर शिवम दुबे को इंपेक्ट खिलाड़ी नियम के माध्यम से एक बल्लेबाज के रूप में इस्तेमाल किया था। दुबे ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और नाइट राइडर्स के खिलाफ कुछ मैच विजेता पारियां खेलीं, लेकिन विश्व कप में बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को अंतिम एकादश में जगह पाने के लिए अपने गेंदबाजी कौशल का भी प्रदर्शन करना होगा क्योंकि उप कप्तान हार्दिक पंड्या भी इसी तरह की भूमिका निभाते हैं और पहली पसंद बने हुए हैं। वहीं, कप्तान रोहित शर्मा ने यह बात पहले ही स्पष्ट कर दी है।

एक अनुभवी क्यूरेटर ने बताया वेस्टइंडीज की पिचें अब वैसी नहीं हैं जैसी 80 या 90 के दशक में हुआ करती थीं। अब वे धीमी हैं और कई बार गेंद रुककर भी आती है। मुझे यकीन है कि गेंदबाज, विशेषकर स्पिनर आईपीएल की तुलना में कहीं अधिक भूमिका निभाएंगे, विशेषकर टूर्नामेंट के दूसरे सप्ताह से। क्यूरेटर ने कहा भारत ने अपनी टीम में चार स्पिनरों को शामिल किया है। यह शायद वेस्टइंडीज की पिचों की प्रकृति के कारण था। इसलिए मुझे नहीं लगता कि हम वहां 250 का स्कोर देख पाएंगे। भारतीय स्पिनर जडेजा, कुलदीप और चहल में वो काबिलियत है कि वे अपने दम पर मैच को बदल सकते हैं, जो निर्णायक मुकाबलों भारत के लिए किसी चमत्कार से कम नहीं होगा।

अमेरिका में केवल फ्लोरिडा के पास हाई प्रोफाइल क्रिकेट मैचों की मेजबानी करने का पूर्व अनुभव है। न्यूयॉर्क और टेक्सास पहली बार इस खेल की मेजबानी की तैयारी कर रहे हैं।

वेस्टइंडीज में अंतर्राष्ट्रीय और फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने का अपार अनुभव रखने वाले ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने इससे सहमति व्यक्त की। वार्नर ने कहा कैरेबिया में पिचें सूखी होने के कारण गेंद खुरदरी हो जाएगी और स्पिन करने लगेगी। मैंने वहां काफी क्रिकेट खेला है और सीपीएल (कैरिबियाई प्रीमियर लीग) में भी खेला हूं। विकेट धीमे और कम उछाल वाले होते जाते हैं। जैसा कि कुछ आंकड़ों से पता चलेगा वेस्टइंडीज के स्टेडियम अलग तरह के हैं।

चोटों के बावजूद भारत सबसे मजबूत टीम : मोर्गन

लंदन। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान इयोन मोर्गन का मानना है कि भारत का प्रतिभा का भंडार और टीम के भीतर जबरदस्त गहराई उन्हें आगामी टी-20 विश्व कप जीतने का प्रबल दावेदार बनाती है। भारत लगभग उसी टीम के साथ उतर रहा है जो पिछले टी-20 विश्व कप में खेली थी। हालांकि युवा यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और संजू सैमसन जैसे खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है। मोर्गन ने कहा चोटों के बावजूद टूर्नामेंट में भारतीय टीम सबसे मजबूत है। उनकी मजबूती और गहराई शानदार है। वे मेरे लिए प्रबल दावेदार हैं, कागजों पर उनका स्तर। अगर वे मैदान पर भी ऐसा करते हैं तो मुझे लगता है कि वे टूर्नामेंट में किसी को भी आसानी से हरा सकते हैं। विकल्पों की अधिकता के कारण भारत शुभमन गिल और लोकेश राहुल जैसे खिलाड़ियों को भी टीम में शामिल नहीं कर पाया। अगर मैं टीम का चयन कर रहा होता तो एकमात्र फैसला जो अलग होता वह यह होता कि मैं यशस्वी जायसवाल पर शुभमन गिल को तरजीह देता। मैं उसके साथ खेला हूं, मुझे पता है कि वह कैसे सोचता है। मुझे पता है कि वह कैसे काम करता है। भारत लगभग हर टूर्नामेंट में प्रबल दावेदार के रूप में उतरता है लेकिन एक दशक से अधिक समय से उसने आईसीसी का कोई खिताब नहीं जीता है।



भारत-पाकिस्तान मैच देखने न्यूयॉर्क जा सकते हैं तेंदुलकर

नई दिल्ली। चैंपियन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर भारत और पाकिस्तान के बीच नौ जून को न्यूयॉर्क में होने वाले टी-20 विश्व कप के मुकाबले को देखने के लिए पहुंच सकते हैं। आईसीसी के करीबी सूत्रों ने बताया कि उसके प्रमुख प्रायोजकों में से एक ब्रांड से जुड़े तेंदुलकर न्यूयॉर्क के नासाउ क्रिकेट काउंटी मैदान पर यह मैच देखने जा सकते हैं। सूत्र ने बताया सब कुछ ठीक रहा तो सचिन न्यूयॉर्क में यह मैच देखेंगे और भारतीय टीम की हौसलाअफजाई भी करेंगे। यह नहीं पता है कि वह मैच से पहले खिलाड़ियों से मिलेंगे या नहीं लेकिन दर्शक दीर्घा में उनकी मौजूदगी ही रोहित शर्मा की टीम का मनोबल बढ़ाने के लिए काफी होगी। टेस्ट और वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक रन बना चुके तेंदुलकर ने 1992 से 2011 के बीच में 50 ओवरों के छह विश्व कप खेले हैं। वह 2015 वनडे विश्व कप में आईसीसी के ब्रांड दूत भी रह चुके हैं।

आईसीसी ने अमेरिका की मेजर लीग क्रिकेट को दिया लिस्ट-ए का दर्जा

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अमेरिका में टी-20 प्रारुप में खेले जाने वाले मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) को आधिकारिक लिस्ट-ए का दर्जा प्रदान किया। एमएलसी का दूसरा सत्र पांच जुलाई से शुरू होगा। इसका उद्देश्य खेल के सबसे बड़े बाजारों में से एक में इसकी लोकप्रियता को बढ़ावा देना है।

आईसीसी के इस कदम से एमएलसी को आधिकारिक टी-20 लीग और अमेरिका के पहले विश्व स्तरीय घरेलू टूर्नामेंट का दर्जा मिल गया। अमेरिका एक जून से 29 जून तक खेले जाने वाले टी-20 विश्व कप का सह-मेजबान है और एमएलसी का आयोजन विश्व कप के खत्म होने के एक सप्ताह के अंदर शुरू होगा। एमएलसी के मुताबिक अब हर शतक, अर्धशतक, रन-आउट, जीत, हार और चैंपियनशिप को खेल के अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रारूप में आधिकारिक करियर आंकड़ों के रूप में दर्ज किया जाएगा। इस लीग के पहले सत्र में 19 मैच खेले गए थे लेकिन एमएलसी के सीईओ विजय श्रीनिवासन ने हाल ही में कहा कि 2025 से इसमें 34 मुकाबले खेले जाएंगे।

बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलिया-ए से भिड़ेगा भारत-ए

मेलबर्न। भारत-ए इस साल के अंत में प्रतिष्ठित बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ दो प्रथम श्रेणी मैच खेलेगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने मंगलवार को यह घोषणा की। सीए ने कहा कि ये मुकाबले 31 अक्टूबर से तीन नवंबर तक मैकाय के ग्रेट बैरियर रीफ एरेना और सात से 10 नवंबर तक मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में खेले जाने हैं। इन अभ्यास मैचों से दोनों टीम के उभरते हुए खिलाड़ियों को टेस्ट टीम में जगह बनाने की दावेदारी पेश करने का मौका मिलेगा। सीए के क्रिकेट संचालन और कार्यक्रम प्रमुख पीटर रोच ने कहा नवीनीकृत ग्रेट बैरियर रीफ एरेना और एमसीजी में इन ए मैचों की मेजबानी इन 'ए' मैचों को महत्वपूर्ण दर्जा देती है और दोनों टीम के खिलाड़ियों को चयन के लिए दावा मजबूत करने का शानदार अवसर प्रदान करेगी।

नामीबिया, ओमान और कनाडा ने जीते अपने-अपने अभ्यास मैच

तरौबा/डलास, एजेंसी

अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में चार जून से शुरु होने जा रहे टी-20 विश्वकप 2024 के अभ्यास मैच के पहले दिन नामीबिया ने युगांडा, ओमान ने न्यू पापुआ गिनी और कनाडा ने नेपाल पर जीत दर्ज की।

नामीबिया ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी युगांडा की टीम ने रोजर मुकासा नाबाद (51) और रोबिन्सन ओबुआ की 38 रनों की शानदार पारियों के दम पर निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 138 रनों का स्कोर खड़ा किया था। जवाब में युगांडा की टीम 18.5ओवर में पांच विकेट पर 135 रन ही बना सकी। वहीं कनाडा बनाम नेपाल के अभ्यास मैच में कनाडा ने शानदार खेल मुजाहिरा करते हुए नेपाल को 63 रनों से हराया। कनाडा ने सात विकेट पर 183 रनों का स्कोर खडा किया। जवाब में नेपाल की पूरी टीम 19.3 ओवर में 120 रन पर ढ़ेर हो गई। तीसरा मैच पापुआ न्यू गिनी बनाम ओमान के बीच खेला गया। इस मुकाबले में ओमान ने पापुआ न्यू गिनी को तीन विकेट से हराया। पापुआ न्यू गिनी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 137 रनों का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में ओमान ने 19.1ओवर में सात विकेट पर 141 रन बनाकर तीन विकेट से मुकाबला जीत लिया।

छक्कों के मामले में अभिषेक चौकों के लिए हेड रहे अव्वल

नई दिल्ली, एजेंसी

आईपीएल 2024



आईपीएल 2024 में चौके और छक्कों के मामले में इस बार सनराइजर्स हैदराबाद के दो धाकड़ बल्लेबाज अभिषेक शर्मा 42 छक्कों तथा ट्रैविस हेड 64 चौकों के साथ अव्वल रहे।

छक्कों और चौकों की बात की जाये दूसरे नंबर पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के विराट कोहली और हेनरिक क्लासेन का नाम आता है। विराट इस बार 38 छक्के और 62 चौके जड़े हैं। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन ने भी 38 छक्के जड़े है। लखनऊ सुपर जायंट्स के निकोलस पूरन 36 छक्के के साथ तीसरे नंबर पर आते है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के रजत पाटीदार, कोलकाता नाइट राइडर्स के सुनील नारायण और राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग 33-33 छक्कों के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर है। सनराइजर्स हैदरबाद के ट्रैविस हेड 32 छक्के लगाकर पांचवें स्थान पर है। वहीं अगर चौकों की बात की जाये तो चेन्नई सुपर किंग्स के ऋतुराज गायकवाड़ 58 चौकों के साथ तीसरे स्थान रहे। चौथे नंबर पर है 54 चौकों के साथ राजस्थान रॉयल्स के यशस्वी जयसवाल है। केकेआर के सुनील नारायण और फिल साल्ट ने 50- 50 चौके जड़े। दोनों संयुक्त रूप से पांचवें पायदान पर हैं।

सऊदी प्रो लीग में क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने बनाया सर्वाधिक गोल का रिकॉर्ड

रियाद। दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी प्रो लीग फुटबॉल सत्र का अंत सर्वाधिक गोल के रिकॉर्ड के साथ किया। अल नासर की अल इतिहाद पर 4-2 की जीत के दौरान रोनाल्डो ने विजेता टीम की ओर से दो गोल दागे। इसके साथ ही लीग में उनके गोलों की संख्या 35 हो गई जो 2019 में बनाए अब्दररजाक हमदल्लाह के पिछले रिकॉर्ड से एक गोल अधिक है। अल नासर की टीम 82 अंक के साथ लीग में दूसरे स्थान पर रही। टीम स्थानीय दावेदार अल हिलाल से 14 अंक पीछे रही जिसने दो हफ्ते से भी अधिक समय शेष रहते चैंपियनशिप जीत ली थी और सोमवार को सत्र का अंत 34 दौर की लीग में अजेय रहते हुए किया। टीम ने अपने अंतिम लीग मैच में अल वेहदा को 2-1 से हराया। अल हिलाल की टीम नेमार की गैरमौजूदगी में भी विरोधी टीमों पर आसानी से दबदबा बनाने में सफल रही। नेमार पिछले साल अगस्त में पेरिस सेंट जर्मेन को छोड़कर इस टीम से जुड़े थे लेकिन अक्टूबर में एसीएल की चोट के कारण पूरे सत्र से बाहर हो गए।

वेतन न मिलने पर तीन महिला खिलाड़ियों ने छोड़ी अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम

ब्यूनस आयर्स। अर्जेन्टीना की तीन महिला खिलाड़ियों ने दो अंतर्राष्ट्रीय मैत्री मैचों से पहले शिविर में वेतन और परिस्थितियों को लेकर विवाद के बाद राष्ट्रीय टीम छोड़ दी। राष्ट्रीय टीम में नियमित तौर पर खेलने वाली गोलकीपर लॉरिना ओलिविरोस, डिफेंडर जूलिएटा क्रूज और मिडफील्डर लोरेना बेनिटेज ने अपने कदम की घोषणा की जबकि टीम ने शुक्रवार और तीन जून को कोस्टा रिका के खिलाफ मैत्री मैचों के लिए तैयारी शुरू कर दी है। क्रूज ने इंस्टाग्राम पर लिखा हम एक ऐसे बिंदू पर पहुंच गए हैं जहां हम अन्याय से थक गए हैं, हमें महत्व नहीं दिया जा रहा, हमारी बात नहीं सुनी जा रही और इससे भी बदतर, अपमानित किया जा रहा है। हमें अर्जेंटीना की महिला फुटबॉल राष्ट्रीय टीम में सुधार की जरूरत है और मैं केवल वित्त के बारे में बात नहीं कर रही। मैं ट्रेनिंग, दोपहर के भोजन, नाश्ते के बारे में बोल रही हूं। क्रूज और बेनिटेज ने कहा कि राष्ट्रीय टीम के ट्रेनिंग सत्र के दौरान उन्हें हैम (एक प्रकार का मांस), पनीर सैंडविच और केला मिला जो उनका मानना है कि उच्च प्रदर्शन वाले खिलाड़ियों के लिए अपर्याप्त है। अर्जेंटीना के फुटबॉल संघ ने उन्हें बताया कि उन्हें दो मैत्री मैचों के लिए भुगतान भी नहीं किया जाएगा क्योंकि खेल ब्यूनस आयर्स में घरेलू मैदान पर होंगे। बेनिटेज ने कहा कि खिलाड़ियों को भुगतान ना करने के अलावा उनके परिवार के सदस्यों से टिकटों के लिए 5,000 पेसो (पांच डॉलर) का शुल्क लिया जा रहा था और ऐसी लाखों चीजें हैं जिनसे हम गुजरे हैं।

खेल डायरी

भारत ने जीता द. एशियाई टेटे चैंपियनशिप का खिताब

नई दिल्ली। भारत की अंडर-19 लड़कियों की टीम और अंडर-15 लड़कों की टीम ने श्रीलंका की टीम को हराते हुए दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप के अपने खिताब का बचाव किया। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ ने बताया कि अंडर-19 लड़कियों की टीम ने मेजबान श्रीलंका को 3-0 से हराकर दक्षिण एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया है। भारतीय टीम ने इससे पहले सेमीफाइनल मुकाबले में नेपाल की टीम को 3-0 से हराया था। श्रीलंका के कैंडी में कल रात खेले गये मुकाबले में भारत की सयाली वानी ने श्रीलंका की बिमांडी बंडारा को, प्रिथा वर्तिकार ने तमादी कविंड्या को और तनीषा कोटेचा ने दिव्या धरणी को हराकर खिताब जीता। वहीं अंडर-15 वर्ग के फाइनल में भी भारत की दिव्यांशी बोमिक ने श्रीलंका की योशिनी जयवर्धने को हराया, इसके बाद सिंड्रेला दास ने शान्या मुथुली को हराया। अंडर-15 लड़कों के फाइनल में भारत के सार्थक आर्य ने अपने दोनों एकल मुकाबलों में जीत दर्ज की।

निशांत ने ओटगोंबाटार को दो मिनट में हराया

बैंकॉक। भारत के निशांत देव ने मंगोलिया के ओटगोंबाटार बियाम्बा अर्डेनेटो को महज दो मिनट में हराकर दूसरे मुक्केबाजी विश्व क्वालीफायर में 71 किलो के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि अबिनाश जामवाल हारकर बाहर हो गए। पिछले क्वालीफायर में मामूली अंतर से ओलंपिक कोटे से चूके देव ने पहले ही मिनट में अपने प्रतिद्वंद्वी पर घूंसों की बौछार कर दी। पहले दौर में 58 सेकेंड का खेल बाकी रहने पर ही रैफरी ने मुकाबला रोक दिया। इससे पहले जामवाल को 63 .5 किलो के मुकाबले में कोलंबिया के जोस मैनुअल वियाफारा फोरी ने हराया। जामवाल ने तीसरे और आखिरी दौर में शानदार प्रदर्शन करके अंकों के आधार पर बराबरी कर ली थी। नियमों के तहत इसके बाद जजों से प्रदर्शन के फिर आकलन के लिये कहा गया। सभी ने फोरी के पक्ष में वोट किया जो 5-0 से जीत गया।

नॉर्वे शतरंज में प्रज्ञानानंदा ने अलीरेजा को दी मात

स्टेवेंगर (नॉर्वे)। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने मंगलवार को यहां नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत करते हुए पहले दौर में आर्मागेडोन (सडन डेथ) बाजी में फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया। सामान्य टाइम कंट्रोल में आसान ड्रॉ के बाद प्रज्ञानानंदा को सफेद मोहरों से खेलते हुए 10 मिनट मिले जबकि अलीरेजा को सात लेकिन शर्त यह थी कि उन्हें जीत दर्ज करनी थी क्योंकि ड्रॉ होने पर काले मोहरों से खेलने वाले को अतिरिक्त अंक मिलते। प्रज्ञानानंदा ने इसके बाद शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने गत विश्व चैंपियन डिंग लिरेन से क्लासिकल बाजी 14 चाल में ड्रॉ खेलने के बाद 68 चाल में आर्मागेडोन बाजी ड्रॉ करके पलड़ा भारी रखा। हिकारू नाकामूरा ने आर्मागेडोन बाजी में हमवतन अमेरि की फाबियानो करूआना को हराया।

फ्रेंच ओपन में हार के बाद कोर्नेट लिया संन्यास

पेरिस। फ्रांस की महिला टेनिस खिलाड़ी एलिजे कार्नेट ने फ्रेंच ओपन के पहले दौर में सातवीं वरीयता प्राप्त झेंग क्विनवेन से हार के बाद संन्यास ले लिया है। आज खेले गए मुकाबले में कार्नेट को चीन की क्विनवेन ने 6-2, 6-1 से हराया। फ्रांसीसी खिलाड़ी कॉर्नेट को टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला था। उन्होंने पहले ही घोषणा कर दी थी कि यह उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा। कार्नेट ने अपने टेनिस करियर में 69 ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट खेले है। मैच के बाद आयोजित समारोह में कोर्नेट ने परिवार और प्रशंसकों का समर्थन के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा आपने मुझे अविश्वसनीय भावनाओं से ओतप्रोत किया है। यह विश्वास करना मुश्किल है कि ऐसा मैं आखिरी बार महसूस कर रही हूं। कार्नेट के नाम पर लगातार 69 ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट खेलने का महिला रिकॉर्ड दर्ज है। उन्होंने 2007 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन से लेकर इस साल फ्रेंच ओपन तक प्रत्येक ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में हिस्सा लिया। वह हालांकि कभी क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाई।

बॉलीवुड हलचल

अमेजन पर आएगी अनन्या की वेब सीरीज कॉल मी बे

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडेय की वेब सीरीज कॉल मी बे ओटीटी प्लेटफार्म अमेजन प्राइम वीडियो पर 6 सितंबर को रिलीज होगी। अनन्या अपना वेब सीरीज डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। अनन्या कॉल मी बे सीरीज में दिखाई देने वाली हैं, जिसकी अनाउंसमेंट बीते साल हुई थी। धर्माटिक प्रोडक्शन ने एक पोस्टर शेयर कर इस सीरीज को लेकर अपडेट दिया है। धर्माटिक प्रोडक्शन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर कॉल मी बे का एक पोस्टर शेयर किया है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए इसके कैप्शन में लिखा गया है कि हम अपने खास को, हर किसी का खास बनने के लिए बहुत उत्साहित हैं। करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमेन मिश्रा द्वारा निर्मित और कॉलिन डी कुन्हा द्वारा निर्देशित ''कॉल मी बे'' धर्माटिक एंटरटेनमेंट का प्रोडक्शन है। यह सीरीज इसी साल 6 सितंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजॉन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है। अनन्या पांडे के अलावा इस सीरीज में वीर दास, गुरफतेह परिजादा, वरुण सूद, विहान समत, मुस्कान जाफरी समेत कई स्टार्स दिखाई देने वाले हैं।

14 जून को ओटीटी पर रिलीज होगी महाराज

मुंबई। बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान के पुत्र जुनैद खान की डेब्यू फिल्म महाराज ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 14 जून को रिलीज हो सकती है। आमिर खान के लाडले जुनैद खान फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह फिल्म महाराज में दिखाई देने वाले हैं। जुनैद ने बीते साल ही वाईआरएफ की फिल्म महाराज की शूटिंग पूरी कर ली थी। कहा जा रहा है कि यह फिल्म सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी पर दस्तक देने वाली है। जुनैद खान की डेब्यू फिल्म का ट्रेलर अगले महीने 5 जून को रिलीज हो सकता है। इस फिल्म में जुनैद खान के साथ जयदीप अहलावत, शरवरी वाघ और शालिनी पांडे भी मुख्य भूमिका में दिखाई देने वाली हैं। महाराज सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर 14 जून, 2024 को रिलीज हो सकती है।

सिंगापुर ओपन के राउंड ऑफ 32 में हारे सात्विक-चिराग

कल्लांग, एजेंसी

भारत स्टार और दुनिया की नंबर वन चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी को मंगलवार को सिंगापुर बैडमिंटन ओपन 2024 बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 टूर्नामेंट के शुरुआती दौर में हार का सामना करना पड़ा। दुनिया के नंबर वन बैडमिंटन जोड़ी चिराग और सात्विक, डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड की 34वीं रैंकिंग वाली डेनमार्क जोडी से 47 मिनट चले मुकाबले में 20-22, 18-21 से हार गई।

फ्रेंच और थाईलैंड ओपन जीतने के बाद साल के अपने तीसरे खिताब की तलाश में उतरे चिराग-सात्विक ने धीमी शुरुआत की और 4-9 से पिछड़ गए। हालांकि, भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने इसके बाद कुछ अंक ज़रूर जुटाए लेकिन करीबी गेम में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। दूसरे गेम में भी दोनों टीमें एक समय 16-16 की बराबरी पर थीं, लेकिन अंत में लुंडगार्ड और वेस्टरगार्ड ने मैच को जीत कर अगले राउंड में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली।

दूसरे दौर में डेनमार्क के खिलाड़ियों का मुकाबला चीन के हे जी टिंग और रेन जियांग यू से होगा। वहीं महिला एकल वर्ग में भारतीय शटलर आकर्षी कश्यप को राउंड ऑफ 32 में निराशा हाथ लगी। विश्व रैंकिंग की 41 नंबर की भारतीय खिलाड़ी को थाईलैंड की पोर्नपिचा चोईकीवोंग से 19-21, 20-21 से हार हार का सामना करना पड़ा। इसके अलावा पुरुष एकल में प्रियांशु राजावत भी प्रतियोगिता के अगले राउंड में जगह नहीं बना सके। भारतीय शटलर को हांगकांग के ली चेऊक यू से शिकस्त मिली। वहीं, पीवी सिंधु, किदांबी श्रीकांत, लक्ष्य सेन और एचएस प्रणॉय बुधवार से अपना अभियान शुरू करेंगे।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

पुलिस ने भेष बदलकर मारा पब-बार पर छापा

पुणे कार दुर्घटना

- सहायक पुलिस आयुक्त और पुलिस उपायुक्त पहुंचे ग्राहक बनकर
- नियमों के उल्लंघन पर पब और क्लबों के प्रबंधन को जारी किए जाएंगे नोटिस

नागपुर, एजेंसी

पुणे कार दुर्घटना के मद्देनजर महाराष्ट्र के नागपुर में पुलिस अधिकारियों ने पहचान छिपाकर शहर में नियमों का उल्लंघन करने वाले पब और बार पर छापा मारा।

एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि नागपुर पुलिस की विशेष टीम ने पब, बार और क्लब पर छापा मारा और महाराष्ट्र निषेध अधिनियम के नियमों का उल्लंघन करने वालों का पता लगाया। पुलिस आयुक्त डॉ. रविंदर सिंघल ने बताया कि अधिकारियों के निष्कर्षों के आधार पर एक विस्तृत रिपोर्ट दर्ज होगी और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम के तहत उल्लंघन के लिए पब और क्लबों के प्रबंधन को नोटिस जारी किये जाएंगे। अन्य अधिकारी ने बताया कि सहायक पुलिस आयुक्त और पुलिस उपायुक्त सहित कम से कम 13 वरिष्ठ अधिकारी ग्राहक बनकर पब में गए और निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मियों ने रविवार रात कुल 13 जगहों पर छापा मारा और कई स्थानों पर भीड़भाड़ और कम उम्र के ग्राहकों को शराब परोसने जैसे नियमों का उल्लंघन होते हुए पाया। अधिकारी ने बताया कि पब के कुछ हिस्सों को निगरानी मुक्त रखने के लिए कुछ स्थानों पर बेहद चालाकी से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। उन्होंने बताया कि कानून के मुताबिक, जिन पब या फिर बार में शराब परोसी जाती है वहां मार्शल को तैनात करना जरूरी होता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ग्राहक शराब पीकर गाड़ी न चलाएं लेकिन कोई भी पब और बार इस नियम का पालन करते हुए नहीं पाया गया।

रक्त के नमूने को बदलने का विचार चिकित्सकों का: पुलिस

पुणे। पोर्श कार दुर्घटना में शामिल नाबालिग के पिता और ससून राजकीय अस्पताल के डॉ. अजय तावड़े दुर्घटना के बाद से लगातार संपर्क में थे। पुलिस ने मंगलवार को दावा किया। पुलिस के मुताबिक सरकारी चिकित्सक ने सबसे पहले विचार व्यक्त किया कि रक्त के नमूनों की अदला-बदली की जा सकती है। किशोर के पिता एवं रियल एस्टेट कारोबारी विशाल अग्रवाल और डॉ. तावड़े को 19 मई की दुर्घटना के बाद संबंधित मामलों में गिरफ्तार किया गया है। इस हादसे में दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी जबकि हादसे के समय लग्जरी कार चला रहे 17 वर्षीय किशोर ने कथित तौर पर शराब पी रखी थी और उसने अपनी कार से बाइक को टक्कर मार दी थी। अधिकारी ने बताया था कि मामले में पुलिस ने सरकारी अस्पताल के फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. अजय तावड़े और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीहरि हलनोर को खून के नमूने में बदलाव करने और सबूत को नष्ट करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

चालक के अपहरण में नाबालिग का पिता पुलिस हिरासत में

पुणे। पुणे की अदालत ने मंगलवार को पोर्श कार दुर्घटना में शामिल किशोर के पिता को परिवार के चालक के कथित अपहरण और बंधक बनाने के मामले में 31 मई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। कोर्ट ने इसी मामले में आरोपी किशोर के दादा की पुलिस हिरासत भी 31 मई तक बढ़ा दी। दोनों आरोपियों को न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) एए पांडे के समक्ष पेश किया गया। पुणे शहर के कल्याणी नगर इलाके में 19 मई की सुबह कथित तौर पर नाबालिग द्वारा चलाई जा रही तेज रफ्तार पोर्श कार की चपेट में आने से दो आईटी पेशेवरों की मौत हो गई थी।

बांग्लादेश सांसद हत्याकांड

कोलकाता में फ्लैट के सेप्टिक टैंक से मिले मांस और बाल के नमूने

कोलकाता। प. बंगाल की सीआईडी ने मंगलवार को दावा किया कि उन्हें कोलकाता के पास न्यू टाउन इलाके में एक फ्लैट के सेप्टिक टैंक से मांस के टुकड़े और बाल मिले हैं। संदेह है कि फ्लैट में ही बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या हुई थी। पुलिस ने सांसद के शव को टुकड़ों में काटने के आरोपी को गिरफ्तार करने का दावा किया है। आरोपी ने बांग्लादेशी सांसद के शरीर को 80 टुकड़ों में काटा और उन्हें हल्दी के साथ मिलाकर न्यू टाउन के आसपास एक नहर सहित कई स्थानों पर फेंक दिया। अधिकारी ने बताया कि सेप्टिक टैंक से करीब 3.5 किग्रा मांस और कुछ बाल बरामद हुए हैं। इनकी फोरेंसिक जांच की जाएगी ताकि यह पता लगाया जा सके कि ये अनार की हैं या नहीं। पुलिस ने ये मानकर जांच की कि हत्या के बाद सांसद का खून शौचालय के रास्ते बहाया गया होगा और टीम ने नाली के पाइप और सेप्टिक टैंक की जांच की।

भारत दे रहा महंगी बीमारियों का सस्ता इलाज

भारत को फार्मा की राजधानी कहा जाता है और यह सस्ते चिकित्सा उपायों की उपलब्धता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। भारत कई महंगी कैंसर की दवाओं का उत्पादन करता है और उन्हें विदेशी बाजारों में सस्ती कीमत पर बेचता है। भारतीय फार्मास्युटिकल कंपनियां जेनरिक दवाओं का उत्पादन करती हैं, जो ब्रांडेड दवाओं की तुलना में काफी सस्ती होती हैं। आइए जानते हैं कुछ प्रमुख महंगी कैंसर की दवाओं और उनके जेनरिक संस्करणों के बारे में....

भारत सबसे बड़ा जेनेरिक का उत्पादक

भारत 20% वैश्विक जेनेरिक दवाओं का उत्पादन करता है, जिससे यह दुनिया का सबसे बड़ा जेनेरिक दवाओं का निर्यातक बन गया है। ब्रांडेड दवाओं की तुलना में जेनेरिक दवाएं 30-80% तक सस्ती होती हैं।

देश में निर्मित कैंसर की दवाएं

- **ग्लिवेक :** नोवार्टिस द्वारा निर्मित भारतीय जनरिक निर्माता : सिप्ला, डॉक्टर रेड्डीज, सन फार्मा, और लुपिन सोरेलिक
- **नेक्सावर :** बायर द्वारा निर्मित, भारतीय जनरिक निर्माता : सिप्ला, ग्लेनमार्क, और डॉक्टर रेड्डीज, ट्रास्टुज़ुमैब
- **हेरसेप्टिन :** रोश द्वारा निर्मित, भारतीय जनरिक निर्माता : बायोकॉन,
- **बेवासिजुमैब अवास्टिन :** रोश द्वारा निर्मित, भारतीय जनरिक निर्माता बायोकॉन, सिप्ला लेनालिडोमाइड
- **रेवलेमिड :** सेल्जीन द्वारा निर्मित, भारतीय जनरिक निर्माता : नेटको फार्मा, हेटेरो एर्बिटुक्स

स्रोत और आंकड़े

- **भारतीय फार्मास्युटिकल एलायंस :** यह संगठन भारत में फार्मा उद्योग के विकास और नवाचार को प्रोत्साहित करता है।
- **विश्व स्वास्थ्य संगठन :** भारत जेनेरिक दवाओं के सबसे बड़े निर्यातकों में से एक है। विभिन्न फार्मा मैगजीन और रिपोर्ट्स में भारत के फार्मा उद्योग और सस्ते चिकित्सा उपायों के बारे में विस्तृत जानकारी मिलती है। इन सबके माध्यम से भारत दुनिया भर के लोगों को सस्ती चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने में भूमिका निभा रहा है।

एक नजर

श्रद्धा वालकर हत्याकांड में पूरक आरोपपत्र दाखिल

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर की हत्या करने और उसके शव के टुकड़े-टुकड़े करने के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला के खिलाफ और अधिक डिजिटल तथा फॉरेंसिक सबूतों के साथ एक पूरक आरोपपत्र दाखिल किया है। अदालत के सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट अविरल शुक्ला के समक्ष करीब 3,000 पृष्ठों का आरोपपत्र दाखिल किया गया। पूनावाला ने मई 2022 में राष्ट्रीय राजधानी के महरौली में वालकर की कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी थी और उसके शव के टुकड़े-टुकड़े कर उन्हें शहर के अलग-अलग इलाकों में फेंक दिया था।

तीन खनिक अवैध खदान में तीसरे दिन भी फंसे रहे

डिब्रूगढ़ (असम)। असम के तिनसुकिया जिले में अवैध खदान में तीन खनिक तीसरे दिन मंगलवार को भी फंसे रहे और उन्हें बचाने के प्रयास जारी हैं। तिनसुकिया के आयुक्त स्वप्निल पॉल ने कहा कि अधिकारियों के अलावा, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ खनिकों का पता लगाने के लिए खोज और बचाव के अभियान में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि तीन कोयला खनिक अब भी लापता हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की एक-एक टीम और स्थानीय बचाव कर्मी लापता खनिकों का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।

बाकिर कालीबाफ फिर बने ईरान की संसद के अध्यक्ष

दुबई। ईरान की संसद ने मंगलवार को एक बार फिर मोहम्मद बाकिर कालीबाफ को अध्यक्ष चुना। संसद में कुल 287 सांसदों ने मतदान किया, जिनमें से 198 ने कालीबाफ को पद पर बरकरार रखने के पक्ष में वोट दिया। कालीबाफ 2021 में संसद के अध्यक्ष चुने गए थे। राष्ट्रपति चुनावों में मिली असफलताओं के बाद वह संसद के अध्यक्ष बने थे। इससे पहले वह ईरान की राजधानी तेहरान के मुखिया थे। कालीबाफ को 1999 में रिवॉल्यूशनरी गार्ड का जनरल रहते हुए ईरानी विश्वविद्यालय के छात्रों के खिलाफ हिंसक कार्रवाई का समर्थन करने के लिए जाना जाता है।

अमेरिका में आए तूफान से 22 लोगों की मौत

ह्यूस्टन (अमेरिका)। मध्य और दक्षिणी अमेरिका में गत सप्ताहांत में एक के बाद एक आए शक्तिशाली तूफानों में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गयी, बड़ी संख्या में मकान एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठान पूरी तरह से तबाह हो गये और बिजली आपूर्ति ठप हो गई। टेक्सास, ओक्लाहोमा, अर्कांसस और केंटकी में विनाशकारी तूफानों के कारण लोगों ने अपनी जान गंवाई। दक्षिण टेक्सास से फ्लोरिडा तक तेज गर्मी और लू ने नया रिकॉर्ड बनाया। मौसम वैज्ञानिकों ने पूर्वानुमान जताया है कि सोमवार के बाद ईस्ट कोस्ट में मौसम खराब हो सकता है और छुट्टियां मनाने गए लोगों से वहां से लौटने की सलाह दी गई है।

वीजा दुरुपयोग पर 8 भारतीय श्रीलंका की हिरासत में

कोलंबो। श्रीलंका के आव्रजन अधिकारियों ने द्वीप राष्ट्र में सूचना प्रौद्योगिकी व्यवसाय संचालित कर पर्यटक वीजा का दुरुपयोग के आरोप में एक महिला सहित आठ भारतीयों को हिरासत में लिया है। इन व्यक्तियों को हाल ही में आव्रजन एवं उत्प्रवासन विभाग के अधिकारियों ने सिनामन गार्डन के पॉश आवासीय क्षेत्र में एक घर पर छापेमारी के दौरान पकड़ा था जहां वे सूचना प्रौद्योगिकी व्यवसाय संचालित करते पाए गए थे। हिरासत में लिए गए सभी व्यक्तियों के पास पर्यटक वीजा था। एक व्यक्ति वीजा अवधि से अधिक समय तक रुका था। उन्होंने कहा कि कागजी कार्रवाई के बाद हिरासत में लिए गए एक महिला समेत आठ लोगों को स्वदेश भेज दिया जाएगा।

स्पेन, नॉर्वे और आयरलैंड ने फिलिस्तीन को दी मान्यता

इजराइल ने की आलोचना, कहा- कार्रवाई पर नहीं पड़ेगा इसका कोई असर

बार्सिलोना, एजेंसी

- यूरोपीय संघ के इजराइल के साथ बढ़ते मतभेद के बीच लिया गया फैसला
- इजराइल पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने का विचार करने के लिए आयरलैंड ने कहा

यूरोपीय संघ के इजराइल के साथ बढ़ते मतभेद के बीच स्पेन, नॉर्वे और आयरलैंड ने मंगलवार को फिलिस्तीन को आधिकारिक रूप से राष्ट्र की मान्यता दी। संघ में शामिल देश इजराइल पर गाजा में हमले रोकने के लिए दबाव बना रहे हैं। दर्जनों देशों ने फिलिस्तीन को मान्यता दी है लेकिन किसी बड़े पश्चिमी देश ने ऐसा नहीं किया है। वहीं, इजराइल ने इस कदम की आलोचना की और कहा, गाजा में आक्रामक कार्रवाई पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने मैड्रिड में प्रधानमंत्री आवास के द्वार पर खड़े होकर कहा कि यह एक ऐतिहासिक फैसला है जिसका एकमात्र लक्ष्य इजराइल और फिलिस्तीन के लोगों को शांति स्थापित करने में मदद करना है। इजराइल के विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने 'एक्स' पर किए पोस्ट में स्पेन पर हमला बोला और कहा कि सांचेज की सरकार यहूदियों के खिलाफ नरसंहार को भड़काने और युद्ध अपराधों में शामिल हो रही है। स्पेन की तर्ज पर आयरलैंड और नॉर्वे ने भी फिलिस्तीन को मान्यता देने की घोषणा की। आयरलैंड की राजधानी डबलिन में संसद के बाहर फिलिस्तीनी झंडा लहराया गया। मंत्रिमंडल की बैठक से पहले आयरलैंड के प्रधानमंत्री सिमोन हैरिस ने कहा कि मुझे लगता है कि यह दुनिया को एक संकेत भेजता है कि द्विराष्ट्र समाधान की उम्मीद बनाए रखने और इसे साकार करने में मदद के लिए एक देश के रूप में आप कुछ व्यावहारिक कदम उठा सकते हैं, जबकि कुछ अन्य लोग दुखद रूप से इसे भुला रहे हैं।

नॉर्वे के विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ ईदे ने कहा कि 30 से अधिक वर्षों से, नॉर्वे फिलिस्तीनी के प्रबल समर्थकों में से एक है। जब नॉर्वे ने फिलिस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में मान्यता दी है, तो यह नॉर्वे और फलस्तीन के संबंधों में एक मील का पत्थर है। 140 देशों ने फिलिस्तीन को राष्ट्र की मान्यता दी है, लेकिन पश्चिम के किसी प्रमुख देश ने ऐसा नहीं किया है। तीन यूरोपीय देशों का मान्यता देना फिलिस्तीनी के लिए जनमत बनाने का संकेत साबित हो सकता है और यूरोपीय संघ के देश जैसे फ्रांस और जर्मनी को भी अपने रुख पर पुनर्विचार करने का दबाव बन सकता है। आयरलैंड के नेता हैरिस ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया कि यूरोपीय संघ को इजराइल पर आर्थिक प्रतिबंध लगाने पर विचार करना चाहिए। स्पेन का कहना है कि राफा में हमलों के लिए इजराइल पर प्रतिबंध लगना चाहिए। इजराइली विदेश मंत्री इजराइल काट्ज ने स्पेन से कहा है कि यरूशलम में उसके वाणिज्य दूतावास को फिलिस्तीनियों की मदद करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

बंदूकधारियों के हमले में सात की मौत, 150 लोगों का अपहरण

अबुजा। नाइजीरिया के मध्य नाइजर प्रांत में एक समुदाय पर बंदूकधारियों के हमले में चार स्थानीय सुरक्षा कर्मियों सहित कम से कम सात लोग मारे गए। नाइजीरियाई मीडिया के अनुसार मुन्या सरकारी क्षेत्र के कुची समुदाय में हुई घटना के दौरान भारी हथियारों से लैस बंदूकधारियों ने 150 से अधिक निवासियों का अपहरण कर लिया था। ब्लूप्रिंट समाचार पत्र ने मुन्या सरकारी क्षेत्र के प्रमुख अमीनू नाजूम ने बताया कि बंदूकधारियों ने भारी बारिश के दौरान समुदाय पर धावा बोल दिया और घर-घर जाकर लोगों को अगवा किया। भागने का प्रयास करने वाले तीन ग्रामीणों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मुठभेड़ में सरकार समर्थित सुरक्षा टास्क फोर्स के चार सदस्य भी मारे गए। उन्होंने मुन्या पर हो रहे हमलों पर दुख व्यक्त किया और सरकार से निवासियों को आतंकित करने वाले डाकुओं के खिलाफ सुरक्षा प्रयासों को मजबूत करने का आग्रह किया। पुलिस ने अभी तक नवीनतम घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

- नाइजीरिया के मध्य नाइजर प्रांत में हुआ हमला

इजराइल के साथ युद्धविराम को लेकर नहीं होगी बातचीत: हमास

गाजा, एजेंसी

- इजराइली के राफा में विस्थापितों के टेंटों को निशाना बनाने के जवाब में लिया फैसला

हमास ने कहा है कि रविवार की रात दक्षिणी गाजा शहर राफा पर इजराइल के हमले के बाद वह गाजा पट्टी में युद्धविराम या कैदी विनिमय समझौते के लिए किसी भी बातचीत में भाग नहीं लेगा। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक हमास ने यह निर्णय इजराइली सेना द्वारा राफा के उत्तर-पश्चिम में विस्थापित नागरिकों के टेंटों को निशाना बनाने के जवाब में लिया है, जिसमें 10 से अधिक लोग मारे गए और घायल हो गए।

सूत्रों ने कहा कि हमास को बातचीत फिर से शुरू करने के संबंध में मिस्र या कतर में मध्यस्थों से कोई आधिकारिक अधिसूचना नहीं मिली है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक राफा शहर के पास विस्थापित लोगों के तंबुओं पर इजराइली हवाई हमलों में बच्चों और महिलाओं सहित कम से कम 45 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। हमास के वरिष्ठ अधिकारी ओसामा हमदान ने सोमवार को बेरूत में कहा कि मध्यस्थों को प्रस्तुत की गई हमारी शर्तों को छोड़कर इजराइल को कभी उसके नागरिक वापिस नहीं मिलेंगे। स्थायी युद्धविराम सहित किसी समझौते पर पहुंचने के लिए हमास की शर्तें पहले जैसी ही रहेंगी।

इजराइली हमले में 37 की मौत

दीर अल बलाह। इजराइल ने गाजा के राफा शहर पर हमले किए हैं, जिसमें कम से कम 37 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई है। फिलिस्तीनी नागरिक सुरक्षा और फिलिस्तीनी रेड क्रीसेंट ने यह जानकारी दी। दोनों के मुताबिक, रात में किए हमलों में उत्तर पश्चिम राफा के तेल अल-सुल्तान इलाके में 37 लोगों की मौत हो गई। इजराइल का कहना है कि वह गाजा-मिस्र सीमा के पास पूर्वी राफा में सीमित अभियान चला रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि राफा के पश्चिमी हिस्सों में रातभर बमबारी हुई है।

राफा में हल्के बम का प्रयोग, आग अन्य विस्फोट से लगी: इजराइली सेना

दीर अल-बलाह (गाजा पट्टी)। इजराइली सेना ने कहा है कि दक्षिणी गाजा के राफा शहर के शिविर में घातक आग लगने की घटना की प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आग हवाई हमले में इस्तेमाल बम से नहीं, बल्कि अन्य विस्फोट से लगी थी। सेना के मुख्य प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने मंगलवार को कहा कि हमास के दो उग्रवादियों के ठिकाने पर केवल 17 किग्रा का बम दागा गया था। इतने छोटे बम से आग लगने की आशंका नहीं है और सेना इसकी पड़ताल कर रही है कि संबंधित क्षेत्र में हथियार एवं गोला-बारूद का भंडार रखा था। फिलिस्तीनी अधिकारियों के अनुसार, रविवार को हमले में 45 लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। इस हमले को लेकर इजराइल के करीबी सहयोगियों सहित व्यापक तौर पर आक्रोश देखा गया। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसे दुखद हादसा बताया।

संदेशखालि: शेख के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीबीआई ने ईडी की टीम पर हमले के संबंध में की कार्रवाई

सीबीआई ने पांच जनवरी को संदेशखालि में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर भीड़ के किए हमले के संबंध में निलंबित टीएमसी नेता शाहजहां शेख, उसके भाई और पांच पर आपराधिक साजिश और हत्या के प्रयास का आरोप लगाया है।

अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि मामले में एजेंसी का पहला आरोपपत्र सोमवार को बशीरहाट विशेष अदालत के समक्ष दायर किया गया। पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में शेख के घर पर छापेमारी करने गई ईडी की टीम पर 1,000 लोगों की भीड़ ने हमला किया था। टीम शेख को गिरफ्तार करने भी गई थी क्योंकि घोटाले में जांच के घेरे में आए, गिरफ्तार पूर्व राज्य खाद्य मंत्री ज्योति प्रिय मलिक के साथ उसके कथित संबंध थे। आरोप पत्र में सात लोगों के नाम हैं, जिनमें शेख, उसका भाई आलमगीर और सहयोगी जियाउद्दीन मुल्ला, मफुजर मुल्ला और दीदारबख्श मुल्ला शामिल हैं। सीबीआई ने आरोपियों पर आपराधिक साजिश और हत्या का प्रयास के अलावा दंगा समेत कई आरोप लगाए हैं।

इन्हें भी चाहिए गर्मी से राहत

ज्येष्ठ की तपती गर्मी ने सभी को बेहाल कर रखा है। सभी इससे राहत पाने के लिए कई प्रकार के उपाय कर रहे हैं। वहीं कुल लोग इस गर्मी में पशुओं को राहत पहुंचाने के लिए कई उपाय कर रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को नई दिल्ली के राष्ट्रीय प्राणी उद्यान में गर्मी से हाथी को निजात दिलाने की कोशिश करता चिड़ियाघर संचालक। जो हाथी को पानी के बौछार से राहत पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। ● एजेंसी

भारतीय पर्वतारोही ने एक ही सत्र में एवरेस्ट और ल्होत्से को किया फतह

काठमांडू, एजेंसी

भारतीय पर्वतारोही सत्यदीप गुप्ता

भारतीय पर्वतारोही सत्यदीप गुप्ता एक ही सत्र में दो बार माउंट एवरेस्ट और माउंट ल्होत्से को फहत करने वाले पहले व्यक्ति बन गए हैं। वह 11 घंटे 15 मिनट में दोनों चोटियों पर चढ़ने वाले पहले भारतीय हैं।

पर्वातारोहण का आयोजन करने वाले पायनियर एडवेंचर एक्सपीडिशन के मुताबिक गुप्ता ने सोमवार दोपहर में 8,516 मीटर ऊंचे माउंट ल्होत्से और देर रात 12:45 बजे 8,849 मीटर ऊंचे माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की। यह पहली उपलब्धि है जब एक ही सत्र में दुनिया की सबसे ऊंची और चौथी सबसे ऊंची चोटियों पर किसी ने दो बार चढ़ाई की है। उन्होंने एवरेस्ट से ल्होत्से की चढ़ाई 11 घंटे 15 मिनट में करने वाला पहला भारतीय बनकर कीर्तिमान स्थापित किया है। गुप्ता के साथ पर्वतारोही गाइड पेस्टेम्बा शेरपा और नीमा उंगडी शेरपा भी थे। गुप्ता ने इससे पहले 21 मई को एवरेस्ट और 22 मई को ल्होत्से की चढ़ाई की थी।

खगोलशास्त्र | हमारे सौर मंडल के नौवें ग्रह के अस्तित्व के साक्ष्य मिले

पृथ्वी से चार गुना विशाल है यह रहस्यमय ग्रह

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : रहस्यमय ढंग से छिपे हमारे सौर मंडल के नौवे ग्रह की मौजूदगी के साक्ष्य खगोल वैज्ञानियों ने खोज निकाले हैं। इस ग्रह के अस्तित्व के सबूत क्षुद्रग्रहों से मिले हैं, जो नौवे ग्रह के गुरुत्वाकर्षण से बंधे हैं। खगोलविदों को उम्मीद है कि इसे जल्द खोज लिया जाएगा।

प्रथम दृष्टया प्लैनेट 9 नेप्च्यून के आकार का है, जो हमारे सौर मंडल के बाहरी इलाके में छिपा हुआ है। कैलटेक यूनिवर्सिटी और साउथवेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने शोध के जरिए साक्ष्य जुटाए हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार ग्रह 9 के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव के कारण नेपच्यून से परे छोटे पिंडों का एक समूह एक साथ जुड़ जाता है। ये सुदूर सौर मंडल के पिंड क्षुद्रग्रह बेल्ट के चट्टानी पत्थर अपनी कक्षा में प्लैनेट 9 के गुरुत्वाकर्षण प्रभाव के कारण समान रूप से फैले हुए नहीं हैं। ज्ञातब्य हो कि इसी तरह आठवें ग्रह नेपच्यून की खोज की गई थी।

नेपच्यून यूरेनस की कक्षा में घूम था। गणितीय आधार पर नेप्च्यून की खोज हुई थी। हैरानी की बात है कि इसकी मौजूदगी का पता चलने के सौ साल बाद इसे देखा गया। प्लैनेट 9 भी इसी तरह खोजा जा सकता है। इसके नजदीकी क्षुद्रग्रहों की गति व कक्षा की निगरानी शुरू करने की तैयारी हो रही है। संभव है कि यहीं से प्लैनेट 9 की पुष्टि हो सकेगी। शोधकर्ताओं के अनुसार यह ग्रह पांच पृथ्वियों के आकार का होगा (नेप्च्यून के बराबर) और पृथ्वी की तुलना में सूर्य से 400 से 800 गुना अधिक दूर होगा। इस खोज को एस्ट्रोफिजिकल जर्नल लेटर्स ने प्रकाशन के लिए पेपर स्वीकार कर लिया है।

इस तरह का हो सकता है नौवां ग्रह। (काल्पनिक चित्र)

रुबिन वेधशाला टेलेस्कोप से होगी खोज

वेरा रुबिन वेधशाला दूरबीन नौवें ग्रह की खोज में लगाई जाएगी। इस दूरबीन को अगले वर्ष स्थापित किया जाएगा। इस दूरबीन को खासकर हमारे सौर मंडल के छोटे ब्लैक होल की खोज के लिए ईजाद किया जा रहा है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि प्लैनेट 9 की खोज में यह दूरबीन कारगर साबित होगी। प्लैनेट 9 के अस्तित्व को लेकर लंबे समय से वैज्ञानिकों के बीच चर्चा होते रही हैं। इस ग्रह को प्लैनेट एक्स नाम भी दिया गया है। इसे सौर मंडल का बेहद रहस्यमय ग्रह माना जाता है।

विमान में बम रखने की धमकी, यात्रियों को इमरजेंसी गेट से बाहर निकाला

नई दिल्ली, एजेंसी

- दिल्ली से वाराणसी के लिए उड़ान भरने को तैयार विमान में बम होने की सूचना अफवाह निकली

बम की धमकी पर वाराणसी जाने वाले इंडिगो विमान के आपातकालीन द्वार से निकाले जा रहे यात्री।

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से मंगलवार सुबह वाराणसी के लिए उड़ान भरने को तैयार इंडिगो के विमान में बम की धमकी पर ली गई तलाशी के बाद यह सूचना अफवाह निकली।

अधिकारियों ने बताया कि चालक दल के सभी कर्मियों और 176 यात्रियों को विमान के आपातकालीन द्वारों से निकाल तलाशी ली गई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में ये देखा जा सकता है कि पायलट आपातकालीन 'स्लाइड' से विमान से बाहर आ रहा है। एक अन्य वीडियो में, बुजुर्ग यात्री को चालक दल के एक सदस्य की मदद से विमान से आपातकालीन द्वार के जरिये बाहर आते देखा जा सकता है। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सुबह पांच बजे, वाराणसी के लिए उड़ान भरने वाले इंडिगो के विमान के शौचालय में मिले कागज पर लिखा था बम-सुबह साढ़े पांच बजे। विमान की गहन तलाशी ली गई। इसमें कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। अधिकारियों ने बताया कि जब विमान (6ई2211) को रवाना करने की तैयारी हो रही थी तभी पायलट को शौचालय में यह कागज का टुकड़ा मिला।,

सभी प्रोटोकॉल का पालन किया : इंडिगो प्रवक्ता

इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन किया गया और हवाई अड्डा सुरक्षा एजेंसियों के दिशानिर्देशों के अनुसार विमान को हवाई अड्डे के एक दूरस्थ स्थान पर ले जाया गया। सभी यात्रियों को आपातकालीन निकास द्वार के जरिए विमान से सुरक्षित बाहर निकाला गया। वाराणसी के लिए उड़ान पूर्वाह्न 11 बजकर 10 मिनट पर रवाना हुई। हमें यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद है।